संसेक्स 72,026.15 ▲ +178.58
डॉलर 83.136 ▼ -0.130

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21.0 | 12.0 | 15.0 |
| धनबाद | 22.0 | 12.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 14.0 | 20.0 |
| पलामू | 22.0 | 11.0 | 16.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, पौष कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत 2080 | रांची, सोमवार, 08 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 331, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय ईडी के खिलाफ अराजकता का दुस्साहस ...8
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में मारिया की ... 12 देश-विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,600

चांदी (1 किलो) 78,000

## एक नजर

### पीएम 9 को गांधीनगर में करेंगे देश के सबसे बड़े ट्रेड शो का उद्घाटन



**गांधीनगर।** राज्य में द्विवार्षिक 10वीं वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की शुरूआत से एक दिन पूर्व 9 जनवरी को पीएम वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो-2024 का उद्घाटन करेंगे। दरअसल, 10वीं वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के हिस्से के रूप में गुजरात सरकार आगामी 09 से 13 जनवरी तक गांधीनगर स्थित हेलीपैड मैदान पर वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो-2024 का आयोजन कर रही है। इस ट्रेड शो में प्रदर्शनी और स्टॉल के साथ 2 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले देश के सबसे बड़े ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 जनवरी की अपराह्न 03.00 बजे करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित देश और दुनिया के गणमान्य और उद्योगपति मौजूद रहेंगे। दुनिया के 20 देशों के अनुसंधान क्षेत्र के एक हजार से अधिक प्रदर्शक ग्लोबल ट्रेड-शो में हिस्सा लेंगे। इस ट्रेड शो के लिए एक शो फीसदी बुकिंग हो चुकी है। यह ग्लोबल ट्रेड शो 10-11 जनवरी को बिजनेस विजिटर्स के लिए और 12-13 जनवरी को आम जनता के लिए खुला रहेगा।

### पाक में यात्री वाहनों पर फायरिंग, चार की मौत, तीन घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में रविवार को हमलावरों ने दो यात्री वाहनों पर फायरिंग की। जिसमें दो सुरक्षाकर्मियों सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान के अखबार डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, जिला पुलिस अधिकारी मुहम्मद इमरान ने कहा कि बंदूकधारियों ने ऑटोमेटिक हथियारों से वाहनों को निशाना बनाया।

### अबुआ आवास योजना के छूटे आवेदनों की अब ऑनलाइन इंट्री 9 तक

**रांची।** राज्य में संचालित अबुआ आवास योजना के लिए छूटे हुए आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री नौ जनवरी तक होगी। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने सभी जिलों के डीसी, डीडीसी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि अलग-अलग स्रोतों के जरिये यह सूचना मिल रही है कि कतिपय जिलों में अबुआ आवास योजना अंतर्गत अनेक लाभुकों के आवेदन की ऑनलाईन प्रविष्टि प्रखंड, पंचायत स्तर पर अबतक लंबित है। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए अंतिम अवसर के तौर पर आठ और नो जनवरी 2024 तक अबुआ आवास योजना के लाभुकों द्वारा समर्पित लंबित आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री की जाये।

## इस मंच पर हुनर और मेहनत एक साथ बिखेरती है रंग, बोले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# खादी केवल वस्त्र नहीं बापू के विचार व सिद्धांत

■ सूत कातने से लेकर बुनने तक खादी लोगों को स्वरोजगार से जोड़ता है ■ खादी व सरस महोत्सव बुनकरों, हस्तशिल्पकारों के उत्पादों का मेला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के प्रसिद्ध खादी एवं सरस महोत्सव 2023-24 का उद्घाटन करते हुए रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं बापू के विचार और सिद्धांत हैं। रविवार को राज्य में करीब 2 लाख से अधिक सखी मंडल की महिलाएं पलाश एवं आजीविका ब्रांड के विभिन्न कार्यों से जुड़कर अपनी आजीविका को सशक्त बना रही है। पलाश के सह ब्रांड आदिवा -लिविंग विद ट्रेडीशन के तहत राज्य के पारंपरिक शिल्पकार एवं हस्त निर्मित कारीगरी, आदिवासी ज्वेलरी, डोकरा आर्ट, जुट क्राफ्ट, हैंडलूम, बांस के उत्पाद आदि को बाजार उपलब्ध करने के लिए सरकार प्रयासरत है। खादी एक ऐसा मंच है जो सुत काटने से लेकर खादी बुनने तक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव झारखंड एवं विभिन्न राज्यों से आए बुनकरों, हास्तशिल्पकारों द्वारा निर्मित उत्पादों एवं ग्रामउद्योग सामानों का प्रदर्शन एवं बिक्री का समेकित मंच है। यह एक बेहतरीन अवसर है जहां हुनर और मेहनत एक साथ रंग बिखेरती है। झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड खादी के प्रचार प्रसार एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है ग्रामीण जनमानस और महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार प्रधान कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा है।



### स्वदेशी अभियान में ग्रामोद्योग बोर्ड की अहम भूमिका

उन्होंने कहा झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड खादी वस्त्र एवं ग्रामोद्योग के उत्पादन की परंपरा को आगे बढ़ाने एवं रोजगारोन्मुखी बनाने की परिकल्पना के साथ ग्रामीण विकास, लघु उद्योग, महिला सशक्तीकरण, खादी के विकास के साथ खादी के भविष्य को उज्जवल बनाने की स्वदेशी अभियान में अहम भूमिका निभा रहा है। इसी के साथ राष्ट्रीय खादी एवं शहर महोत्सव 2023-24 के सफल आयोजन में झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, और ग्रामीण विकास विभाग की पूरी टीम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में लगे खादी बोर्ड और सरस के विभिन्न स्टॉलों का भी जायजा लिया।

### ये थे मौजूद

इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री आलमगीर आलम, रांची सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक रांची सीपी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव उद्योग विभाग जितेंद्र कुमार सिंह, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर, जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)संदीप सिंह, आकांक्षा रंजन निदेशक हैंडलूम, झारखंड राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राखाल चंद्र बेसरा, प्रशासनिक सेवा के शशि रंजन सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



**संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे 5 सांसद**

## जमशेदपुर सांसद विद्युत बरन महतो को मिलेगा संसद महारत्न पुरस्कार



### भारतीय संसद में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले सांसदों को किया जाता है सम्मानित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जमशेदपुर के भाजपा सांसद विद्युत बरन महतो को 17 वीं लोकसभा के पूरे कार्यकाल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए 17 फरवरी को संसद महारत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वहीं भाजपा के सुकांत मजूमदार और शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे, भाजपा के सुधीर गुप्ता, राकांपा के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा को इस साल संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इन सभी को 17 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में एक समारोह में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। मालूम हो कि संसद रत्न पुरस्कार की शुरूआत पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के सुझाव पर किया गया था। संसद रत्न पुरस्कार प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सांसदों को, जबकि संसद महारत्न ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## भारत और पीएम मोदी पर बयानबाजी में मालदीव सरकार के तीन मंत्री निलंबित

### निलंबित मंत्री महमूद मस्जिद ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपना अकाउंट निष्क्रिय किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और प्रधानमंत्री मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी किये जाने के मामले में मालदीव के तीन नेताओं पर गाज गिरी है। मालदीव सरकार ने मंत्री मरियम शिउना, मालशा शरीफ और महजूम माजिद को निलंबित कर दिया है। इसके बाद निलंबित मंत्री महमूद मस्जिद ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपना अकाउंट निष्क्रिय कर दिया।मालदीव के युवा अधिकारिता उप मंत्री मरियम शिउना की हालिया टिप्पणियों के



संबंध में भारतीय उच्चायुक्त ने माले में मामला उठाया है। इसके बाद वहां की सरकार का आधिकारिक बयान आया था कि यह मंत्रियों की व्यक्तिगत राय थी और यह सरकार की सोच को प्रदर्शित नहीं करती। बयान में यह भी कहा गया था कि सरकार इस तरह के आपत्तिजनक बयानों पर कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। अभिव्यक्ति की आजादी का उपयोग जिम्मेदार ढंग से किया जाना चाहिए। इसी के बाद मालदीव सरकार के प्रवक्ता इब्राहिम खलील ने एक बयान में कहा कि बयानबाजी के लिए जिम्मेदार मंत्री मरियम शिउना, मालशा शरीफ और महजूम माजिद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। दरअसल, मालदीव में नई सरकार बनने के साथ ही भारत के साथ संबंधों में खटास आनी शुरू हो गई थी। इस बीच वहां की मंत्री मरियम शिउना और अन्य नेताओं के भारत विरोधी बयानों ने आग में घी डालने का काम किया। भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर बायकॉट मालदीव ट्रेंड कर रहा है। इधर मालदीव नेशनल पार्टी ने भी अपनी सरकार के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रतिबिंब पोर्टल के जरिए पिछले एक महीने में 468 साइबर ठग गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रतिबिंब पोर्टल साइबर अपराधियों के खिलाफ जबरदस्त काम कर रहा है। प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से झारखंड में पिछले एक महीने के दौरान 468 साइबर अपराधी गिरफ्तार हुए हैं। 1635 सिम कार्ड बरामद किए गए। इसके अलावा 1107 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। मामले में राज्य में 99 एफआईआर किए गए हैं। प्रतिबिंब पोर्टल के जरिए 132 सिम कार्ड को सीज किया गया है। सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता के अनुसार, साइबर अपराधी सबसे अधिक देवघर जिले में 200 गिरफ्तार हुए हैं। इसके अलावा धनबाद में 10, गिरिडीह में 114, हजारीबाग में 37, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में चार, जामताड़ा में 70, पाकुड़ में




पांच, गोड्डा में तीन, बोकारो में पांच, गढ़वा में एक,कोडरमा में 10,लातेहार में चार और दुमका में पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। पायलट प्रोजेक्ट के दौरान ही इस पोर्टल की मदद से झारखंड में एक महीने में 468 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके परिणाम स्वरूप झारखंड इलाके से होने वाले साइबर अपराध में एक महीने के भीतर ही 20 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**मामला ईडी अधिकारियों पर हमले का**

## बंगाल के राज्यपाल ने फरार तृणमूल नेता को गिरफ्तार करने का दिया निर्देश

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल पुलिस को एक कड़ा संदेश देते हुए राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने ईडी और केंद्रीय पुलिस बलों के अधिकारियों पर हमले के मास्टरमाइंड और फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां का तत्काल पता लगाने और गिरफ्तारी का आदेश दिया है। राजभवन के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, राजभवन के शांति-कक्ष को शाहजहां को प्रभावशाली राजनीतिक संरक्षण मिलने की शिकायतें मिली थीं। उन शिकायतों



में पुलिस प्रशासन के एक वर्ग पर भी इस सांठगांठ में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। राज्यपाल ने कहा है कि इस मामले पर उनकी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से चर्चा हुई है। राज्यपाल ने चर्चा का ब्योरा देने से इनकार करते हुए कहा कि बातचीत में क्या हुआ, इसके बारे में वह सही समय पर खुलासा करेंगे।

राजभवन के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि पता चला है कि राज्य पुलिस इस बात की जांच करेगी कि क्या फरार नेता अभी भी राज्य में है या किसी दूसरे राज्य या किसी पड़ोसी देश में भाग गया है। राज्यपाल ने राज्य पुलिस को यह जांच करने का भी निर्देश दिया था कि फरार तृणमूल कांग्रेस नेता का उग्रवाद से कोई संबंध है या नहीं।

## टीपीसी सब जोनल कमांडर आदेश गंझू सहित पांच उग्रवादी हुए गिरफ्तार, हथियार बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले की टंडवा थाना पुलिस ने टीपीसी के सब-जोनल कमांडर आदेश गंझू उर्फ प्रभाकर समेत पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। टंडवा इलाके में आगजनी और लेवी वसूली की कई घटना को इन उग्रवादियों ने अंजाम दिया है। इनके पास से एक राइफल, दो पिस्टल, आठ गोली, एयर पिस्टल, 18 नक्सली पर्चा समेत कई अन्य सामानों को पुलिस ने बरामद किया है। गिरफ्तार उग्रवादी में टीपीसी सब जोनल कमांडर आदेश गंझू उर्फ प्रभाकर, पिंटू कुमार गंझू,




लालदेव कुमार गंझू और राजेश गंझू शामिल हैं। गिरफ्तार उग्रवादी टंडवा थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। चतरा एसपी राकेश रंजन ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि विगत कुछ दिनों से टंडवा थाना के आसपास के क्षेत्रों में टीएसपीसी कमांडर प्रभाकर जी के नाम से कोल व्यवसायियों को लेवी के लिये धमकी दी जा रही थी। 25 दिसंबर को टंडवा थाना के होन्हे गांव में आनन्द एन्ड सिरा कंस्ट्रक्शन कंपनी के साईट पर पानी टैंकर में आग लगाने एवं कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई थी। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर टंडवा थाना प्रभारी के नेतृत्व में अनुसंधान दल ने टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर प्रभाकर समेत पांच उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उग्रवादियों पर टंडवा थाना में पूर्व से चार मामला दर्ज हैं। गिरफ्तार हुए सभी उग्रवादी कोयला कारोबारी और ठेकेदारों के बीच आतंक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**इंडिया**

## भारत की ताकत बनते प्रवासी भारतीय


सुनील बादल

*भारत* के विकास में विदेशों में रहने वाले भारतीयों के बहुमूल्य योगदान को मान्यता देने के लिए हर साल '9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाता है।' यह दिन विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह 1915 में महात्मा गांधी की दक्षिण अफ्रीका से भारत वापसी का प्रतीक है, जहां उन्होंने भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन दिनों भारत देश में ही नहीं वैश्विक स्तर पर चर्चित हो रहा है। विपक्षी पार्टियां इसे इवेंट मैनेजमेंट बताती हैं तो प्रवासी भारतीय पहले अपने देशों में चलते व्यंग्य वाणों की तुलना में भारत की बढ़ी धमक पर प्रसन्नता व्यक्त करते हैं । पूरी दुनिया में प्रवासी भारतीयों से संबंधित दो बातें चर्चित हो रही हैं। पहली जहां प्रवासी भारतीय अर्थव्यवस्था को बल दे रहे हैं, वहीं भारत भी अपने प्रवासियों के हितों की रक्षा को प्रभावी बना रहा है। पिछले 28 दिसंबर को भारत ने कतर में जिन नौसेना के आठ पूर्व भारतीय अधिकारियों की फांसी की सजा को घटवाने में कूटनीतिक भूमिका निभाई थी, उनमें एक पूणेर्दु तिवारी भी हैं, जिन्हें 2019 में प्रवासी भारतीय सम्मान से अलंकृत किया गया था। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विश्व बैंक द्वारा जारी 'माइग्रेशन ऐंड डेवलपमेंट ब्रीफ' रिपोर्ट 2023 के अनुसार, बीते वर्ष प्रवासी भारतीयों ने करीब 125 अरब डॉलर की धनराशि स्वदेश भेजी। रेमिटेंस प्राप्त करने में भारत ने मेक्सिको, चीन और फिलिपींस को बहुत पीछे छोड़ दिया है। शीर्ष पांच रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देशों में भारत के अलावा मेक्सिको (67 अरब डॉलर) चीन (50 अरब डॉलर) फिलीपींस (40 अरब डॉलर) और मिस्र (24 अरब डॉलर) शामिल हैं। रिपोर्ट से यह बात भी सामने आई है कि पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में उच्च कौशल वाले लोगों की संख्या ज्यादा है, जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं, जहां से वे अधिक धन भेज रहे हैं।




गौरतलब है कि जहां वर्ष 2022 में प्रवासी भारतीयों ने 100 अरब डॉलर की धनराशि स्वदेश भेजी, वहीं 2021 में 87 अरब डॉलर की राशि भेजी थी। जब वर्ष 2020 में कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी, तब भी आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों द्वारा भेजी गई 83 अरब डॉलर की धनराशि से यहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। यह छोटी बात नहीं है कि प्रवासियों से धन प्राप्त करने वाले दुनिया के विभिन्न देशों की सूची में भारत वर्ष 2008 से अब तक पहले स्थान पर बना हुआ है। अतीत में जब भी देश के विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट आई, प्रवासियों ने मुक्त हस्त से विदेशी मुद्रा कोष को बढ़ाने में सहयोग दिया है। बीते वर्ष भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में भी प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका रही है। विभिन्न देशों में संकटों के बीच फंसे भारतीय प्रवासियों को बचाने और भारत वापसी के लिए महत्वपूर्ण अभियान चलाए गए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, विदेशों में फंसे भारतीयों की मदद के लिए सरकार की ओर से 2014 से दिसंबर, 2023 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**एक देश एक चुनाव**

## 2024 लोकसभा चुनाव के साथ सात राज्यों के विस चुनाव भी ?

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

एक देश एक चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनाई गई समिति की 6 जनवरी को हुई बैठक के बाद एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में लोगों से भारत में लोकसभा के साथ विधानसभाओं के भी चुनाव कराने के मुद्दे पर 15 जनवरी तक वेबसाइट व ईमेल से सुझाव मांगे गए हैं। बैठक में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केंद्रीय गृह मंत्री व सहकारिता मंत्री अमित शाह, कानून व न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, कांग्रेस छोड़ अपनी पार्टी बना मोदी का गुणगान करने



वाले गुलाम नबी आजाद, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन के सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ सुभाष सी कश्यप, पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी थे। सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए। इस समिति में जो लोग हैं, उनको देखते हुए विपक्षी दलों के नेताओं का कहना है कि होगा वही जो केंद्रीय सत्ता चाहेगी। इसके चलते हो सकता है कि अप्रैल - मई 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ ही झारखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम विधान सभा के चुनाव भी कराने की पुरजोर कोशिश हो। विपक्ष विरोध करके भी कुछ करने की स्थिति में नहीं है। इधर अयोध्या में लगभग 2500 करोड़ रू की लागत से बन रहे व 2025 तक तैयार होने वाले मंदिर में 22 जनवरी को शुभ मुहूर्त में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आरएसएस व उसके कई दर्जन आनुषांगिक संगठनों सहित भाजपानीत केंद्र ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### मैथिली को नियोजन नीति में शामिल करने की मांग



रांची। अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद झारखंड प्रदेश की ओर से प्रांतीय कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अमर नाथ झा की अध्यक्षता में मैथिली सम्मान दिवस मनाया गया। कहा गया कि मैथिली भाषा को 22 दिसंबर 2003 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने लोकसभा से पारित किया था। इसके बाद 7 जनवरी 2004 को राष्ट्रपति ने स्वीकृति प्रदान की। उसी समय से भारत के सभी मैथिल संस्थाओं द्वारा आज के दिन मैथिली सम्मान दिवस मनाते हैं। झारखंड में मैथिली को द्वितीय राज्यभाषा की दर्जा दी गई है। परन्तु झारखंड नियोजन नीति में मैथिली को शामिल नहीं किया गया है। इससे मैथिल भाषियों में काफी आक्रोश हैं। सरकार मैथिली को नियोजन नीति में शामिल करे। पिछले दिन राज्य के सभी जिला से प्राप्त हस्ताक्षरयुक्त आवेदन राज्यपाल को सौपा गया था। कार्यक्रम में डॉ आभा झा, अजय झा, विलट पोद्दार, सी एन झा, यतीन्द्र नाथ दास, राजकुमार पोद्दार, बिनय झा, डोली कश्यप, सरस्वती शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, शकुंतला देवी, इंदु देवी, शिवम कुमार झा सहित अन्य मौजूद थे।

### नितेश लोहरा के शव के साथ लोगों ने किया लालपुर चौक जाम



**रांची।** उत्पाद भवन के हाजत में फांसी लगाने से डंगरा टोली निवासी नितेश लोहरा की शनिवार की रात को मौत हो गयी थी। रविवार को उसके शव के साथ परिजनों और स्थानीय लोगों ने लालपुर चौक को जाम कर दिया। जाम कर रहे लोगों ने उत्पाद विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मामले की जांच की मांग कर रहे हैं। नितेश को शनिवार को उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब पकड़ने के लिए की गयी छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया था। उत्पाद विभाग की टीम ने कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। शेष चार लोगों को फाइन जमा करने के बाद छोड़ दिया गया था। जबकि नितेश हाजत में बंद था। शनिवार की शाम नितेश लोहरा हाजत में लगे हुक में फंदा बना लटक गया। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हाजत में बने बाथरूम में नितेश ने फांसी लगा कर आत्महत्या की थी।

#### कर्रा से खूंटी जिले के लिए निकला खुशी रथ, जिप सदस्य ने हरी झंडी दिखा रथ को किया रवाना

# सकारात्मकता से सजी क्लास हर घर में लगनी चाहिए : जोरंग आइन्द



**नवीन मेल संवाददाता। कर्रा** रविवार को उड़केल से खूंटी जिले के लिए खुशी मिशन का शुभारंभ हुआ। उड़केल पंचायत सचिवालय से जरियागढ़ के थाना प्रभारी चूरामणि टुडू, जिप सदस्य जोरँग आइनंद, मुखिया छत्री हेम्ब्रोम, पंचायत समिति सदस्य पौलुस होरो सहित ग्रामीणों ने खुशी रथ को झंडा दिखाकर रवानगी की।ज लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जोरँग आइन्द, छत्री हेम्ब्रोम, पौलुस होरो ने कहा कि खुशी क्लास अब हर घर की जरूरत हो गई है। समाज में जिस कदर तनाव, डिप्रेशन, आत्महत्या बढ़ रही है, ऐसे में इसका इलाज खुशी क्लास ही है। कोई दवा नहीं, कोई विकल्प नहीं, बस सकारात्मकता के साथ कभी भी खुशी का साथ नहीं छोड़ें। रथ रवानगी के बाद बिकुआदग, निधिया गांव और गोविंदपुर हाट में खुशी चौपाल का आयोजन हुआ। मौके पर खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि जिंदगी जिंदादिली से जीने के लिए है। यूं ही गंवाने या गुजारने के लिए नहीं। यह तभी संभव है, जब आप अंदर से खुश रहेंगे। यह खुशी सकारत्मकता के गर्भ से जन्मती है। एक राजा की एक आंख और एक पैर नहीं थें। एक दिन राजा महल के गलियारे में लगे अपने पूर्वजों की पेंटिंग देख रहे थे। बलशाली, हष्ट-पुष्ट पूर्वजों को देखकर सोचने लगे कि मेरी भी पेंटिंग कभी न कभी लगेगी। इतने अच्छे पेंटिंग के बीच मैं दिव्यांग काफी खराब दिखूंगा। कुछ सोचकर उन्होंने मुनादी करवा दी, जो भी उनकी सुंदर पेंटिंग बनाएगा, उसे इनाम मिलेगा। सभी पेंटर सोचने लगे कि दिव्यांग का पेंटिंग कैसे अच्छा बनेगा। डर से कोई भी पेंटर सामने नहीं आया। एक नवयुवक राजा की तस्वीर बनाने की घोषणा की। राजदरबार में भीड़ लग गई, यह देखने को, कि कैसी तस्वीर बनाएगा ? युवक की तस्वीर में राजा घोड़ा पर सवार थें। उनका एक पैर दूसरी तरफ छिप गया। घोड़े पर से राजा धनुष से निशाना लगा रहे थें, इसलिए उनका एक आंख बंद था।

# अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश का पंचायतों में हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या से निमंत्रण हेतु आए पूजित अक्षत कलश का वितरण रविवार को महादानी मंदिर परिसर में प्रखंड के हिंदू जागरण मंच सदस्यो के द्वारा प्रखंड के विभिन्न पंचायत के रामभक्त के बीच में वितरण किया गया। अक्षत कलश का वितरण जरिया, नेहालु समेत कई पंचायत के बीच हुआ। वितरण से पूर्व पूजित इस अक्षत कलश को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र समन्वय समिति के बैनर के तले रामभक्त लोगों के द्वारा रामधुन भजन कीर्तन के साथ गांव का भ्रमण करते हुए टोली के बीच वितरण किया गया। मौके पर हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय रंजीत खत्री, विकास सिंह, शशि गोप, बालक गोप, मुकेश गोप, पवन बड़ाइक समेत कई लोग मौजूद थे।

### झालसा सचिव ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



रांची। झालसा के निर्देश पर रांची रेलवे स्टेशन और आसपास के स्लम एरिया में कंबल वितरण किया गया। झालसा ने बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची को जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करने का निर्देश दिया था। इसे लेकर झालसा की सचिव कुमारी रंजना अस्थाना, उपसचिव अभिषेक कुमार और मनीष मिश्रा समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने कंबल वितरण किया। इस मौके पर झालसा की सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची की ओर से आगे भी गरीबों के बीच कंबल वितरण किया जायेगा। उन्होंने ऐसे लोगों से आग्रह किया कि वे रात्रि आश्रयगृह में ही बिताएं।

# 22 जनवरी को घर-घर में दीपदान कर दीप जलाएं : आशा लकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** आगामी पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2080 अर्थात 22 जनवरी को अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में के भूतल गर्भगृह में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसे लेकर पूरे देश भर में तैयारी चल रही है। तैयारियों की कड़ी में चान्हो प्रखंड पीछे ना रह जाए। युवा नेता सन्नी टोप्पो ने आम लोगों से आग्रह किया है कि 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी जाती एवं धर्म के अपने घरों में स्वागत स्वरूप दिवाली की तरह दीप जलाएं। उन्होंने आगे कहा कि, प्राण-प्रतिष्ठा के दिन अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस-पड़ोस के रामभक्तों को एकत्रित करके, भजन-कीर्तन करें, टेलीविजन या किसी बड़े स्क्रीन में लगाकर अयोध्या का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखायें शंखध्वनि, घंटानाद, आरती करें, प्रसाद वितरण करें। इसके अलावा कार्यक्रम का स्वरूप मंदिर केन्द्रित रहे, व अपने मंदिर में स्थित देवी-देवता का भजन-कीर्तन, आरती-पूजा तथा श्रीराम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करें। इसके साथ हनुमान चालीसा सुंदरकांड, रामरक्षा स्तोत्र आदि का सामूहिक पाठ भी कर सकते हैं। मेयर आशा लकड़ा ने आग्रह किया कि प्राण-प्रतिष्ठा की शाम सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए दीपक जलाएं।

### हाजत में नितेश की मौत की पोस्टमार्टम जांच की डीसी ने दी अनुमति

**रांची।** उत्पाद विभाग की छापेमारी में गिरफ्तार लालपुर के पीएन बोस कंपाउंड निवासी नितेश विश्वकर्मा उर्फ नितीश लोहरा हाजत में आत्महत्या कर ली थी। शनिवार की रात की गयी आत्महत्या की घटना के बाद मृतक के परिजनों ने मामले की जॉच की मांग पर खूब हंगामा किया था। जिसके बाद उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मृतक नितेश विश्वकर्मा उर्फ नीतीश लोहरा उर्फ नितेश कुमार, उम्र-28 वर्ष, पिता रमेश विश्वकर्मा के मृत्यु के संबंध में अन्त्यपरीक्षण कराये जाने की अनुमति दी गई है। मृतक नितेश विश्वकर्मा उर्फ नीतीश लोहरा उर्फ नितेश कुमार को अवैध शराब बिक्री के जुर्म में गिरफ्तार किया गया था। जिसे गिरफ्तारी के बाद उत्पाद कार्यालय न्यू पुलिस लाइन कांके में हजात निगरानी में रखा गया था। अभियुक्त द्वारा हजात के बाथरूम में आत्महत्या का प्रयास किया गया था। जिसके बाद तत्काल उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा अभियुक्त को मृत घोषित कर दिया गया था।

# लापुंग के साईं महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** चली आज धुमधाम से पालकी यात्रा शिरडी वाले साईं की...तथा श्रद्धा सबुरी के दीप जला लो अपने साईं बाबा को मन में बसा लो जैसे साईं भजनों और साईं मंत्रोच्चार से लापुंग का प्रसिद्ध सरसा साईं मंदिर गुंजायमान रहा। लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध सरसा साईं मंदिर में नववर्ष 2024 के पहले रविवार को श्री साई सेवा समिति एवं साईं परिवार रांची के तत्वावधान में साईं महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। साईं महोत्सव के दौरान खराब मौसम कोहरे और कुहासे के ऊपर साईं भक्तों की श्रद्धा और भक्ति भारी पड़ी। साईं महोत्सव के दौरान साईं मंदिर में हजारों की भीड़ उमड़ी। महोत्सव का शुभारंभ कोहरे एवं कुहासे के बीच सुबह 5:00 बजे बाबा की काकड़ आरती से की गई वहीं सात बजे बाबा का पंचामृत,दूध, दही, घी, मधु और पवित्र जल के साथ बाबा का अभिषेक एवं मंगल स्नान किया गया। दिन के 12:00 बजे मध्याह्न आरती का भव्य आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। साईं महोत्सव के दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी विभीषण पांडेय एवं पंच्याक्षरी स्वामी सहित जगेश्वर भगत के द्वारा विधि पूर्वक साईं बाबा की पूजा अर्चना किया और हजारों श्रद्धालुओं को उन्होंने बाबा का दर्शन कराया। इस मौके पर साईं मंदिर में ओम साईं नमो नमः श्री साईं नमो नमः जय-जय साई नमो नमः के जाप से गूंज उठा। गिरिडीह के प्रसिद्ध भजन गायक आनंद पाठक की टीम सहित दुर्गा जागरण मंडली राधा कृष्ण मंदिर रातु रोड के प्रसिद्ध भजन गायक चंदन जी सरदाना ,केशर जी बवरेजा, मनोज किंकर, गौरी शंकर, सुशील,प्रवीण घई, नरेश खत्री, विनीत अरोड़ा,पवन वयनेज सहित कई लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को खूब झुमाया।

# प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने दिनेश सोनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ का वार्षिक आमसभा रांची रेलवे स्टेशन ऑटो पार्किंग में हुआ। जिसकी अध्यक्षता महासंघ के संस्थापक दिनेश सोनी ने की। आमसभा में झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ का नाम बदल कर झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ रखा गया। आमसभा में दिनेश सोनी को महासंघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। आम सभी में वर्तमान कमिटी को ही आगे बनाये रखने पर सहमति बनी। इस तरह पिछली कमिटी ही पूर्व की तरह कार्य करते रहेंगी। मौके पर अतिथियों के साथ पिंक ऑटो चलाने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महासंघ के संरक्षक कमलाकांत झा, यातायात डीएसपी जीत वाहन उरांव, आलोक दुबे,अमर मुंडा, पप्पू सिंह, सुरेंद्रनाथ सिंह, रंजय कुमार सिंह, महेश सिंह, बादल थापा, भोला सिंह, आनंद वर्मा, चंद्रमा यादव सहित सैकड़ों उपस्थित थे।

# चेन्नई से लौटे राज्यपाल, फिर बढ़ेगी राजनीतिक सरगर्मी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रविवार को देर शाम चेन्नई से रांची वापस लौट आए हैं। उनकी रांची वापसी के बाद सोमवार से एक बार फिर झारखंड की राजधानी में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ सकती है। संभावना यह जताई जा रही है कि राजभवन की गतिविधियां भी तेज हो सकती हैं। राज्यपाल दो जनवरी को चेन्नई चले गए थे, जिसके बाद झारखंड की सियासी सरगर्मी में थोड़ी कमी आई थी। अब राज्यपाल के वापस लौटने के बाद एक बार फिर से राजनीतिक गतिविधियां बढ़नी तय है। झारखंड विधानसभा की गांडेय सीट पर उपचुनाव कराने या नहीं कराने को लेकर भी क्रमशः सत्ता पक्ष तथा विपक्ष राजभवन जा सकता है। इधर, चर्चा यह भी है कि चुनाव आयोग का लिफाफा भी खुल चुका है। इस पर जल्द ही कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है। राजनीतिक गलियारे में इस बात की भी चर्चा है कि राजभवन द्वारा हालिया सियासी घटनाक्रम और कानून-व्यवस्था को लेकर रिपोर्ट तैयार की गई है। यह रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपी जाएगी। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

**गृह सचिव या डीजीपी को किया जा सकता है तलब :** राज्यपाल राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति से भी नाराज हैं। उन्होंने अपने बयान में इसे लेकर नाराजगी भी व्यक्त की है। बताया जाता है कि राज्यपाल एक-दो दिनों में गृह सचिव या डीजीपी को राजभवन तलब कर अपराध पर नियंत्रण को लेकर सख्त निर्देश दे सकते हैं।

### रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम बने कृष्ण कांत मिश्रा, 18 जिलों में नये सीजेएम नियुक्त




रांची। सब जज रैंक के न्यायिक पदाधिकारी कृष्ण कांत मिश्रा को रांची सिविल कोर्ट का नया चीफ ज्यूडीशियल मैजिस्ट्रेट (CJM) नियुक्त किया गया है. इसके साथ ही राज्य के अलग-अलग 18 सिविल कोर्ट में भी उखट की नियुक्ति की गई है. राज्य सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। कृष्ण कांत मिश्रा- रांची सीजेएम मनोरंजन कुमार 1- खूंटी सीजेएम, आरती माला- धनबाद सीजेएम मनोरंजन कुमार 2- गुमला सीजेएम, प्रताप चंद्रा- कोडरमा सीजेएम, आनंद सिंह- डालटनगंज सीजेएम, कुमार विपुल- गढ़वा सीजेएम मनोज कुमार राम- रामगढ़ सीजेएम, कवितांजलि टोप्पो- सरायकेला खरसावां सीजेएम, सौरव कुमार गौतम- गिरिडीह सीजेएम बनाये गये हैं।

# श्री जीण माता जी के वार्षिक महोत्सव में मधुर भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** आदि शक्ति श्री जीण माता जी का दो दिवसीय 14वॉ वार्षिक महोत्सव में मधुर भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु खूब झूमे। श्री जीण माता प्रचार समिति द्वारा आयोजित महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को मारवाड़ी भवन में सुबह 10 बजे से माता का अभिषेक विजय पालरिवाल ने सपरिवार किया गया। दोहपर एक बजे माता की ज्योत प्रज्वलित हुई। इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा में 751 महिलाओं द्वारा मंगल पाठ का वाचन प्रारंभ हुआ। पाठ वाचन के लिए जीण धाम से पधारे आनंद पारासर एवं कोलकाता से निकिता शर्मा आई हुई है। जिन्होंने संगीतमय मंगल पाठ का वाचन के साथ साथ मधुर भजनों की गंगा प्रवाहित की। सबसे पहले गणेश आराधना से उत्सव की शुरुआत हुई। जीण जन्म उत्सव में सभी महिला सदस्यों ने नाच कर मां जीण का आह्वान किया। 181 फीट की चुनरी माता को अर्पित किया गया। इसके साथ ही 51 फीट का गजरा भी माता को चढ़ाया कर छप्पन भोग एवं निशान दरबार में अर्पित की गई। संस्था की महिला सदस्यों द्वारा प्रसाद व्यवस्था में सहयोग किया गया। कार्यक्रम में समिति द्वारा पदम चंद जैन को समाज सेवा एवं कमल अग्रवाल को मिलीट्स इंडिया सम्मान दिया गया।

### बेड़ो में मारुति मंगल परिवार का कंबल वितरण सह सम्मान समारोह

**बेड़ो।** बेड़ो के महादानी मैदान स्थित रंगमंच पर रविवार को मारुति मंगल परिवार धार्मिक व सामाजिक संस्था के तत्वावधान में कंबल वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां संस्था के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।साथ ही प्रखंड के 5100 बुजुर्गों व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान लोगों के बीच धार्मिक और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय ने कहा कि बेहतर गांव व समाज के लिए शिक्षा जरूरी है।शिक्षा के माध्यम से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा मारुति मंगल परिवार समाज सेवा के कार्य में तत्परता के साथ जुटी है।समाज में फैली कुरीतियों को हटाने में बेहतर कार्य रही है।। सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि मारुति मंगल परिवार के द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा।

## न्यूज बॉक्स

### एचएस प्रसाद बाल विकास विद्यालय लोटा की छात्राओं ने सिल्वर व ब्रोंच मेडल जीते



**सिल्ली।** रविवार को हरि सुमित्रा प्रसाद बाल विकास विद्यालय लोटा में अध्यनरत छात्राओं ने राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता टाना भगत इंदौर स्टेडियम खेल गाँव रांची में आयोजित झारखंड स्टेट गोजू रियू कराटे चैम्पियनशिप में किरण कुमारी ने सिल्वर मेडल एवं कुमारी बसुंधरा, माया कुमारी, प्रिती कुमारी ने ब्रोंच मेडल जीत कर लोटा सिल्ली का नाम रोशन किया है। झारखंड स्टेट गोजू रियू काराटे चेम्पियनशिप में विजय प्राप्त छात्रोंओं को काराटे प्रशिक्षक कार्तिक चन्द्र महतो एवं विद्यालय के संचालक नरसिंह प्रजापति ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### सिल्ली पुलिस ने चोरी कर भाग रहे हाइवा को पकड़ा, चालक समेत एक अन्य गिरफ्तार



**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस ने तेज गति से भाग रहे हाइवा( ओडी 09 के 2521 ) को पकड़ लिया। चालक और उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया है। ये लोग इस हाइवा को उड़ीसा के बड़बिल से चोरी करके भाग रहे थे। पुलिस ने हाइवा को जप्त कर लिया है। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि जांच चल रही है आशंका है कि इस घटना में वाहन चोरी करने वाले बड़े गिरोह भी शामिल हो सकते हैं। जानकारी के मुताबिक यह हाइवा बड़बिल में आयरन माइंस में चलता है। इस हाइवा को इसके चालक ने शाम को काम समाप्ति के बाद गैरेज में खड़ा करके खाने चला गया था। खाना खाकर आने के पश्चात हाइवा अपने जगह से गायब मिला तो उसने इसकी सूचना अपने मालिक और मैनेजर को दी। हाइवा में लगे जीपीएस से इसका लोकेशन झारखंड की सीमा में मिला। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गाड़ी का पीछा कर शनिवार की सुबह सिल्ली में रांची पुरुलिया मार्ग में पकड़ लिया।

### घासी राम महली जयंती मेले की तैयारी शुरू



**चान्हो।** महाकवि घासीराम महली की 165वीं जयंती सह मेला के आयोजन हेतु महाकवि घासीराम स्मारक समिति की बैठक रविवार को करकट में हुई। अगामी 17 जनवरी 2024 को महाकवि घासीराम महली की 165 वीं जयंती सह मेला का आयोजन किया जाना है। इसमें मुख्य से जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा विभाग के पूर्व अध्यक्ष उमेशानन्द तिवारी, संस्कृति साहित्य मंच के एवं डॉ० शकुन्तला मिश्रा, चान्हो प्रमुख होलिका देवी, त्रिपुरारी तिवारी, कृष्णा महली, मकेश्वरराम महली, अशोक महली, हरिनंदन महली, जय प्रकाश महली, देवेन्द्र महली, संजय कुमार महली, निरंजन बाघवार, मनोज महली, रंथू महली, धनंजय महली समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### मेडिकाना नर्सिंग होम की तरफ से मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन



**चान्हो।** मेडिकाना नर्सिंग होम बीजूपाड़ा के सौजन्य से चामा के कॉग्निशन पब्लिक स्कूल में रविवार को मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को विभिन्न बीमारियों की जांच मुफ्त में की गई। साथ ही साथ जरूरतमंद लोगों को दवाइयां भी दी गई। डॉ भारती तिवारी, डॉ ताल्हा और सिस्टर प्रीति कुजुर ने ईलाज किया। कैंप के सफल आयोजन में मो युसूफ आजाद, अली हसन इत्यादि लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बेड़ो के खुखरा में होगा भव्य महाआरती कार्यक्रम

**बेड़ो।** वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की होने वाली विश्व विख्यात महाआरती की तरह इस बार मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर राइजिंग यूथ खुखरा के तत्वाधान में आगामी 15 जनवरी को प्रखंड के ऐतेहासिक खुखरा गांव के बेर तालाब में संध्या छह बजे भव्य महाआरती होगी। इस कार्यक्रम को लेकर बेर तालाब के घाट पर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इस दौरान मां भगवती मंदिर प्रांगण से अपराह्न चार बजे गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राइजिंग यूथ खुखरा के सदस्य सहित पूरे गांव के लोग लगे हुए है। उक्त जानकारी सदानंद गोस्वामी ने दी।

### स्वांसी, पांड़ समाज उत्थान संघ की बैठक में शिक्षा पर दिया गया विशेष जोर



**बेड़ो।** बेड़ो महादानी मंदिर स्थित विवाह मंडप के परिसर में रविवार को रांची जिला स्वांसी, पांड़ समाज उत्थान संघ के अध्यक्ष विश्वकर्मा स्वांसी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जहां रांची जिला व खूंटी जिले से कई प्रखंडो के स्वांसी समाज के सदस्यों ने भाग लिया। जिनमें बेड़ो, लापुंग, नगड़ी, अनगड़ा, एवं नामकुम प्रखंड के लोग शामिल हुए। बैठक में स्वांसी समाज के वक्ताओं ने कहा कि इस समुदाय को एक आदर्श समाज के रूप में स्थापित करना है। नशा मुक्त समाज बनाना है। साथ ही शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई और एक शिक्षित समाज की स्थापना किए जाने का संकल्प लिया। साथ ही स्वांसी, पांड़ जाति के लोगों का झारखंड की जाति सूचि में संशोधित कराए जाने की बात कही। जिससे जाति प्रमाण पत्र से वंचित विद्यार्थियों को ऊंच शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। वहीं समाज में फैली कुरीतियों को दूर किया जा सके। बैठक में बलिराम स्वांसी, विश्वकर्मा स्वांसी, बाल्मिकी स्वांसी, बसंत स्वांसी, विजय स्वांसी, मनीष स्वांसी, प्रवीण स्वांसी, जितनाथ स्वांसी, कृष्ण स्वांसी, सुनीता स्वांसी, तेतरी स्वांसी, संतोष स्वांसी व हीरा मनी स्वांसी समेत समाज के कई लोग मौजूद थे।

# खादी मेला में हैंडमेड उत्पादों की धूम

## बच्चों की पसंद अमरूद की जेली, देश के कोने-कोने का उत्पाद उपलब्ध

अमित कुमार

*रांची। राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव राजधानी के मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया गया है। मेला की शुरूआत से ही लोगों की भीड़ देखी गई। मेले में देश के कोने-कोने से लोग अपने उत्पाद को बेचने आये हैं। इस प्रकार क्रेता और विक्रेता दोनों को मेले का इंतजार समाप्त हुआ है। यहां पर महात्मा गांधी के विचारों को जीवंत होते देखने को मिल रहा है। साथ ही कला संस्कृति की अद्भुत छटा भी देखने को मिल रही है। झारखंड राज्य खादी बोर्ड ग्रामोद्योग और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लोगों के उत्पादन की बिक्री का एक बड़ा प्लेटफार्म दिया गया है। यहां झारखंड के प्रमुख फैब्रिक्स, स्थानीय उत्पाद पर निर्मित खाद्य समाग्री सहित हाथ के कारीगरी किया हुआ परिधान सहित अन्य सामान लोगों को लुभा रही है। बिरू, पड़िया, पिंदना, संथाली, कुखना, करया, बेतरा और मायसाड़ी के नाम सभी हैंगरो पर है।*




### भदोही का कालीन

विभिन्न रंगों और डिजाइनों में कालीन नजर आ रहे है। स्टॉल के संचालक अनास अहमद बताते है कि झारखंड कालीन का एक बड़ा बाजार है। पिछले साल यहां से दस लाख का कारोबार हुआ था। आमदनी अच्छी होने से इस बार और बेहतर की उम्मीद हैं।

### मनोरंजन के साथ खाने का है स्टॉल

यहां लगाये गये स्टॉल में राजस्थानी कुल्फी और चार्ट, बनारस चार्ट, पिज्जा हट, बृज बिहारी कुल्फी वाला, दिलीप का पकौड़ी फूड कॉर्नर के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए कई प्रकार के झूले लगे हैं।

### दीदी कैफे में भीड़

जेएसएलपीएस द्वारा पलास आजीविका दीदी कैफे में 10 रुपये में पकौड़ी खाने को भीड़ लगी रही। यहां मड़वा से निर्मित कई पकवान परोसे जा रहें है। इसके साथ ही कई झारखंडी व्यंजन भी मिल रहे हैं। लेकिन पकौड़ी की मांग सबसे ज्यादा है।

### भोला का लिट्टी

भोला लिट्टी नाम ही काफी है। देश भर में नाम कमा चुके भोला लिट्टी का स्टॉल मेले में भी लगाया गया है। जहां घी का लिट्टी परोसा जा रहा है। लोग बहुत ही मजे लेकर लिट्टी का आनंद लेते देखे गये। कई लोग उनके स्टॉल के विषय में जानकारी लेते देखे गए।

### रागी और गोंद के लड्डू हैं उपलब्ध



नगड़ी की महिलाओं द्वारा हैल्दी फूर्ड को ध्यान में रख कर रागी और गोंद का लड्डू तैयार कर लाया गया है। करमी ओरेन बताती है कि रागी और गोंद का लड्डू लोकल स्तर पर तैयार किया हुआ है। चॉकलेट विभिन्न प्रकार के पैक में उपलब्ध है। साथ ही मकई, चावल, मड़वा का आटा भी उचित मूल्य में उपलब्ध है।

### लुभा रहा रागी कुकीज और केक



तोरपा महिला संघ द्वारा रागी का कुकीज और केक उपलब्ध कराया गया है। एनिमा भेंगरा ने बताया कि झारखंड में रागी का उत्पादन भरपूर होने से कुकीज और केक नये रुप में लोगों के लिए लाया गया हैं। मेले के माध्यम से हमारी ब्रांडिंग हो सकेगी। जिससे लोगों के बीच हमारी पहुंच बढ़ेगी।

### कोल्हू का सरसों और करंज तेल



उजाला सखी मंडल हजारीबाग द्वारा कोल्हू निर्मित सरसों और करंज का तेल 190 रुपए प्रति लीटर पर उपलब्ध कराया गया है। रेनू देवी बताती है कि आज के समय में प्रकृतिक रुप से तैयर किये गये उत्पाद की मांग काफी है। जिसे लोग काफी पसंद कर रहें हैं। इसे उपलब्ध कराने के लिए हम काफी प्रयास कर रहे हैं।

### कानपुर का ब्लेजर और सादरी



कम बजट में तैयार किया हुआ बेहतर और आर्कषक दिखने वाला ब्लेजर और सादरी का स्टॉल लगाया गया हैं। स्टॉल संचालक रामपाल बताते हैं कि ब्लेजर सादरी महज एक हजार से 1200 रुपये तक में दिया जा रहा है। इसकी सिलाई में जितना खर्च होता है। उससे मात्र दो सौ रुपये लाभ लेकर दिया जा रहा हैं।

### राजस्थान का हैंडमेड जूती चप्पल



हाथ से जड़ी का काम किया हुआ जूती जो विभिन्न रंगों और डिजाइन में उपलब्ध हैं। स्टॉल के संचालक राजकुमार बताते है कि हमलोग हाथ की कारीगरी से महिलाओं के लिए जूते व चप्पल तैयार कर यहां लाये हैं। साल भर के इंतजार के बाद यह पल आता है। जब हम अपने सारे उत्पाद को बेच पाते हैं।

### भदोही के कालीन के सभी दीवाने



विभिन्न रंगों और डिजाइनों में कालीन नजर आ रहे है। स्टॉल के संचालक अनास अहमद बताते है कि झारखंड कालीन का एक बड़ा बाजार है। पिछले साल यहां से दस लाख का कारोबार हुआ था। आमदनी अच्छी होने से इस बार और बेहतर की उम्मीद हैं।

रांची में वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक आयोजित

# ओबीसी को बिना आरक्षण दिए निकाय चुनाव कराया गया तो होगा आंदोलन

### 30 जनवरी से रामगढ़ में प्रस्तावित भूख हड़ताल के लिए बनी रणनीति




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा, कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। 30 जनवरी से रामगढ़ में होने वाले 72 घंटे की भूख हड़ताल की तैयारी तथा निकायों के चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने के मुद्दे पर आयोजित इस बैठक में काफी विचार-विमर्श के बाद तय किया गया कि ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज की सुरक्षा आदि मांगों को लेकर डेढ़ दशक से अधिक समय से वैश्य मोर्चा द्वारा संघर्ष किया जाता रहा है। लेकिन 40% आबादी वाले वैश्यों की बात अनसुनी कर दी जाती रही है। इसलिए अब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस 30 जनवरी से रामगढ़ के थाना चौक स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर 72 घंटे का भूख हड़ताल शुरू किया जायेगा। बैठक में तय किया गया कि इस चार दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रत्येक दिन छह जिलों के लोग आयेंगे। जिसका निर्धारण दो-चार दिन में कर लिया जायेगा। बैठक में तय किया गया कि जिलों में बैठक के तहत 10 जनवरी को टंडवा एवं बड़कागांव में, 12 जनवरी को रामगढ़, हजारीबाग एवं बोकारो में तथा 13 जनवरी को कांके में बैठक होगी। ओबीसी को बिना आरक्षण दिए अगर चुनाव कराया गया तो पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, अश्विनी कुमार साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष सहदेव चौधरी, परशुराम प्रसाद, लक्ष्मण साहु, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, उप-प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, इंदुभूषण गुप्ता, संगठन महासचिव कृष्णा प्रसाद साहु, रोहित शारदा, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, संगठन सचिव अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य नरेश साहु एवं रांची जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु एवं महासचिव दिवाकर साहु, छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहु उपस्थित थे।

## जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम को पार्क न बनाएं : सरना समिति



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति की बैठक प्रधान कार्यालय में अध्यक्ष बबलू मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन महासचिव अशोक उरांव ने किया। बैठक में रांची नगर निगम द्वारा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल स्टेडियम के संबंध में जारी अधिसूचना का पूरजोर विरोध किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने कहा कि नगर निगम पार्क घोषित कर मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एवं ऐतिहासिक फुटबॉल स्टेडियम का नामो निशान मिटा देना चाहती है। नगर निगम के इस कार्य से पूरे आदिवासी समाज एवं खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में रोष में है। केंद्रीय सरना समिति ने नगर निगम से मांग किया है कि इस निर्णय पर पुनः विचार करें। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि ऐतिहासिक मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के नाम का नगर निगम व्यवसायीकरण करके आदिवासियों का धरोहर को मिटाने का प्रयास कर रही है। नगर निगम को आगाह किया जाता है कि निगम अपने निर्णय को रद्द नहीं करती है तो केंद्रीय सरना समिति उग्र आंदोलन करेगी। जिसमें आदिवासी समाज अपने समर्थकों के साथ पारंपरिक हरवे हथियार के साथ सड़क पर उतरेगी।

## बिहार के मुजफ्फरपुर से साइबर ठग को धर दबोचा



**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना ने क्रिप्टो करेंसी के जरिए निवेश कर अधिक पैसे कमाने का लालच देकर घोटाला करने वाला साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शशि शंकर कुमार उर्फ विक्की को सीआईडी ने बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक मोबाइल, दो सिम कार्ड, चार चेक बुक, एक पासबुक, एक वाई-फाई राउटर बरामद किया गया है। सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आरोपित शशि शंकर कुमार और इसके अन्य सहयोगी ने झारखंड के कई शहरों जैसे रांची, बोकारो जमशेदपुर और अन्य जगहों पर बड़े-बड़े कई आयोजन स्थल जैसे होटलों और अन्य स्थानों पर ओआरओपीएवाई कंपनी से संबंधित अनेकों अनेक कार्यक्रम किये, जिसमें लोगों को मुफ्त में भोजन और जलपान की व्यवस्था देते हुए अपने प्रभाव को स्थापित करने के लिए भारतीय मुद्रा के फर्जी नोटों की गड्डियों को फाड़कर संदेश देने का प्रयास किया कि भविष्य क्रिप्टो करेंसी का है।

## सेवाशर्त नियमावली कैबिनेट में नहीं लाया तो बीआरपी-सीआरपी करेंगे आंदोलन तेज



**रांची।** बीआरपी सीआरपी अपने लंबित समस्या के समाधान और सेवाशर्त नियमावली लागू करने की मांग पर संघर्षरत हैं। संघ के प्रदेश व रांची जिला कोर कमेटी के सदस्यों की बैठक जिला शिक्षा परिसर रांची में हुई। बैठक में केंद्रीय कमेटी के साथ रांची, लोहरदगा, गढ़वा, गोड्डा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, पलामू, धनबाद तथा बोकारो जिला के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 जनवरी को होने वाली कैबिनेट में बीआरपी सीआरपी के संबंध में सेवा शर्त नियमावली की अनुशंसा नहीं की जाती है। तो आगामी सप्ताह में वृहद आंदोलन किया जाएगा। महासचिव नितिन कुमार ने कहा कि पिछले 18 सालों से बीआरपी सीआरपी का शोषण हो रहा है। यदि 9 के कैबिनेट में निर्णय नहीं हुआ तो पूरे राज्य के बीआरपी सीआरपी रांची कूच करेंगे।

## श्री कृष्ण प्रणामी ने 151 जोड़ों का कराया सामूहिक विवाह



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम में रविवार को 151 निर्धन जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह कराया गया। यह कार्य में विश्व हिंदू सेवा विभाग के प्रांत सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल के सहयोग से किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम मे सत्य प्रेम सभागार का उद्घाटन सदानंद महाराज के सानिध्य में पंकज पोद्दार एवं उनकी माता के द्वारा किया गया। श्रीमद्भागवत कथा के यजमान अमिता विशाल जालान एवं परिवार के सभी सदस्यों तथा संस्था के सदस्यों ने श्रीमद्भगवत का पूजन किया। स्वामी सदानंद महाराज को माल्यार्पण चंदन वंदन कर श्रीमद् भागवत की आरती कर कथा की अमृत वर्षा सदानंद जी महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने सुना। कथा के प्रथम प्रसंग में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। श्री स्वामी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग विषय चिंतन में लगे रहते हैं। उनकी इंद्रियां विषयों में फंस जाती है। उनको उन्हीं की ओर खींच लेती है, जैसे जलाशय के तीर पर उगे पेड़ खेल खेलते हैं। उसी प्रकार इंद्रियां शक्ति मन, बुद्धि विचार शक्ति को हर लेती है। महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के प्रति गोपियों के हृदय में प्रेम का वर्णन करते हुए कहा कि उधर जैसे ज्ञानी को भी कहना पड़ा है, गोपियों तो धन्य हो तुम्हारा जीवन सफल है।

## आइसीटी के वेतन बढ़ाने व समग्र शिक्षा अभियान में सामायोजन की मांग

**रांची।** राज्य भर में इंस्ट्रक्टर कंप्यूटर टीचर (आइसीटी) अपने मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। रविवार को मोरहाबादी मैदान में सभी जिला नेतृत्वकर्ता टीचर्स की बैठक हुई। जिसमें आंदोलन का समर्थन देने झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के प्रमुख देवेंद्रनाथ महतो भी शामिल हुए। देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि शिक्षकों की मांग जायज है। उन्होंने कहा कि मांगों के संदर्भ में विभागीय अधिकारी को सूचना देने के बाद आंदोलन तेज किया जाएगा। शिक्षकों का मासिक वेतन सरकार द्वारा जारी न्यूनतम मजदूरी से भी कम नहीं होनी चाहिए। शिक्षकों की मुख्य मांगों में मासिक वेतन में बढ़ोतरी करने, सेवा कौशल के आधार पर समग्र शिक्षा अभियान में समायोजित करने सहित अन्य मांगें शामिल है। बताते चलें की झारखंड में तीन हजार शिक्षक कर्मी कार्यरत है। बैठक में धीरज कुमार, आलोक कुमार, अजित कुमार घोष, अशोक भारती, विवेक पोद्दार सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# बेहतर कार्य के लिए एजेंसियों से उत्पन्न डेटा का लाभ लें : प्रो इंद्रनील मन्ना

### बीआईटी मेसरा में कुशल निर्णय लेने के लिए डेटा एनालिटिक्स विषय पर कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा में सेंटर फॉर क्वांटिटेटिव इकोनॉमिक्स एंड डेटा साइंस ने एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया, हैदराबाद के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय था कुशल निर्णय लेने के लिए डेटा एनालिटिक्स। इस एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने किया। इस अवसर पर प्रो मन्ना ने समुदायों, शिक्षाविदों और उद्योगों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले सूचित निर्णय लेने के लिए विभिन्न एजेंसियों से उत्पन्न डेटा का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। इससे कार्य और बेहतर होगा। मुख्य अतिथि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के मदन मोहन बरियार ने बैंकिंग क्षेत्र द्वारा सृजित आंकड़ों के महत्व और बैंकिंग सेवाओं में सुधार के लिए इसकी क्षमता पर चर्चा की। सेंटर फॉर क्वांटिटेटिव इकोनॉमिक्स एंड डेटा साइंस के प्रमुख प्रो कुणाल मुखोपाध्याय ने स्वागत भाषण दिया। कार्यशाला के संयोजक डॉ मनीष कुमार पांडे ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य बहु-विषयक डोमेन में काम करने वाले पेशेवरों के बीच उनके दिन-प्रतिदिन के निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में डेटा एनालिटिक्स को शामिल करने के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यशाला में एसबीआई, आई सी आई सी आई बैंक, आई डी बी आई बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, झारखंड विवि सहित प्रतिष्ठित बैंकों और आईटी उद्योगों के साथ-साथ शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों से कई आवेदन प्राप्त हुए। तीन सत्र आयोजित किए गए थे। डॉ. ज्योति शेखर बनर्जी ने पहले सत्र का नेतृत्व किया, जिसका शीर्षक था शिक्षा, स्वास्थ्य और नागरिक क्षेत्रों में कुशल निर्णय लेने के लिए डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कैसे किया जा सकता है। डॉ. सत्यजीत महतो के नेतृत्व में दूसरा सत्र एमएसएमई के लिए लीन, सिक्स सिग्मा, डेटा एनालिटिक्स और इंडस्ट्री 4.0 पर केंद्रित था।

## श्रीरामकृष्ण सेवा संघ ने मनाया मां शारदा देवी का जन्मदिन व कल्पतरु दिवस

**रांची।** ब्रह्मचर्य संघ विद्यापीठ (बीएसवी) विद्यालय, निवारणपुर स्थित श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के कार्यालय परिसर में रविवार को माता शारदा देवी का जन्म दिवस एवं कल्पतरु दिवस का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के तत्वावधान में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया एवं भक्तजनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के अध्यक्ष सुकृत भट्टाचार्य, सचिव डॉ.स्मिता डे, सहायक सचिव तुषारकांति शीट,कोषाध्यक्ष तन्मय मुखर्जी, आलोक मजूमदार, डॉ. आशुतोष चटर्जी, आनंद रंजन घोष, शैवाल बनर्जी, सपन डे, असीम चक्रवर्ती, छन्दा घोष, बुला चौधरी, श्रावन्ती शीट, अर्चना चक्रवर्ती, बुला दत्ता, सोहिनी मजुमदार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## आर्मी की गाड़ी और बाइक की टक्कर, युवक की मौत

**रांची।** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के कुसई में हुई सड़क दुर्घटना में रविवार को बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आर्मी की गाड़ी और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान निक्की कच्छप के रूप में हुई है। वह पीपी कंपाउंड का रहने वाला था। मामले की जानकारी मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने बताया कि आर्मी की गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सरकार ने युवाओं को दिया धोखा

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार ने रोजगार का सब्जबाग दिखाकर झारखंडी बेरोजगार भाई-बहनों को धोखे में रखा है। सरकार के आदेश से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने जो वैकेंसी निकाली है, उसमें ना तो 1932 खतियान आधारित नियोजन का उल्लेख है, ना ही स्थानीय नीति का जिक्र है। सरकार ने ओपन फॉर ऑल के तर्ज पर विज्ञापन निकाला है। इसके तहत किसी भी राज्य के प्रतिभागी भाग लेंगे और अपने योग्यता के अनुसार नौकरी को पाएंगे। झारखंड से मैट्रिक, इंटर और स्नातक पास युवाओं के लिए सरकार ने सीटे आरक्षित नहीं किया है। यह सरासर झारखंडी भाई-बहनों, युवाओं के साथ हेमंत सरकार द्वारा किया गया छल है।

## मरहबा सोसाइटी ने जरूरतमंदों के बीच बांटा भोजन



**रांची।** मरहबा ह्यूमन सोसाइटी की ओर से एक कोशिश, कोई भूखा ना रहे कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा मार्केट के सामने सोसाइटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि झारखंड कांग्रेस के प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी के नेतृत्व में भोजन का वितरण किया। कार्यक्रम के संयोजक शमशाद अनवर ने कहा कि मरहबा के सदस्य स्वर्गीय अरशद हुसैन की याद में शुरू किया गया है और लगातार जारी है। मौके पर मरहबा के सदर हाजी शाहिद, मो शमीम, नेहाल अहमद, नैय्यर शहाबी, तारीक शगीर, नजमुल आरफीन, परवेज खान, जहांगीर आलम, मो फिरोज, जेयाउद्दीन साबरी, मो जमील तथा शेख अनीस मौजूद थे।

## जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में 125 छात्रों ने लिया हिस्सा, अंजली मिश्रा रही प्रथम

# विकसित भारत के निर्माण में युवा दें योगदान : सर्वेंद्र सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेलकूद मंत्रालय की इकाई नेहरू युवा केंद्र संगठन एवं रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में रांची जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय मेरा भारत विकसित भारत 2047 रखा गया। इस अवसर पर एनवाईकेएस के उप निदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मेरा भारत विकसित हो इसके लिए सभी को सामूहिक रूप से सार्थक प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि देश के युवा अगर ईमानदारी पूर्वक प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करेंगे तो हमारा देश विकसित भारत की श्रेणी में आएगा। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन काल में विकसित एवं मजबूत भारत की कल्पना की थी। जिसे साकार करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है एवं सभी युवा अपनी भूमिका निभाकर समृद्ध एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती, डॉ अंजनी कुमार सिंह, डॉ वासुदेव प्रसाद, एनवाईकेएस के गौरव अग्रवाल, गौरव चुग, एनएसएस के टीम लीडर्स दिवाकर आनंद, अंकित कुमार, उज्ज्वल कुमार, सुमित कुमार सिंह और दीपक कुमार साहू उपस्थित रहे।

### जिला से 125 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

भाषण प्रतियोगिता में रांची जिला से कुल 125 प्रतिभागियों ने अपनी बेबाक एवं स्पष्ट वक्तव्य से विकसित भारत के लिए अपने सुझावों एवं विचारों से सबको अवगत कराया। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों में प्रथम अंजली मिश्रा और द्वितीय रश्मि कुमारी, दोनों रांची महिला महाविद्यालय, तृतीय स्थान पर संत जेवियर कॉलेज के आयुष राज रहे। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को एक लाख रुपए, द्वितीय स्थान के प्रतिभागी को पचास हजार रुपए एवं तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पच्चीस हजार रुपए, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए प्रतिभागियों को अच्छे से तैयारी करने को कहा गया है।

### निर्णायक मंडल में ये थे शामिल

भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में संत जेवियर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ कमल कुमार बोस, रांची विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ जीतेंद्र कुमार सिंह, अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ सुमित कुमार डे शामिल थे।

## मेकन कॉलोनी में निकली अक्षत कलश यात्रा



**रांची।** माधव नगर के मेकन कॉलोनी स्थित दुर्गा हनुमान मंदिर से अक्षत कलश यात्रा निकाली गयी। यात्रा पूरे मेकन कॉलोनी का भ्रमण कर लोगों को अयोध्या से आए अक्षत देकर निमंत्रण दिया। राम मंदिर का चित्र और पत्रक भी बांटा गया। लोगों से अपील की गई कि आगामी 22 जनवरी को सभी अपने-अपने घरों में भगवा झंडा एवं दीप जलाकर प्रभु राम के आगमन का स्वागत करें ।

यात्रा में संजय पोद्दार, पप्पू वर्मा, अजय सिंह, बादल बाटीक, निर्मला पांडे, रोहित ठाकुर, निर्भय सिंह, पंकज श्रीवास्तव, शिव सिंह तथा शोभा पांडे सहित अन्य शामिल थे।

# बुनियादी मुद्दों को लेकर निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**दो चरणों में होगी झारखंड में यात्रा, दो से पांच फरवरी के बीच यात्रा के प्रवेश की संभावना**

**झारखंड में यह यात्रा 804 किमी की दूरी आठ दिनों में तय करेगी, अन्य नेता भी होंगे शामिल**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक इन तीनों विषयों देश के बुनियादी मुद्दों पर हम ये यात्रा निकाल रहे हैं। पहले जो हमारी भारत जोड़ो यात्रा थी, कन्याकुमारी से कश्मीर तक हुआ और अब मणिपुर से लेकर मुम्बई तक होने जा रहा है।

ठाकुर रविवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में में बोल रहे थे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 6,700 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जो 100 लोकसभा सीटों और 337 विधानसभा की सीटों से होकर 20 मार्च तक यात्रा विभिन्न राज्यों से होकर गुजरेगी। झारखंड में यह यात्रा 804 किमी की दूरी आठ दिनों में तय करेगी। यह यात्रा झारखंड में दो चरणों में होगी। इस यात्रा के दो से पांच फरवरी तक झारखंड में पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि आज हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा हक मिलने तक का स्टीकर जारी कर रहे हैं, जो विभिन्न जिलों में नेताओं एवं कार्यकताओं के माध्यम से दो पहिया, चार पहिया वाहनों में लगाई जायेगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हो सके। जन जागरण करने के लिए ही हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि हमारे सांसदों ने पार्लियामेंट में इन मुद्दों को उठाने की कोशिश की लेकिन वहां पर सरकार ने हमें मौका नहीं दिया और 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इस देश के इतिहास में ये पहली बार है कि इतने लोगों को निलम्बित किया गया और इतने लोगों की बात नहीं सुनी गयी। इसीलिए अब हम लोगों को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से ये बताने जा रहे हैं और जो एनजीओ हैं, पत्रकार हैं, किसान हैं, छोटे व्यापारी हैं, दलित हैं और पिछड़े हुए वर्ग के लोग हैं और बुद्धिजीवी हैं और जो आदिवासी समाज के लोग हैं, उन्हें भी हम बताएंगे और लोगों की तकलीफ भी हम सुनेंगे। क्योंकि, सिर्फ ये हमारी बात कहने के लिए नहीं, दूसरों की बात सुनने के लिए भी ये यात्रा है।

हम चाहते हैं कि लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए संविधान को जिंदा रखने के लिए ये जरूरी है कि यात्रा के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और जनता के मूल सवालों जैसे महंगाई, बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे, मजदूरों की बुरी हालत, अमीर-गरीब की बढ़ती खाई और जातिगत जनगणना आदि पर जन-जागरण करेंगे। यात्रा के दौरान राहुल गांधी समाज के विभिन्न वर्गों से, विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से, संगठनों से बात करेंगे, उनकी बात समझेंगे और उसके समाधान का प्रयास करेंगे।

## पूरे प्रदेश में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही : बंधु



**लोहरदगा।** कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की शनिवार को लोहरदगा पहुंचे। लोहरदगा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच और आरएसएस आदिवासी समाज को कमजोर करने में लगी है। विगत 24 दिसंबर को जनजाति सुरक्षा मंच की रैली असंवैधानिक, भाजपा और आरएसएस से प्रायोजित थी। साथ ही कहा कि 4 फरवरी को आदिवासी एकता महारैली कर इसका जवाब दिया जाएगा। तिर्की ने कहा कि पूरे प्रदेश में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। इस पर कहीं न कहीं भाजपा समर्थित संगठनों ने मौन धारण किया हुआ है। डीलिस्टिंग की मांग करने वालों को यह भी बताना चाहिए कि राजधानी रांची के कई इलाकों में डेमोग्राफी क्यों बदल रही है। इस पर डीलिस्टिंग को लेकर आयोजित रैली में कोई चर्चा क्यों नहीं हुई। उन्होंने कहा किया कि डीलिस्टिंग की मांग करने वालों में वैसे लोग अधिक हैं, जिनकी विचारधारा जमीन लूटने वालों से मिलती-जुलती है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के कई ज्वलंत मुद्दे हैं।

## मुक्ति संस्था ने 25 लावारिस शवों का किया अंतिम संस्कार



**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 25 लावारिस शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया। मुक्ति संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर पैक कर जुमार नदी के तट पर लेकर गए। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था की ओर से अबतक कुल 1670 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। इस मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, आशीष भाटिया, आरके गांधी, हरीश नागपाल, संजय गोयल, संदीप पपनेजा, कमल चौधरी, सुनील अग्रवाल और आदित्य राजगढ़िया मौजूद थे।

## रांची एसएसपी ने नव प्रोन्नत सात डीएसपी को पदोन्नति समारोह में किया सम्मानित



**रांची।** नव प्रोन्नत सात डीएसपी का पदोन्नति समारोह (पिपिंग सेरेमनी) एसएसपी आवास में रविवार को आयोजित हुआ। प्रोन्नति पाने वालों में रांची जिला बल के सात इंस्पेक्टर वेंकटेश कुमार, अरविंद, नीरज, रमेश, संजीव कुमार, नीरज और सत्यनारायण सिंह शामिल हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सभी डीएसपी को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजकुमार मेहता भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि गत 28 दिसम्बर को इंस्पेक्टर से डीएसपी रैंक में कुल 93 पुलिस पदाधिकारियों को प्रोन्नति दी गई थी।

## रिम्स के नेत्र विशेषज्ञ डॉ सुनील को मिला विशिष्ट शिक्षक पुरस्कार



**रांची।** रिम्स के नेत्र विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार को विशिष्ट शिक्षक पुरस्कार-2024 से नवाजा गया है। एम्स नई दिल्ली में 6-7 फरवरी को फोरम ऑफ ऑफ्थल टीचर ऑफ इंडिया के 7वें राष्ट्रीय सम्मेलन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ सुनील कुमार को उत्कृष्ट शिक्षण अनुभव एवं चिकित्सा शिक्षा में असाधारण योगदान के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दो दिवसीय इस सम्मेलन में एम्स नई दिल्ली एवं पूरे देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज के 200 प्रोफेसर शामिल हुए। इसमें चिकित्सा शिक्षा प्रणाली एवं रिसर्च को बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

## नमो एप डाउनलोड करें और पाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका

**रांची।** विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए भाजपा महानगर की ओर से रविवार को अलबर्ट एक्का चौक के पास शिविर लगायी गई। शिविर में कुल 243 लोग ब्राड एंबेसडर बने। शिविर में रांची सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता समेत कई नेता मौजूद थे। मौके पर सांसद ने कहा कि अपने स्मार्ट फोन में नमो एप डाउनलोड करके विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर बना जा सकता है। ब्रांड एंबेसडर बनने वाले को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का मौका मिलेगा। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ सालों से सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, जिन लोगों ने इन योजनाओं का लाभ लिया है, वह भी इस एप के जरिये मोदी को धन्यवाद दे सकते हैं। केके गुप्ता ने कहा कि यह शिविर अब नियमित रूप से शहर के प्रमुख स्थानों में लगाई जायेगी।

## दुर्घटना में मृत व्यक्ति के आश्रित को मुआवजा देने की डीसी ने दी स्वीकृति

**रांची।** विशिष्ट स्थानीय आपदा से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने रविवार को राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। आवेदिका सोनी साहु के पति रमेश कुमार साहु की मृत्यु 19 जून 2022 को सिल्ली में अज्ञात वाहन के टक्कर से घटनास्थल पर ही हो गई थी। रमेश साहू के आकस्मिक निधन से परिवार आहत है। सिल्ली अंचल अधिकारी की अनुशंसा के बाद रमेश साहू की पत्नी सोनी साहु को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति दी गई है। रांची एसडीओ की ओर से इससे संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के जरिये विहित प्रपत्र में मुआवजा राशि दो लाख भुगतान का आदेश पारित किया गया है।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत 27 बच्चों का दल गोवा रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केंद्र सरकार के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत देश की बहुभाषी थीम को गति देने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों के विभिन्न सरकारी स्कूलों में गत वर्ष आयोजित हुए भारतीय भाषा उत्सव 2023 (भाषाएं अनेक, भाव एक) में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले शीर्ष 25 विद्यालयों का चयन राज्य स्तर पर हुआ है। इन 24 जिले से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चों को स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गोवा राज्य के स्कूली बच्चों से मिलवाया जाएगा करवाया जायेगा। इस पारस्परिक वातार्लाप से राज्य के स्कूली बच्चे गोवा राज्य के स्कूली बच्चों के साथ बातचीत कर एक-दूसरे की सांस्कृतिक और भाषायी विविधता की जानकारी प्राप्त करेंगे। राज्य के चयनित बच्चों की टीम समन्वयक अंजलि गांगुली और रेनू जायसवाल के साथ रविवार को गोवा के लिए रवाना हुई। इस कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी बादल राज बनाये गए हैं। भारतीय भाषा उत्सव का समापन विगत वर्ष 11 दिसंबर, 2023 को महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर हुआ था।

**इन बच्चों का हुआ चयन :** अंशु मुंडा, संध्या कुमारी, गुड़िया कुमारी, माधवी गुप्ता, कैलाश रजक, बार्बी मजूमदार, मोनी सबर, टुनटुनी सबर, श्रेयश कुमार, मंजली किस्कू, मेरिशा हांसदा, नागी सोय, हीरा सांगा, सिंपी कुमारी, मोहम्मद इस्माइल, रिशु कुमार, रजनीश पासी, मयंक जयसवाल, मुस्कान कुमारी, विद्या कुमारी, वर्षा कुमारी, अनन्या सिन्हा, मुस्कान कुमारी, आर्या कुमारी ओझा, लक्ष्मी कुमारी, अजल कुमारी, माही कुमारी।

## राज्यसभा सीट और 200 करोड़ रुपये में हुई सरफराज अहमद के इस्तीफे की डील : मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को दावा किया कि राज्यसभा सीट और 200 करोड़ में गांडेय विधानसभा सीट से इस्तीफे की डील हुई है। धनबाद में सर्किट हाउस पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के झारखंड आने की खबर है लेकिन अब तक इसकी सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने के बाद मीडिया को उनके आगमन की जानकारी दी जाएगी। गांडेय विधानसभा सीट से विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफा देने को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरफराज अहमद के इस्तीफा के लिए 200 करोड़ में हेमंत सोरेन से डील हुई है। यह डील राज्यसभा सदस्य के लिए हुई है। यह चर्चा पूरे झारखंड में सड़कों पर हो रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन का जेल जाना लगभग तय है। इसलिए जिस तरह लालू यादव ने राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया था। उसी तरह से गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन भी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी में हैं। इसलिए हेमंत सोरेन ने गांडेय विधानसभा सीट को खाली करवाया है। पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना ही एक मुख्य कारण समझ में आता है, दूसरा कोई भी कारण समझ में नहीं आता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में धनबाद में नए एसएसपी के पदभार ग्रहण के बाद अवैध कोयले कारोबारी और उसमें संलिप्त पुलिस पदाधिकारी पर भी कार्रवाई चल रही है, जिसे लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह अच्छी बात है कि कार्रवाई की जा रही है लेकिन जिनके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए वह नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व एसएसपी संजीव कुमार के ऊपर कार्रवाई के बजाय उनका प्रमोशन कर डीआईजी बना दिया गया। राज्य के मुख्यमंत्री खुद इस राज्य को लूटने में लगे हैं। वह खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उनके संरक्षण में लूट मची हुई है। लोकसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी चल रही है। हर सीट के लिए हम तैयार हैं।

### सारे भ्रष्टाचारी जाएंगे जेल : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार की जांच कर रहे ईडी के अफसरों के खिलाफ लगातार साजिश हो रही है। पश्चिम बंगाल में तो 48 घंटे के भीतर दूसरी बार ईडी की टीम पर हमला हुआ। यूपीए के 10 वर्षों के शासनकाल में ईडी ने सिर्फ 5000 करोड़ के अवैध संपत्ति और कैश की रिकवरी की थी जबकि यह रिकवरी एनडीए के शासनकाल के साढ़े नौ वर्षों में बढ़ कर 1,25,000 करोड़ से ज्यादा की हो गई है। प्रतुल ने कहा कि झारखंड में भी ईडी के अफसरों पर जेल के भीतर बंद सत्ता के करीब रहे दलालों ने नक्सलियों से हमला कराने और हनी ट्रैप में फंसाने की साजिश रची थी लेकिन इन चीजों से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में चल रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान विचलित नहीं होने वाला है। सारे भ्रष्टाचारी जेल के भीतर ही दिखेंगे।

## तुलसी का रामचरितमानस आज भी सबसे ज्यादा लोकप्रिय

**रांची पुस्तक मेला**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
देश 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन का गवाह बनने वाला है। इस दिन अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। इसकी तैयारियां देशभर में की जा रही हैं। रांची में लगे राष्ट्रीय पुस्तक मेले में सबसे ज्यादा गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस को पसंद किया जा रहा है। गीता प्रकाशन से जुड़े कन्हैया लाल पटेल का कहना है कि यह प्रभु राम के प्रति राजधानीवासियों के अपार प्रेम ही है कि मेले में सबसे अधिक लोग धार्मिक पुस्तकों को खरीद रहे हैं। उसमें भी सबके ज्यादा रामचरित मानस को लोग अपने घर के पूजा स्थल पर जरूर रखना चाहते हैं। कन्हैया लाल पटेल कहते हैं कि इस वर्ष गोस्वामी तुलसीदास की रामचरित मानस के साथ साथ वाल्मीकि रचित रामायण भी लोगों को खूब भा रहा है। पुस्तक मेले में पहुंची गायत्री बर्णवाल हों या गणेश विश्वकर्मा, हर किसी की चाहत यही कि वह भले ही 22 जनवरी को अयोध्या में होने अलौकिक कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पायेंगे। रामचरितमानस तो वह घर ले ही जा रहे हैं। 22 जनवरी को घर में दीया भी जलाएंगे। गायत्री कहती हैं कि भगवान आने वाले हैं। इसलिए 22 जनवरी को दीपावली मनाने की पूरी तैयारी है। वहीं रामचरितमानस खरीदने की वजह अयोध्या से जुड़ाव बताते हुए गणेश विश्वकर्मा कहते हैं कि रामचरितमानस का पाठ करेंगे और दीया जलाएंगे। रांची में समय इंडिया संस्था द्वारा लगाए गए राष्ट्रीय पुस्तक मेला का थीम सोशल मीडिया के दौर में पुस्तकों का महत्व रखा गया है। पुस्तक मेला परिसर में संवाद, चर्चा और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नौ जनवरी तक चलने वाले इस पुस्तक मेले में धार्मिक पुस्तकों के साथ जवाहरलाल नेहरू की डिस्कवरी ऑफ इंडिया, सद्गुरु की लिखी डेथ, प्रेमचंद के गोदान के साथ साथ प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी पत्रिका की भी अच्छी बिक्री हो रही है।

### पुलिस मुख्यालय ने प्रतिनियुक्ति के लिए एसएसपी और एसपी को लिखा पत्र

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय के कार्यालय में एसआई, एएसआई और कंप्यूटर ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति को लेकर मुख्यालय की ओर से सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा गया है। पत्र मे कहा गया है कि एसआई, एएसआई और कंप्यूटर ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति के लिए अपने-अपने जिलों से मनोनयन उपलब्ध कराएं। झारखंड पुलिस मुख्यालय कार्यालय के लिए सब इंस्पेक्टर, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर और कंप्यूटर की जानकारी रखने वाले आरक्षी की प्रतिनियुक्ति की जानी है।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में साक्षी बनने के लिए 46 लाख परिवारों को दिया जायेगा न्योता : डॉ बिरेंद्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्रीराम जन्मभूमि पूजित अक्षत और नूतन मंदिर का चित्र लेकर झारखंड प्रांत के सभी जिलों में सातवें दिन रविवार को भी कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक घर-घर जाकर परिवार को निमंत्रण दिए। अभियान में विश्व हिंदू परिषद सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुसांगिक संगठनों के कार्यकताओं की सहभागिता रह रही है। विहिप के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहू ने कहा कि पूजित अक्षत को भगवान पुरुषोत्तम श्रीरामलला जी के प्रसाद के रूप पाकर जहां एक ओर रामभक्त परिवार अपने को धन्य समझ रहे हैं, वहीं सभी कार्यकर्ता रामजी का दूत बनकर घर-घर पूजीत अक्षत और नूतन मंदिर का चित्र देकर निमंत्रण देना अपने आप को परम सौभाग्यशाली मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि सात दिनों के अभियान में झारखंड के लगभग चार हजार पंचायत के लगभग बीस हजार गांव तक पहुंचकर लगभग 18 लाख परिवार को निमंत्रण दिया गया है। डॉ साहु ने कहा कार्यकताओं के उत्साह को देखते हुए 31 लाख परिवार तक पहुंचाने का लक्ष्य को बढ़ाकर अब 46 लाख परिवार तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

## पांच वर्षों में भी पूरी नहीं हुआ खूंटी शहरी जलापूर्ति योजना का काम

**दो वर्षों में पूरी होनी थी योजना, पांच वर्षों में महज 40 फीसदी काम**



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
खूंटी शहरी क्षेत्र में आगामी 40 वर्षों की संभावित जनसंख्या को ध्यान में रखकर पांच वर्ष पहले शुरू की गई खूंटी शहरी जलापूर्ति योजना अपनी कछुए की चाल के कारण अब भी अधर में लटकी है।


59.54 करोड़ की लागत से बनने वाली इस परियोजना को दो साल में पूरा करना था, लेकिन कार्यकारी एजेंसी जुडको के अधिकारियों की लापरवाही के कारण पांच वर्षों के बाद भी 40 फीसदी भी काम नहीं हुआ है। शहरी जलापूर्ति योजना से निर्बाध पानी मिलने का सपना संजोए शहर के लोगों के लिए यह योजना अभी दूर की कौड़ी है। 59.54 करोड़ की लगात वाली खूंटी शहरी जलापूर्ति योजना का एकरारनामा 18 जनवरी 2019 को हुआ था। एकरारनामा के अनुसार दो वर्षों में योजना को पूरा करना था, लेकिन जिस गति से काम हो रहा है, उससे तो यही लगता है कि दस वर्षों में भी शायद ही यह योजना पूरी हो।

### विलंब के लिए राज्य सरकार जिम्मेवार : नीलकंठ सिंह मुंडा



जलापूर्ति योजना की धीमी गति के संबंध में पूछे जाने पर खूंटी के विधायक और राज्य के तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि खूंटी शहरी जलापूर्ति में हो रही देरी के लिए राज्य सरकार पूरी तरह जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं सरकार विधानसभा में भी इस योजना को लेकर गलत जानकारी देती है। विधायक ने कहा कि कुछ दिन पहले जब उन्होंने विधानसभा में मामले को उठाया, तो सरकार ने बताया कि 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है, जबकि धरातल पर मुश्किल से 40 फीसदी ही काम हुआ है। इससे लोगों में जबरदस्त रोष है।

## बिजली बिल बकायेदारों पर बड़े एक्शन की तैयारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अब राज्य सरकार बिजली के बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई करने की तैयारी में है। राज्य में कई बढ़े औद्योगिक संस्थान हैं जिन पर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड का बड़ा बकाया है। ऐसे बड़े बकायेदारों में एसईसी का नाम सर्वप्रमुख है। मालूम हो कि एसईसी पहले से ही बड़ी आर्थिक समस्या से जूझ रही है। सरकार के इस निर्णय के बाद एचईसी के सामने एक नई परेशानी खड़ी हो गई है। अब कभी भी इसकी बिजली कट सकती है।

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने इसे बिजली बिल का बकाया भुगतान नहीं होने पर बिजली काटने की चेतावनी दी है। साथ ही इसके लिए 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। एचईसी पर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड का 180 करोड़ रुपये बकाया है। इसे लेकर रांची के अधीक्षण अभियंता डीके सिंह ने एचईसी को नोटिस भेजकर 15 दिनों के अंदर सभी बकाया भुगतान करने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर बिजली काटने की चेतावनी भी दी है। बता दें कि एचईसी प्रतिदिन लगभग 10 मेगावाट बिजली लेता है। एचईसी का बकाया पिछले दो सालों में बढ़कर 180 करोड़ रुपये हो गया है। इधर, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड अन्य सभी बकायेदारों की सूची तैयार कर नोटिस भेज रहा है, जिनके यहां लंबे समय से बकाया है। समय पर बकाया भुगतान नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों की बिजली काटी जा सकती है।

## एक नजर

### संत पॉल पब्लिक स्कूल में प्रतिभा प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन

**बरकट्ठा।** राष्ट्रीय नाई महासभा बरकट्ठा द्वारा संत पॉल पब्लिक स्कूल बरकट्ठा में रविवार को वर्ग नवम एवं दशम के बच्चियों को शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिया गया उपदेश के अनुपालनार्थ ₹बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओअभियान को जारी रखने के उद्देश्य से प्रखंड के समस्त नाई समाज के छात्राओं का एक प्रतिभा प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षाफल का प्रकाशन 24जनवरी को किया जाएगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले बेटियों को पारितोषिक दिया जाएगा। परीक्षा में दो सौ छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र ठाकुर , कोषाध्यक्ष सह केन्द्राधीक्षक बहादुर ठाकुर, सचिव भागीरथ ठाकुर, प्रखंड सदस्य राजेश ठाकुर,वीक्षक मनोज ठाकुर, बासुदेव ठाकुर, समाज सेवी राजेन्द्र ठाकुर ने अहम भूमिका निभाई।परीक्षा कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करने हेतु चलकूसा प्रखंड के शिक्षा विद सह प्रवक्ता विजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष श्रीकांत ठाकुर ने अपनी वाणी से मार्गदर्शन किया।

### करियातपुर के घरों में दिया गया आमंत्रण, वितरित हुआ पूजित अक्षत



**बरही।** करियातपुर पंचायत में अक्षत वितरण कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ. जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक चंदन कुमार केसरी ने बताया कि इस दौरान कुल 585 सनातनी परिवार के बीच पूजित अक्षत पहुंचाए गए. उन्हे 22 जनवरी के दिन अयोध्या जाने का निमंत्रण दिया गया. साथ ही उक्त तिथि को अपने घर सहित पंचायत के सभी मंदिरों को सजाने, भजन कीर्तन करने, मिठाई बांटने, दीप जलाने और पटाखे फोड़कर खुशियां मनाने की अपील किया गया है. मंदिर के उद्घाटन और राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सभी सनातनियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है. सभी की 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार है. अक्षत वितरण कार्यक्रम में चंदन कुमार केसरी ,संतोष कुमार प्रजापति, संतोष केसरी कमलेश कुमार कुशवाहा, मुन्ना सोनी, धर्मेंद्र प्रजापति, संतोष केसरी (डीलर), शशि सोनी डोमन साव, रितेश केसरी,मनी केशरी, पूनम केशरी, रिद्धि केशरी, प्रिया रानी, नंदनी केशरी, रिंकी केशरी, अर्चना केशरी, किरण देवी, किरण वर्मा, सुनैना, सीमा देवी, पुष्पा देवी, सुलेखा देवी, प्रीति देवी, वीणा देवी, नीलू देवी, जुगली देवी राजेश भगत, पिंटू केशरी आदि ने महत्पूर्ण जिम्मेवारी निभाई।

हजारीबाग झील परिसर स्थित नव निर्मित ओपन एम्फी थियेटर का उद्घाटन आज

### रंगारंग कार्यक्रम के साथ होगा ओपन एम्फी थियेटर का उद्घाटन

**हजारीबाग ।** झील परिसर स्थित जिला परिषद द्वारा नव निर्मित ओपन एम्फी थियेटर का विधिवत उद्घाटन 8 जनवरी को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि,उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त शामिल होगें। इस उद्घाटन समारोह को लेकर उप विकास आयुक्त ने बताया है कि यह ओपन एम्फी थियेटर विशेषकर युवाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसके निर्माण के पीछे यह परिकल्पना और प्रयास है कि युवाओं को वैसा मंच प्रदान कर सकें जहां बैठकर वें कुछ सकारात्मक और संरचनात्मक सोच को आकार दे सकें। इस एम्फी थियेटर में एक मंच और दर्शक दीर्घा तो है ही साथ ही साथ इसमें अनेको कलाकृतियों को भी स्थान दिया गया है। खेल के साथ तार्किक सोच का भी विकास हो इसके लिए चेस के बोर्ड भी लगाए गए है। कह सकते है कि यह सामान्य पार्कों की तरह नही है बल्कि इस स्थान को युवाओं को अपने विचारों को रखने व साझा करने का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है। जिले वासियों के लिए यह एम्फी थियेटर 8 जनवरी को सौंप दिया जायेगा।

बरही कांग्रेस के युवा प्रखंड अध्यक्ष मनोनित

# कांग्रेस पार्टी की मजबूती हमारी पहली प्राथमिकता : मंजीत



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

पूर्वी पंचायत भवन बरही में युवा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बरही विस युवा अध्यक्ष मनोहर यादव ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष कुमार रोशन व विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव गालिब इकबाल शामिल हुए। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार राकेश ने प्रखंड में युवा कांग्रेस की मजबूती की लेकर चर्चा की। साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे बिनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव को युवा कांग्रेस का बरही प्रखंड अध्यक्ष मनोनित करने की घोषणा करते हुए मनोनयन पत्र सौंपा। विश्वास जताया कि नव मनोनित युवा अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिलेगी एवं जनाधार बढ़ेगा। नवमनोनित अध्यक्ष ने भी पार्टी के विश्वास पर खरा उतने की बात कही। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी साथ ही सभी वरिष्ठों का सम्मान करते हुए प्रखंड क्षेत्र में युवा कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए हर संभव कार्य करने की बात कही। बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने नव मनोनित युवा अध्यक्ष को बधाई दिया। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी रघुनंदन गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा जिला विधायक प्रतिनिधि वासुदेव यादव, कुणाल कटरियार, जमुना यादव, हुमायूं खान, धर्मेंद्र यादव, शशि यादव, आशीष यादव, पूर्व युवा अध्यक्ष अमित जायसवाल, कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष शरीफुल हक, मनोज कुमार, द्वारिका रविदास, सुशील केसरी, मोहन प्रजापति आदि शामिल थे। सभी ने नव मनोनित अध्यक्ष को बधाई देते हुए इस मनोनयन के लिए प्रदेश अधिकारियों का अभार जताया। विश्वास जताया कि नव मनोनित अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी सबल होगा।

# सुर्यकुंड मेला में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जायेंगे हजारों श्रद्धालु : पिंटू कुमार




बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक पर्यटक स्थल सूर्यकुंड धाम में माता वैष्णो देवी का भव्य आकर्षक मंदिर और गुफा का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें माता वैष्णो देवी के सभी रूपों के साथ-साथ अन्य भगवान के कलाकृतियों को उकेरा जा रहा है।वहीं इसके कलाकार बिहार से आए हुए हैं।कलाकार पिंटू कुमार ने बतलाया कि मैं बचपन से ही इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया हूं । मेरा बचपन यहीं गंगपाचों में बीता है।चौपारण में रहकर मैं कई साल तक अपना बिजनेस किया हूं। हम लोग बिहार से हैं। हम लोगों के मन में आया कि जो बुजुर्ग लोग माता वैष्णो देवी का दर्शन नहीं कर पाते हैं वैसे लोगों को क्यों नहीं इस मेला में माता वैष्णो देवी का दर्शन कराया जाए ।यही सोचकर हम लोग इस गुफा का निर्माण कर रहे हैं।इसमें जो दिव्यांग बच्चे हैं उन्हें निशुल्क प्रवेश रहेगा और जो 70 से अधिक उम्र के हैं उन्हें भी निशुल्क प्रवेश रहेगा।हमारे कमेटी के द्वारा जिन लड़कियों को 18 साल 20 साल हो गया है और जो अनाथ है शादी करने से सक्षम नहीं है, जिनके पास आर्थिक समस्या है वह हम लोगों के कमेटी से संपर्क करेंगे तो उन्हें एक फॉर्म भरवारा जाएगा और उन्हें आर्थिक मदद भी किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### घने कोहरे और तापमान गिरने से जिलेभर में जनजीवन प्रभावित



**रामगढ़।** जिले में 7 जनवरी को घना कोहरा छाया रहा। कोहरा इतना घना था की दोपहर 2:30 बजे के आसपास जिला वासियों को सूर्य देवता का दर्शन हो पाया। तब जाकर लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली। रविवार को घना कोहरा छाये रहने के कारण वाहन चालकों को वाहन चलाने में काफी मुश्किलों से जूझना पड़ा। कोहरे के कारण वाहन चालकों ने काफी देर तक लाइट जलाकर धीरे धीरे वाहन चलाया। आलम यह था की शहर सहित पूरा जिला घने कोहरे के आगोश में रहा। कोहरे के कारण 30 मीटर तक की दूरी भी देखने में वाहन चालकों को काफी परेशानी आ रही थी। वहीं, छुट्टी का दिन होने के कारण बच्चों के लिए थोडी राहत रही। नहीं तो इस ठंड में स्कूल जाने में उन्हें भारी परेशानी का समना करना पड़ सकता था। न्यूनतम तापमान 12 डिग्री और अधिकतम तापमान 22 डिग्री तक दर्ज किया गया।

### श्री पार्श्वनाथ जिनालय में भगवान पार्श्वनाथ का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**रामगढ़।** रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय में 7 जनवरी को जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म वकल्याणक महोत्सव बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम श्रीजी का जलाभिषेक एवम शांतिधारा किया गया। साथ ही भगवान पार्श्वनाथ को पालना में झूलाया गया। इस दौरान जलाभिषेक का सौभाग्य पदम सेठी और योगेश कुमार को प्राप्त हुआ। जबकि शांतिधारा का सौभाग्य सुरेश सेठी, शरद जैन व अरूणा जैन को प्राप्त हुआ। वहीं, भगवान पार्श्वनाथ के माता पिता बनने का सौभाग्य कमल पाटनी एवं कविता पाटनी को मिला। मंदिर जी में भगवान पार्श्वनाथस्वामी के पालना झुलाने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छोटे बच्चों द्वारा द्वारा मंगलाचरण एवम स्वागत डांस किया पेश किया गया। राहगीरों के बीच मीठी बुंदिया का वितरण किया गया। अनुष्ठान के दौरान बताया गया की भगवान पार्श्वनाथ जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर हैं। उनकी मूर्ति के दर्शन मात्र से ही जीवन में शांति का अहसास होता है। पार्श्वनाथ वास्तव में ऐतिहासिक व्यक्ति थे। उनसे पूर्व श्रमण धर्म की धारा को आम जनता में पहचाना नहीं जाता था। पार्श्वनाथ से ही श्रमणों को पहचान मिली। वे श्रमणों के प्रारंभिक आइकॉन बनकर उभरे। पार्श्वनाथ के प्रमुख चिह्न- सर्प, चौत्यवृक्ष- धव, यक्ष- मातंग, यक्षिणी- कुष्माडी आदि है। मौके पर समाज अध्यक्ष माणिक जैन,अरविंद सेठी, जंबू जैन,नरेंद्र छाबड़ा,पदम सेठी,राजू सेठी,नीरज सेठी,देवेंद्र गंगवाल,राजू पाटनी,ललीत चूरीवाल प्रोग्राम संयोजक संदीप सेठी , रितेश सेठी , मीडिया प्रभारी राहुल जैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सांसद ने किया कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा ने हजारीबाग के डेमोटांड स्थित अपने आवास ऋषभ वाटिका में संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यकर्ता मिलन समारोह में आगंतुक भाजपा कार्यकर्ताओं का जयंत सिन्हा ने भरपूर स्वागत करते हुए नव वर्ष के अवसर पर अपने हृदय से हार्दिक मंगल कामना किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं के साथ सांसद जयंत सिन्हा ने लिट्टी, चोखा, जलेबी और हजारीबाग का विशेष पकवान बर्रा, धुस्का खाकर भरपूर आनंद उठाया।इस आयोजन में पकवान के साथ गीत और संगीत का अति मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसका भरपूर आनंद सांसद सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उठाया। इस अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज अपने संसदीय क्षेत्र के देव तुल्य कार्यकर्ताओं के साथ इस आनंदपूर्ण समय में मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। आप लोगों ने पूरे 10 वर्षों के मेरे स्वर्णिम कार्यकाल में हृदय से मेरा साथ दिया। जिससे मुझे विकास के काम करने की नई ऊर्जा का संचार होता रहा। आप लोगों के प्रेम और विश्वास के कारण मैं अपने लोकसभा क्षेत्र, राज्य और देश का विकास करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# अझाप्रा शिक्षक संघ का वनभोज सह सम्मान समारोह हुआ संपन्न




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के सलैया स्थित जंगल में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले वनभोज सह सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार ,अजप्ता जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद, बरही प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद, सचिव मथुरा प्रसाद ,चलकुशा प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार, बरकट्ठा अजप्ता अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, सचिव रामकिशुन महतो, प्रवक्ता मो0 रियाजुद्दीन ,उपाध्यक्ष यमुना बैठा, शिक्षिका मनीषा कुमारी, सावित्री कुमारी, शबाना सीरीन, सीआरपी रामकृष्ण पांडेय, अनंत पांडेय, फलजीत राणा, विनोद कुमार शर्मा ,सहायक अध्यापक प्रखंड सचिव सुकर ठाकुर, लीलधारी प्रसाद, सेवानिवृत शिक्षक मधुसूदन प्रसाद, मुरलीधर महतो ,रामचंद्र प्रसाद कार्यक्रम में शामिल हुए । अतिथियों को बरकट्ठा संघ के द्वारा अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वहीं मंच संचालन शिक्षक यमुना साव ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि बरकट्ठा अजप्ता संघ सशक्त है और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वह्न कर रहा है।कहा कि संघ की मजबूती के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। बीईईओ ने कहा कि विभाग किसी के साथ भेद भाव नहीं करती है।सबों के कार्यो की अपनी अपनी सीमाएं है। प्रखंड के शिक्षकों एवं सभी कर्मियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है जिसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूॅ। स्वागत समारोह के बाद मौके पर शिक्षक संघ द्वारा वनभोज कार्यक्रम में स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद उठाया। कार्यक्रम समाप्ति पश्चात सब ने संगीत का खूब आनंद उठाया तथा नृत्य किया।

एलआईसी के एसडीएम ने घर जाकर दिया निष्ठा व परिश्रम का पुरस्कार

# 19 वर्षों से बरकरार है सीएम क्लब मेंबरशीप : उमेश



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

जीवन बीमा की दुनिया में करियातपुर निवासी सीनियर एलआईसी एडवाइजर उमेश चंद्रवंशी का क्षेत्र में विशेष पहचान है। पिछले लगभग तीन दशक से कर्तव्यनिष्ठता व समर्पण के साथ लोगों को बीमा करना और समयनुसार मैच्योरिटी या क्लेम का त्वरित भुगतान करवाना उनकी नियति सी हो गई है। एलआईसी के लिए करोड़ों से भी अधिक व्यवसाय करने वाले मृदुलभाषी चंद्रवंशी आमलोगों के साथ अपने अधिकारियों के भी चहेते बन गए हैं। यही कारण है पॉलिसी होल्डर का उनके प्रति अटूट विश्वास और सम्मान देखने को मिलता है। *एसडीएम ने घर जाकर निष्ठा व परिश्रम का पुरस्कार दिया। पिछले 19 वर्षों से सीएम क्लब सदस्य रहने वाले तथा दो बार एमडीआरटी बनने वाले श्री चंद्रवंशी को उनके परिश्रम का पुरस्कार मिला। एलआईसी के सीनियर डिविजनल मैनेजर (एसडीएम) मुकेश कुमार, हजारीबाग डिविजनल एमओ आशीष कुमार, झुमरी तिलैया शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक नारायण चंद्र बेहरा, सहायक शाखा प्रबंधक विजय कुमार नायक और चौपारण बीएम संजय कुमार सिंह उनके घर पहुंचकर उन्हें सपत्नीक उपहार और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए नए वर्ष में कॉट के लक्ष्य को पूरा करने की उम्मीद जताई। जो उनके जीवन का एक सुनहरा पल था। मौके पर रंजीत कुमार केसरी, प्रदीप कुमार केसरी, सुरेश केसरी, सुबोध केसरी आदि बरही के कई प्रतिष्ठित व्यवसाई भी मौजूद थे। मौके पर श्री चंद्रवंशी ने अधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया साथ ही इस अनुपम भेंट का अभार जताया।

जेबीकेएसएस की बैठक में वार्ड कमेटी का गठन

# संगठन से सभी समुदाय के लोगों को जोड़ने पर विशेष बल दिया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ : झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की रविवार को कमेटी गठन के लिए नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 18 और 19 में कमेटी गठन के लिए बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जयपाल महतो एवं संचालन अंजन कुमार महतो ने किया। बैठक में केंद्रीय कमेटी के सदस्य, जिला कोर कमेटी सदस्य, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत कमेटी सदस्य तथा ग्रामीण सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बैठक में जेबीकेएसएस की मजबूती और विस्तार की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान संगठन में सभी समुदाय के लोगों को जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही कहा गया कि टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। कहा गया की झारखण्ड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है। वर्तमान परिवेश की राजनीति में युवा, महिलाएं, छात्र, बुजुर्ग सभी वर्ग के लोगों की उम्मीद टाइगर जयराम महतो बन चुके हैं। नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नंबर 18 एवं 19 की कमेटी में संरक्षक जयपाल महतो, अध्यक्ष गणेश बेदिया, उपाध्यक्ष विवेक महतो, राजेंद्र महतो, सचिव फरेश रजवार,सह सचिव तैयब अंसारी, कोषाध्यक्ष विशाल महतो, संगठन सचिव चंद्रदेव महतो, शक्ति बेदिया, मीडिया प्रभारी राजदीप महतो, इंद्रदेव महतो को बनाया गया।

### अयोध्या से आए पूजीत अक्षत का किया गया वितरण



**रामगढ़।** विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ नगर इकाई द्वारा 7 जनवरी को अयोध्या से आए पूजीत अक्षत वितरण का प्रारंभ कुजू कोलयरी न्यू कॉलोनी बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुखिया कुमारी नीलम ने एवं संचालन अनीता देवी ने किया । कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सह आमंत्रण पत्र अभियान प्रमुख मंत्री छोटू वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित होकर घर-घर जाकर अयोध्या से आए हुए पूजीत अक्षत एवं आमंत्रण पत्र को देते हुए 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाली पूर्ण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से घर-घर बताते हुए आगे बढ़ते गए। उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी को हम सभी लोगों का आपने घर के पास अयोध्या रूपी माहौल बनाना है। अपने ही घर, मोहल्ला, पड़ोसी में मिलकर भव्य रूप से दीपावली से भी बढ़कर इस बार दिवाली मनाने की बात उन्होंने कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ ज़िला मंत्री छोटू वर्मा,ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल, तेजनाथ महतो, रेखा देवी, सावित्री देवी, राखी सिंह, अनिता देवी,निलु देवी, ललिता देवी बज्जू करमाली, राजू करमाली, अंजू ठाकुर, शंकर ठाकुर,पूर्व वार्ड सदस्य रवि सिंह, धनंजय सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो, नितेश कुमार, उमेश महतो, सुरेन्द्र आदि उपस्थित थे।

हजारीबाग प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकार समूह हुए एकजुट

# मनोरम स्थल सलपर्णी में आयोजित किया गया वनभोज-सह-मिलन समारोह



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों के समूह ने एक बार फि र एकजुटता का परिचय देते हुए एक बार भी अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज. की है। हजारीबाग प्रेस क्लब के गठन के उपरांत से ही लगातार इस समूह ने पत्रकार हित के साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी एकता का परिचय देते हुए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का सकारात्मक पहल किया है । रविवार को साल 2024 में पहली बार गतिविधि करते हुए हजारीबाग प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और इससे जुड़े सदस्यों ने वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन हजारीबाग से करीब 13 किमी दूरी पर अवस्थित हजारीबाग वन्यप्राणी आश्रणी के प्राकृतिक सौंदर्य स्थल सलपर्णी में किया। जहां घने वृक्षों के तले सुबह की कोहरे और उसके बाद हल्की धूप के बीच सलपर्णी की प्राकृतिक छटाओं के साथ परिंदों की अठखेलियां और हवाओं की मीठी से सुगंध के बीच सुहाने मौसम का जमकर आनन्द उठाया। वनभोज के दौरान कलम के सिपाहियों के चेहरों पर गहरे संतोष और संतुष्टि की भावना के साथ नव वर्ष में एक दूसरे से मिलन-संपर्क से नया जोश और उमंग देखने को मिला। यह वनभोज तब बेहद खूबसूरत हो गया जब समूह से जुड़े पत्रकारों के साथ कई जननेता, सामाजिक और प्रशासनिक सेवा के लोग उपस्थित हुए और उनका मनोबल बढ़ाया। विशेष रूप से जिला परिषद के अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, भाजपा नेता सह बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता, कांग्रेस नेता सह सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. आर.सी. प्रसाद मेहता, डीपीआरओ से जुड़े परिमल कुमार और आरोग्यम हॉस्पिटल से जुड़े राजीव कुमार शामिल हुए और लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ संग उनकी खुशियों को बांटा।

**पत्रकारों संग कई राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक सेवा के लोग हुए शामिल, भविष्य को लेकर हुई विशेष चर्चा- परिचर्चा**

मानव विकास संस्था के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन

# माइक्रो प्लान पर की गयी चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के बेलकपी पंचायत सचिवालय में स्वयंसेवी संस्था मानव विकास के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। वहीं रोल आउट मीटिंग में गांव की संपूर्ण विकास कैसे हो इसके लिए माइक्रो प्लान करने के लिए लोगों को प्रशिक्षित किया गया। मौके पर संस्था के सचिव बीरबल मेहता ने बताया कि संस्था की ओर से बरकट्ठा में कृषक गुरुकुल की स्थापना किया जाएगा जहां पर सभी कृषकों को ट्रेनिंग के साथ-साथ प्रयोग करवाया जाएगा। प्रशिक्षण में बेलकपी पंचायत मुखिया ललिता देवी ने गांव में रहकर खेती-बारी कर जीवकोपार्जन करने की सलाह दी। उन्होंने रोजगार को लेकर जो पलायन करते हैं उसको कैसे कम किया जाय इसके लिए भी तरकीब बताया गया। कार्यक्रम में बरकट्ठा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से लोग उपस्थित हुए थे। कार्यक्रम को सफल करने में सरपंच सूरज मुनि मुर्मू राहुल, रॉबिन, अंजू , बास्के,रोहित, दुर्गा, बबून आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### नॉक आउट ताइक्वांडो एकेडेमी के रितेश सिंह ने मध्य प्रदेश में लहराया परचम



**हजारीबाग।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय स्कूली ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हजारीबाग शहर के नॉकआउट ताइक्वांडो अकैडमी के 11 वर्षीय छात्र रितेश कुमार सिंह ने सीबीएसई वर्ल्ड स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले तथा राज्य का नाम रोशन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 31 दिसंबर से 5 जनवरी तक चली।रितेश कुमार सिंह के हजारीबाग पहुंचने के उपरांत शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने अपने कार्यालय परिसर में रितेश कुमार सिंह को आमंत्रित कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सम्मानित किया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने रितेश कुमार सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप खिलाड़ी खेल तथा शिक्षा के प्रति सदैव अग्रेषित रहे हम आप सभी के साथ सदैव खड़े हैं। जिस तरह आप लोगों की खेल के प्रति लगन है इस तरह मेरी लगन है कि मैं आप सबों के साथ बड़ा भाई बनकर सदैव खड़ा रहूं। साथ ही कहा की रितेश कुमार सिंह ने इतने कम उम्र में जिला तथा राज्य का नाम रोशन किया है।

## एक नजर

### भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद बानो की हुई बैठक

**बानो।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद् की बैठक डाक बंग्ला परिषर बानो में उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता की गयी ।बैठक में सामाजिक संगठन पर एकता बनाने पर चर्चा की गयी। प्रखण्ड स्तरीय फूटबाल खेल का लेखा - जोखा बैठक में प्रस्तुत की गई एवं ग्राम स्तर पर समिति तथा क्षेत्रिय स्तर पर समिति का विस्तार करने पर चर्चा की गयी। बैठक में प्रखण्डं अध्यक्ष महेश सिंह, चन्द्रंभान सिंह, लोदो सिंह, घनश्याम सिंह, अह्लया देवी, ललीता देवी, चन्द्रंवती कुमारी, के आलावा अन्य लोग मौजूद थे।

### ठेठईटांगर प्रखंड प्रशासन ने वन भोज का किया आयोजन



**ठेठईटांगर।** अंबापानी नदी में रविवार को प्रखंड प्रशासन द्वारा नववर्ष के मौके पर वनभोज का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ठेठईटांगर, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव की अगवाई में कार्यक्रम किया गया इस मौके पर विभिन्न प्रखंडों से प्रशासनिक पदाधिकारी को बुलाया गया था जहां पर हरे भरे पहाड़ों के बीच सभी लोगों ने नववर्ष की पिकनिक का आनंद उठाया । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी लोगों को नए वर्ष की शुभकामना देते हुए उन्होंने जिलाहित में सभी लोगों को इसी प्रकार कार्य करते हुए 2024 में बेहतर कार्य करने को लेकर चर्चा की इस दौरान सभी लोगों ने वहां पर लजीज व्यंजन का आनंद उठाया ।मौके पर बाँसजोर बीडीओ नूतन मिंज, बानो बीडीओ सिमडेगा सीओ बाँसजोर सीओ ,डीपीआरओ सहित कई लोग मौजूद रहे।

### राम नाम की धूम,महिलाएं घर की दहलीज लांघ कर घर घर दे रहीं हैं निमंत्रण

**केरसई।** केरसई प्रखंड में अयोध्या में पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचाने का लक्ष्य अब अभियान का रूप ले चुका है ।रविवार को साहू चौक की मातृशक्ति पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र को लेकर घर की दहलीज लांघ कर घर-घर पहुंची और लोगों को 22 तारीख के राम मंदिर उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में भाग लेने का निमंत्रण दिया। महिलाएं जय श्री राम जय सियाराम के नारे लगाते हुए उत्साह के साथ घर-घर जाकर निमंत्रण दे रही थी। साथ ही उन्होंने बताया की 22 जनवरी को केरसई को ही अयोध्या बना दिया जाएगा ।दुर्गा मंडप में एलइडी टीवी स्क्रीन पर अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण किया जाएगा ,साथ ही भजन कीर्तन पूजन भंडारा का भी आयोजन होगा जिसमें सभी राम भक्त आमंत्रित हैं। मौके पर नीलम देवी, रानी देवी, निर्मला देवी, नीलू देवी ,मेनका देवी, रसमणि देवी, रीना देवी, वसुधा देवी ,रिंकी देवी ।कार्यक्रम को घर-घर पहुंचने में प्रखंड स्तर पर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद प्रणव कुमार ,गौतम कुमार, रवि गुप्ता ,रविंद्र बड़ाईक जयंत प्रसाद, रमेश प्रसाद ,अजय रोहित लगे हुए हैं।

### जिस गांव में बिजली के खंभे तक नहीं लगे वहां घरों में लगा दिए गए हैं मीटर

# सेमेरिया के ग्रामीण बिजली के लिए करेंगे वोटों का बहिष्कार



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

प्रखंड के सेमरिया गांव में एक अजीबो-गरीब वाक्या सामने आया है। लमडेगा पंचायत अंतर्गत आने वाले इस गांव में आज तक बिजली नहीं पहुंची, लेकिन वहां के ग्रामीणों को बिजली के मीटर थमा दिए गए हैं। ग्रामीण अपने हाथों में मीटर लिए खड़े हैं, उन्हें समझ नहीं आ रहा की वह इसका करेंगे क्या। चारो ओर जंगलों से घिरे आदिवासी बहुल गांव के लोग आज भी बिजली के लिए टकटकी लगाए हुए हैं। आज भले ही जगह-जगह विकास यात्रा निकाली गई, लेकिन यह गांव आज भी विकास से कोसों दूर है। बता दें कि गांव में आजादी के बाद से आज तक बिजली सप्लाई लाइन नहीं पहुंची है। यहां के लोग कई साल से गांव को बिजली से जोड़ने की मांग हर स्तर पर करते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर मुखिया, जिले के उपायुक्त और स्थानीय विधायक से भी शिकायत की लेकिन हर जगह ग्रामीणों को सिर्फ आश्वाशन ही हाथ लगी। यहां तक की बिजली विभाग ने भी इन ग्रामीणों से मजाक कर दिया। गांव में न तो बिजली के पोल लगाए गए, न ही बिजली सप्लाई लाइन तार बिछाए गए हैं। ग्रामीण कृष्णा बड़ाईक, मुकेश बड़ाईक, इंद्रजीत बड़ाईक, सुरेश बड़ाईक, रतन बड़ाईक, घुरन बड़ाईक, तपेश्वर बड़ाईक, राजा बड़ाईक, रीता देवी, बसंती देवी, झरियो देवी, बितनी देवी, सावित्री देवी, सोनिया कुमारी, संतोष बड़ाईक आदि ने बताया कि सेमरिया गांव में लगभग 160 परिवार हैं और वर्ष 2020 में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के परिवार के मुखिया के आधार कार्ड का संग्रह कर लिया और कहा कि जल्द ही आपके घर बिजली लगा दी जाएगी। इसके बाद बिजली विहीन इन परिवारों के लिए बिजली के मीटर भी थमा दिए गए। जिसके बाद लोगों ने निर्णय लिया की आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले यदि गांव में बिजली नहीं पहुंचेगी तो गांव के एक भी मतदाता अपना मतदान नहीं करेंगे। सबने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में पीएमश्री योजना अंतर्गत हुनर मेला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

जवाहर नवोदय विद्यालय में रविवार को पीएमश्री योजनान्तर्गत हुनर मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य बी पी गुप्ता ने किया। इस मौके पर मिट्टी के बरतन बनाने वाले कुम्हार, बांस से निर्मित टोकरियां, डलियां बनाने वाले कलाकार और झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को मूर्ति के माध्यम से प्रदर्शित करने वाले कलाकारों ने अपने-अपने कौशल से सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न विधाओं में निपुण कलाकारों ने नवोदय के छात्रों को इन कौशलों की शिक्षा दी। छात्रों ने भी दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली इन सामग्रियों का निर्माण स्वयं किया। बारहवीं (कला) के छात्र राजकुमार पाईक ने कहा कि इस तरह का अनुभव उनके भविष्य के लिए अहम है। प्राचार्य बी पी गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें विद्यार्थी जीवन से ही पठन-पाठन के साथ-साथ इन कौशलों के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए ताकि भविष्य में रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर सृजित हो सके।

## न्यूज बॉक्स

### कुरडेग में घर की छत से गिरकर युवक हुआ घायल

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के प्रकाला बेलटोली में घर के छत से गिरकर युवक हुआ घायल। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संतोष कुमार पासवान 35 वर्ष पिता स्व मोहन पासवान निवासी ठाकुर टोली सिमडेगा अपने परिचित के घर परकला बेलटोली आया था। रविवार को शाम के समय घर के छत पर टहल रहा था इसी क्रम में पैर फिसल जाने से छत से नीचे गीर पड़ा जिससे माथे पर गंभीर चोट लगी। इलाज के लिये प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र कुरडेग लाया गया जहाँ डॉ दिलीप कुमार बेहरा ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा रेफर कर दिया।

### अलिंगुड गांव में मकर संक्रांति मेले को लेकर की गयी बैठक, समिति का हुआ गठन



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के अलिंगुड में मकर संक्रांति मेला आयोजन को लेकर बैठक किया गया। इस मौके पर आगामी 14 जनवरी को ओंकारेश्वर धाम जतरा टोंगरी में मकर सक्रांति को लेकर महावीर सिंह की अध्यक्षता में बैठक किया गया ।जिसमे नया समिति गठन किया गया ।बैठक में लोकेंद्र सिंह को अध्यक्ष,दीपक सिंह को सचिव तथा विश्वा सिंह को संचालक,पारस सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बताया गया कि इस मौके मुख्य आकर्षण पैंकी नृत्य होगा। अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी टी पी सिंह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी ,थाना प्रभारी,प्रमुख, तथा सभी पंचायत के मुखिया को आमंत्रित किया जाएगा ।इस मौके पर बैठक में टकबर सिंह,लखन सिंह, विजय सिंह,गिरिधारी सिंह,गिरीश चंद्र सिंह,बिरनाथ सिंह आदि उपस्थित थे।

### बानो प्रखंड में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का समापन




बानो। प्रखंड में आयोजित चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का रविवार को समापन किया गया ।इस प्रशिक्षण में दो बैच चलाया गया था । प्रत्येक बैच में 40-40 शिक्षकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की जानकारी दी गई ।साथ ही गतिविधि आधारित शिक्षण को जोर दिया गया तथा टीएम निर्माण, पाठ योजना निर्माण ,डिकोडिंग, बिग बुक रीडिंग ,सामाजिक भावनात्मक एवं नैतिकता का विकास के संदर्भ में शिक्षकों को जानकारी दी गई ।इस प्रशिक्षण के प्रशिक्षक मुख्य रूप से केदारनाथ सिंह, ओमप्रकाश ओहदार, संध्या सिंह, आशीष चंद्रा एवं प्रेम किशोर नायक थे ।बानो प्रखंड के प्रशिक्षण का देखरेख प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निर्मला लिंडा की भूमिका रही।

### कोलेबिरा देवनदी के समीप टेलर और टेंपो में हुई टक्कर तीन सवारी हुए घायल

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत देवनदी के समीप एक तीव्र गति से आ रही ट्रेलर ने टेंपो को टक्कर मार दिया जिससे कोलेबिरा साप्ताहिक बाजार कर वापस आ रही सवार महिलाएं घायल हो गई और ट्रेलर सिमडेगा की ओर भाग गई। मिली जानकारी के अनुसार मैना देवी उम्र 40 वर्ष पति अर्जुन सिंह, रँथी देवी उम्र 38 वर्ष पति दिनेश मुंडा और देवकी देवी उम्र 42 वर्ष पति स्व वासुदेव सिंह तीनो कोलेबिरा के कुन्दरडेगा निवासी है। तीनो कोलेबिरा के साप्ताहिक बाजार कर के टेम्पू से अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान देव नदी के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर ने टेंपो को धक्का मारते हुए सिमडेगा की ओर भाग गयी ।जिससे कि टेम्पू सवार तीन सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी मिलते हैं कोलेबिरा थाना के एएसआई अनिरुद्ध पासवान दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायलों को पुलिस जीप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा पहुंचाया, जहां पर तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया।

# खरवार भोगता विकास संघ की हुई बैठक, समाज उत्थान की हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

रविवार को जिला परिषद डाक बंगला सिमडेगा में खरवार भोगता समाज विकास संघ सिमडेगा के तत्वधान में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता समाज के केंद्रीय महासचिव जगन्नाथ सिंह भोगता द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से समाज का चहुमुखी विकास हो साथ ही समाज में शैचणिक, सांस्कृति आर्थिक एवं राजनैतिक उत्थान आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर कहा गया आगामी चुने में चुनाव में समाज की ओर से उम्मीदवार दिया जाएगा ।वही समाज के मजबुती एवं विस्तार के लिए सिमडेगा में खरवार भोगता समाज विकास संघ की प्रमण्डलीय कमिटि का गठन किया। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 5 एवं 6 फरवरी को दो दिवसीय सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएग। पहले दिन अपराह्न 03 वर्ष प्रतिनिधि सभा का शुभारम्भ किया जाएगा। जिसमें केन्द्रीय समिति के पदाधिकारी सहित राँची, खूँटी, लोहरदगा, गुमला एवं सिमडेगा के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। दूसरे दिन महासम्मेलन में प्रमण्डलीय कमिटि की घोषणा की जाएगी एवं सम्मेलन में प्रमण्ड?लीय शहर में रोड शो किया जाएगा। महासम्मेलन के समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश भाजपा अध्यन बाबुलाल मराण्डी को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। वही इस बैठक में प्रमण्डलीय समिति के गुमला संयोजक विश्वनाथ प्रधान ग ,भाजपा किसान मोर्चा के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल के सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता, गुमला जिला अध्यक्ष जीतु प्रधान, केन्द्रीय समिति सदस्य सुदर्शन भोगता, पूर्व केन्द्रीय संगठन मंत्री बलराम प्रधान, घुसी सिंह, रीखीमुनी देवी, कृष्णा प्रधान ,हीरा प्रधान, हीरालाल प्रधान, सतीश प्रधान वेदप्रकाश, सुरजन प्रधान लालचंद प्रधान, कर्मनाथ प्रधान, अरुण प्रधान, बंधना प्रधान, विश्रा प्रधान, आदि उपस्थित थे।

### मां वनदुर्गा मन्दिर में 22 जनवरी को होगा अखंड हरि कीर्तन



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के प्रसिद्ध दर्शनीय मां वनदुर्गा मन्दिर में आगामी 22 जनवरी को होगी अखण्ड हरि कीर्तन । वनदुर्गा पूजा समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक आहूत कर अयोध्या में रामजन्म भूमि पर नव निर्मित भगवान राम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर वनदुर्गा मन्दिर में भी अखण्ड हरि कीर्तन के साथ धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जायेगा । इस अवसर पर समिति की ओर से महाभोग एवं महाप्रसाद तथा भंडारा का आयोजन किया जाएगा ।इस मौके पर अयोध्या धाम में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लाइव प्रसारण दिखाने का भी निर्णय लिया गया। आगामी 22 जनवरी को कार्यक्रम करने हेतु कई विभाग बंटवारा भी किया गया।

### कुरडेग के बनगांव में घर-घर पहुंचा पूजित अक्षत आमंत्रण



कुरडेग। कुरडेग प्रखण्ड के बनगांव में रविवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा घर-घर जाकर अयोध्या धाम में पूजित अक्षत एवं निमंत्रण पत्र बांटा गया, लोगों ने श्रद्धा भाव से जय श्री राम का जयकारा करते हुए निमंत्रण स्वीकार कर रहे थे मौके पर समाजसेवी सह केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की हमलोग सोभाग्यशाली हैं कि हजारों वर्षों के बाद हमें राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा देखने का अवसर मिल रहा है इसके लिए कितने साधु संत महात्मा कर सेवा के अपने प्राणों की आहुति दे दिए हैं ।उपस्थित सभी राम भक्त घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र देते हुए 22 जनवरी को इस उत्सव को जोरदार उसे मनाने का आग्रह कर रहे थे साथ ही 22 जनवरी को प्रत्येक घर में दीप जलाकर दीपावली की तरह मनाया जाएगा ये भी बता रहे थे ।मौके पर पुरुषों के साथ काफी संख्या में मातृशक्ति महिलाएं के अलावा रविंद्र शर्मा ,विष्णु साय, बच्चन साय ,विहिप के बलवीर ,वासुदेव राम ,सुदामा साय ,पहान पुजार के अलावा ग्राम के सभी ज्येष्ट श्रेष्ठ उपस्थित थे।

## शॉर्ट सर्किट से ट्रेलर में लगी आग, इंजन जलकर राख



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

थाना अंतर्गत फिकपानी बाजार के कटहटांड के पास रविवार को नेशनल हाईवे 143 में एक ट्रेलर के इंजन में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गयी। आग लगने की वजह से चालक कूद कर अपनी जान बचाई और मौके पर रास्ते से गुजर रहे ट्रक चालकों की भीड़ उमड़ गई और अफरा तफरी माहौल हो गया, इधर तत्काल दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई ।सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेलर में चुना लोड था जो राजस्थान से उड़ीसा जा रही थी जिसका नम्बर एनएल 01 क्यू 9034 है। घटना की जानकारी देते हुए ट्रेलर के ड्राइवर शफीद खान ने बताया कि ट्रेलर में शॉर्ट सर्किट होने के बाद इंजन में धुआं आने लगा और देखते ही देखते आग लग गई। ट्रेलर के ड्राइवर ने ट्रेलर को जलने से बचने के लिए काफी प्रयास किया जिससे कि ड्राइवर का दाढ़ी भी जल गया। इसके बाद ट्रेलर के ड्राइवर ने 112 नंबर में कॉल कर अग्निशमन के दमकल कर्मियों को ट्रेलर में आग लगने की सूचना किया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद कोलेबिरा पुलिस भी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची।

# रोस्टर शीट की अनदेखी कर ड्यूटी नहीं देने को लेकर गृहरक्षकों में रोष



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एशोशिएसन की आवश्यक बैठक रविवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में जीतू बड़ाईक की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में गृहरक्षकों की ज्वलनशील समस्या ड्यूटी, रोस्टर शीट को लेकर चर्चा हुई उन्होंने कहा प्रशिक्षण प्राप्त होने के बाद गृहरक्षकों को ड्यूटी के लिए चक्कर काटना पड़ रहा है। उन्होंने बताया सिमडेगा में वर्तमान समय मे 624 की संख्या में है एवं विधि व्यवस्था हेतु सिमडेगा जिला में कुल -70 शीट है इसके वजह से हमें घरों में बैठना पड़ता है । सबको लगता था बहाली होने के बाद होमगार्ड की ड्यूटी कर किसी प्रकार परिवार का भरन-पोषण कर लेंगे लेकिन दुर्भाग्य है ड्यूटी के लिए ऑफिस का चक्कर काटने के वावजूद खाली हाथ घर लौटना पड़ता है रोस्टर शीट पर्याप्त होने पर भी सभी गृहरक्षकों को ड्यूटी मिल पाती। उन्होंने कहा के जिले के कई कार्यालय हैं जहां पर हमारा प्रतिनियुक्ति हो सकती है लेकिन नहीं की जा रही है। प्रदेश सचिव श्याम कुमार गुप्ता के द्वारा बताया गया कि संगठन में जो ताकत है इससे अनदेखी न करें। सभी गृहरक्षक एक साथ मिल-जुल के रहें । उपकोषाध्यक्ष सिमोन लुगुन द्वारा एसोसिएशन के फंड में भी ध्यान देने की बात कही गई । अंत में जिला सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक का समापन किया गया ।

### कोलेबिरा के जुरकेला में सर्वेश्वरी शाखा के महिला समूह ने किया कंबलों का वितरण




**कोलेबिरा।** प्रखंड के जुरकेला में रविवार को जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम एवं परम पूज्य गुरुदेव के तस्वीर की विधिवत आरती पूजन के बाद की गई। आरती-पूजन जुरकेला ग्राम के भुवनेश्वर नाथ शाहदेव एवं पत्नी रमावती देवी के द्वारा सम्पन्न किया गया। तत्पश्यात ग्रामीण के बीच एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक में शाखा की ओर से गिरेन्द्र नाथ शाहदेव ने श्री सवेश्वरी समूह का संक्षिप्त परिचय देते हुए समूह द्वारा आयोजित किये जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। बैठक के बाद उपस्थित ग्रामीणों के बीच 175 कम्बल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम श्री सवेश्वरी समूह के उन्नीस सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य गंगा बड़ाईक एवं उपेन्द्र नाथ शाहदेव का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में श्री सर्वेश्वरी समूह के सिमडेगा शाखा एवं गुमला शाखा का भी सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम में शाखा राँची के ओर से लगभग 35 सदस्य सम्मलित हुए।

## केरसई में आयोजित नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

# केरसई इलेवन ने डीटी सुपर किंग व तरकेरा ओड़ीशा ने यॉर्कर सिमडेगा को हराकर जीत किया अपने नाम



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** यूथ क्लब केरसई के तत्वाधान में आयोजित नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का रविवार को आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड पीएलवी विष्णु प्रसाद मौजूद रहे ।उनके द्वारा फिता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया गया। पहला मैच डीटी सुपर किंग वर्सेस केरसई इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें केरसई इलेवन 10 ओवर में 91 रन बनायी। जवाब में डीटी सुपर किंग ने 10 ओवर में 72 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच केरसई इलेवन से अनमोल कुमार द्वारा 32 रन बना कर रहे। दूसरा मैच तरकेरा ऑडीसा बनाम यॉर्कर सिमडेगा के द्वारा खेला गया। टॉस जीतकर तारकेरा की टीम ने फील्डिंग करने का निर्णय लिया। यॉर्कर सिमडेगा पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 64 रन बनाए, पीछा करते हुए तारकेरा उड़ीसा की टीम ने दसवीं ओवर में 65 रन बनाकर मैच को अपने नाम किया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच तरकेरा टीम के पवन के द्वारा तीन विकेट हासिल किया एवं बल्ले से चार बॉल में 14 रन बनाएं। पहला मैच का विनर केरसई इलेवन एवं दूसरा मैच का विनर तारकेरा उड़ीसा के बीच क्वाटर फाइनल मैच 8-8 ओवर का खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर तारकेरा उड़ीसा की टीम शानदार बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 98 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए केरसई इलेवन की टीम आठ ओवर में महज 22 रनों में ही सिमट के रह गई। इस मैच का मैन ऑफ द मैच सुमंतो महापात्रा रहे जो विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 20 बॉल में 54 रन बनाए ।मैच में अंपायर की भूमिका त्रिवेणी पासी एवं चंदन कुमार ने निभाई ।इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में धनंजय दास, इमरान अंसारी विकास पासी सत्यम बधाई तिलेश नायक, वैभव दास, मनीष उर्फ मंत्री, विपुल, अफरोज, नासीर, राजु, सुधिर, आदि ने अहम भूमिका निभाई।

### मां बेटे की मौत की सूचना पर पलेडीह गांव पहुंचे विधायक, परिजनों को बंधाया ढाढ़स

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा रविवार को पाकर टांड़ प्रखंड के पलेडीह के माहकुरटोली गांव पहुंचे। जहां उन्होंने परदेश काम की तलाश में गए मृतक प्रफुल्ल टोप्पो के परिजन से मुलाकात की। विधायक ने बताया कि प्रफुल्ल टोप्पो काम की तलाश में परदेश जा रहा था। इसी क्रम प्रफुल्ल एवं एक अन्य ग्रामीण राजेश लकड़ा महाराष्ट्र के रायगढ़ रेलवे स्टेशन से गायब हो गया। प्रफुल्ल ने महाराष्ट्र के मनगांव थाना क्षेत्र में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जबकि राजेश अब भी लापता है। हालांकि प्रफुल्ल के मौत के कारणों का अब तक पता नही चल पाया है। इधर प्रफुल्ल की मौत की सूचना घर वालों को दी गई। घटना की सूचना मिलने पर प्रफुल्ल की मां फिलोमीना टोप्पो की भी सदमें में मौत हो गई। विधायक ने कहा कि प्रफुल्ल के शव वापस लाने की पहल की गई है। वहीं श्रम मंत्री से भी बात कर मामले की जानकारी दी। साथ ही सरकार की ओर से मदद करवाने का आग्रह किया। वहीं विधायक ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग भी किया। विधायक ने कहा कि प्रफुल्ल का शव जल्द घर वापस लाया जाएगा।

## 4 फरवरी को आदिवासी एकता महारैली का राजधानी रांची में होगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की जी रविवार को डिलिस्टिंग के मुद्दे पर प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि आगामी 3 महीने के बाद लोकसभा का चुनाव है एवं इसी साल झारखंड प्रदेश में झारखंड विधानसभा का भी चुनाव है। इस चुनाव में आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी जिस तरह से छत्तीसगढ़ में ईसाई आदिवासी और सरना आदिवासियों के बीच में फूट डालकर वोट ध्रुवीकरण किया और छत्तीसगढ़ में उसको इसकी सफलता भी मिली ।इसी फामूर्ले को झारखंड में भी दोहराना चाहती है। झारखंड प्रदेश में भी आदिवासियों को लड़ा कर आरएसएस और भाजपा वोट को ध्रुवीकरण करने का प्रयास कर रही है ।विगत 24 दिसंबर को जनजातीय सुरक्षा मंच के द्वारा आयोजित रैली में डीलिस्टिंग जैसी संवैधानिक मांग करते हुए ईसाई आदिवासियों पर ईसाई आदिवासियों कि आरक्षण समाप्त करने की बात कही गई ।जबकि आरक्षण जाति के आधार पर मिलता है ना कि धर्म के आधार पर ।उनके द्वारा आयोजित रैली में एक भी ऐसी बात आदिवासियों की हित के बात नहीं कही गयी,न सरना धर्मकोड की बात की चर्चा की गयी, ना जमीन बचाने की बात कही गयी, ना पांचवी अनुसूची की बात कही गयी, ना पेसा कानून की बात कही गयी ,ना जनजातियों के उपयोजना पर बात कही गयी ।

### ठेठईटांगर में कोणार्क सीमेंट के तकनीकी अधिकारी ने लोगों को किया जागरूक



**ठेठईटांगर।** कोणार्क सीमेंट कम्पनी के तकनीकी ऑफिसर लव कुश कुमार के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर कोणार्क सीमेंट के उत्पादों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया ढलाई के लिए डीएसपी सीमेंट जोड़ाई एवं प्लास्टर के लिए कोणार्क डालमिया सीमेंट का उपयोग करें जो सस्ता के साथ-साथ मजबूती के लिए बेजोड़ है। कोणार्क सीमेंट का फैक्ट्री राजगामपुर उड़ीसा में है जिस कारण आपलोगों को फ्रेश सीमेंट सुलभ उपलब्ध हो पता है। इस मौके पर झारखंड सीमेंट के डिस्ट्रीब्यूटर मोहम्मद मुमताज आलम के द्वारा उपस्थित लोगों को उपहार स्वरूप बेडशीट दिया गया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बडाईक, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, मुखिया संगीता मिंज, प्रिंस कुमार, बंधु मांझी ,मोहम्मद आजाद, बबन विश्वास उमेश केसरी ,मेनोन लकड़ा, नजीर अहमद, राजमिस्त्री ठेकेदार समिउल आलम अन्य लोग उपस्थित थे।

# डीजीएमएस ने डीसी रेल लाइन पर मंडरा रहे भू-धंसान के खतरे से फिर चेताया

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) ने रविवार को 123वां स्थापना दिवस मनाया। धनबाद स्थित खान सुरक्षा महानिदेशालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार, निदेशक गण सहित तमाम डीजीएमएस के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोल इंडिया के चेयरमैन पीएन प्रसाद शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि 1902 में खान निरीक्षण ब्यूरो की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्यालय कोलकाता में था। खान निरीक्षण ब्यूरो का ही बदला रूप डीजीएमएस धनबाद में है।

कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में डीजीएमएस के महानिदेशक ने बताया कि खान सुरक्षा महानिदेशालय के प्रयासों का ही फल है कि खदानों में होने वाली दुर्घटनाओं का दर अब 10वें स्थान से भी नीचे है। उन्होंने कहा कि डीजीएमएस हर साल न सिर्फ हजारों मजदूरों की जान बचाती है, बल्कि लाखों टन मिनिरल्स का भी संरक्षण करती है। उन्होंने कहा कि आज देश में खनिज की मांग काफी बढ़ गई है, जिस वजह से प्रोडक्शन भी कई गुणा बढ़ गया है। ऐसे में डीजीएमएस का काम भी काफी बढ़ गया है लेकिन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए। यही कारण है कि खदानों में होने वाली दुर्घटनाओं में काफी कमियां आई है।




उन्होंने इस मौके पर धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन पर मंडराते खतरे को एक बार फिर से दोहराया। उन्होंने कहा कि डीसी रेल लाइन पर खतरा है लेकिन रेलवे, बीसीसीएल, आईएसएम आईआईटी और सिम्फर जैसी संस्थाएं लगातार इसपर अपनी नजर नजर रखे हुए हैं और इसका रिपोर्ट भी लगातार डीजीएमएस को भेजा जा रहा है ताकि समय रहते खतरे को देखते हुए सुरक्षात्मक कदम उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस दिशा में बीसीसीएल को भी साफ निर्देश दिए गए है कि वो रेल लाइनों की तरफ कोयला उत्खनन का कार्य नही करेगी।

इस मौके पर मौजूद कोल इंडिया के चेयरमैन पीएन प्रसाद ने कहा कि डीजीएमएस एक महान संस्थान है। करीब 1774 से कोल माइनिंग भारत में हो रहा है। ऐसे में पहले कई दुर्घटनाएं हुईं, जिसको रोकने के लिए 1902 में डीजीएमएस की स्थापना की गई। इसके बाद से दुर्घटनाओं में काफी कमियां आई है। विकसित राष्ट्रों के तुलना में अब कोल इंडिया कोयले का उत्पादन ज्यादा और सुरक्षित ढंग से कर रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे केंद्र सरकार और डीजीएमएस का लक्ष्य जीरो एक्सीडेंट है, जो फिलहाल हम उस लक्ष्य को पूरा तो नहीं कर पा रहे लेकिन पहले की अपेक्षा अब कोल इंडिया के सभी अंगों में दुर्घटनाएं काफी हद तक कम हो गई है।

उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी कोल इंडिया प्रतिबद्ध है। आने वाले अगले तीन वर्षो में तीन गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

फिलहाल अभी कोल इंडिया 1.30 गीगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। कुल मिलाकर आने वाले समय में कोल इंडिया 5 गीगावॉट तक सौर ऊर्जा का उत्पादन करने लगेगा। इसके अलावा 22 सौ हेक्टेयर भूमि पर पौधा रोपण का कार्य भी किया गया है। इसके साथ एयरकंडीशनर, एलईडी लाइट वगैरह पर भी कार्य किया जा रहा है, ताकि कार्बन उत्सर्जन को कम कर पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचाया जा सके।

## एक नजर

### अवैध रूप से भंडारित 100 टन से अधिक कोयला जब्त

**धनबाद।** एसएसपी के निर्देश पर राजगंज थाना क्षेत्र के जीटी रोड किनारे अवैध रूप से भंडारित 100 टन से अधिक कोयले को पुलिस ने जब्त किया है। डोमनपुर के जोडाआम जीटी रोड के किनारे भोला महतो के द्वारा लंबे समय से अवैध कोयले का भंडारण किया जा रहा था। अचानक हुई कार्रवाई से धंधेबाजों में खलबली मच गई है। बरामद कोयले को जब्त कर जेसीबी के सहारे हाइवा में लोड कर राजगंज थाना ले जाया जा रहा है। हालांकि स्थानीय पुलिस ने अभी कुछ भी बोलने से इनकार किया है।

### बिजली चोरी मामले में नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

**गिरिडीह।** बिजली चोरी को लेकर विद्युत विभाग ने रविवार को बेंगाबाद प्रखंड के गोलगो पंचायत में छापेमारी अभियान चलाकर नौ लोगों पर बिजली चोरी का मामला दर्ज करवाया है। छापेमारी दल में विद्युत विभाग के जेई सुंदर राम, संतोष राय, रोहित वर्मा शामिल थे।अभियान के दौरान गोलगो गांव में कई घरों में अवैध रूप से बिजली जलाते हुए पाया गया। जिसके बाद विभागीय जेई सुंदर राम के आवेदन के आधार पर बेंगाबाद थाना में 9 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी के आरोप में केस दर्ज कराया गया है। जिन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है उनमें गोलगो निवासी सत्यनारायण यादव, गफूर अंसारी, सुभानी मियां, छोटू राम, सदानंद कुमार, उमेश ठाकुर, मंसूर मियां, हासिम अंसारी, सलीम अंसारी शामिल हैं।

### नगर कीर्तन में ट्रैक्टर और बुलेट पर रहेगी पाबंदी

**जमशेदपुर।** सिखों के दसवें गुरु दसमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 357वें जन्म दिहाड़े के मौके पर 17 जनवरी को निकलने वाले नगर कीर्तन में ट्रैक्टर और बुलेट पर पाबन्दी रहेगी। यह अहम फैसला सेंट्रल सिख नौजवान सभा की बैठक में रविवार को लिया गया। बैठक नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह की अध्यक्षता में साकची स्थित सीजीपीसी दफ्तर में बुलाई गई थी। जिसमें केवल क्रम संख्या प्राप्त जत्थों को ही शोभा यात्रा में शामिल होने देने का भी निर्णय लिया गया। इस विषय पर बैठक में नगर कीर्तन के सफल आयोजन को लेकर तथा ट्रैफिक कंट्रोलिंग को दुरुस्त रखने के लिए सघन विचार-विमर्श हुआ।

### आजसू के मिलन समारोह का आयोजन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मनीफिट स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को आजसू छात्र संघ के मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस उपस्थित थे. विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय महासचिव चंद्रगुप्त सिंह ,केंद्रीय सचिव आदित्य महतो, छात्र संघ कोल्हान अध्यक्ष हेमंत पाठक, जिला वरीय उपाध्यक्ष संजय सिंह, जमशेदपुर प्रखंड उपाध्यक्ष आकाश सिन्हा शामिल हुए।

## गोवंश लदे दो ट्रक जब्त

### 85 पशुओं को कराया गया मुक्त

**गिरिडीह**
गिरिडीह एसपी को सूचना मिली कि कोडरमा की ओर से बिरनी होकर धनबाद की ओर जाने वाली मार्ग पर अवैध तरीके से ट्रक में लोडकर पशुओं को ले जाया जा रहा है। तत्पश्चात बिरनी थाना पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई किया गया। उक्त जांच में ग्राम माखमारगो के पास वाहन चेंकिग के दौरान दलांगी बंगराकला की ओर से एक ट्रक आता दिखाई दिया जिसे रोकने का प्रयास गया परंतु गाडी को बढ़ाकर भगाने का प्रयास किया गया परंतु उसे मंझिलाडीह के पास उक्त ट्रक को रोका गया। वाहन का जांच करने पर पाया गया कि जानवरों को क्रूरतापूर्वक लेकर जाया जा रहा था। उसी के ठीक कुछ ही देर बाद पुलिस को उसी रास्ते पर गाम-माखमारगो के तरफ से एक और ट्रक आते दिखाई दिया। दोनों ट्रक पर लदा



जानवरों का कागजात मांगने पर साथ चल रहे चालक सहयोगियों के द्वारा कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसमें कुल 85 जानवरों को जब्त किया गया।

इस दौरान नंदे कुमार, कुंदन कुमार, मो शम्स तबरेज, सरफराज आलम, छोटू यादव, शैलेंद्र कुमार के विरूद्ध बिरनी थाना में कांड संख्या 04/24 व धारा-414/34 भादवि एवं 11 क्रुएल्टी एनिमल एक्ट 1960 एवं 12 झारखंड बोवाइन एनिमल प्रिवेंशन ऑफ स्लॉटर एक्ट 2005 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## ट्रैफिक व्यवस्था और प्रबंधन में सुधार के लिए
# डीसी ने नागरिकों और सिविल सोसायटी से मांगे सुझाव

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जिले में ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शहर के नागरिकों से ट्रैफिक व्यवस्था और प्रबंधन को लेकर सुझाव मांगे हैं। सभी अपने सुझाव ईमेल के माध्यम से ईमेल आईडी (dto-es-jhr@nic.in) पर भेज सकते हैं। इसके अलावा लिखित रूप से भी अपने सुझाव जिला परिवहन कार्यालय में 15 जनवरी तक भेजे जा सकते हैं।

जिला प्रशासन द्वारा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और प्रबंधन में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं इस दिशा में नागरिकों और सिविल सोसायटी के सुझाव बहुत महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। डीसी के



मुताबिक लोगों के सुझावों के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था और प्रबंधन में सुधार के लिए आवश्यक कदम भी उठाए जाएंगे। सभी जागरूक नागरिकों से आग्रह है कि वे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और प्रबंधन में सुधार के लिए अपने सुझाव ईमेल के माध्यम से भेजकर सहयोग करें। इन पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और प्रबंधन में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाया जाएगा। सभी लिखित सुझावों को जिला परिवहन कार्यालय के कार्यालय दिवस के दौरान ही जमा किया जा सकेगा। जिला प्रशासन ने लोगों से अपने सुझाव स्पष्ट और साफ शब्दों में लिखित तौर पर देने की भी अपील की है। सभी प्राप्त सुझावों के आधारित रिपोर्ट पर डीसी की अध्यक्षता में नगर निकायों समेत अन्य सभी संबंधित विभागों के साथ एक निर्धारित बैठक में इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के सह वनभोज में लिए गये कई अहम निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
सर्वे भवन्तु सुखिनः के उदघोष के साथ कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा का चिंतन शिविर हिरोडीह थाना क्षेत्र के हरिलवातरी में रविवार को सम्पन्न हुआ।चिंतन शिविर वर्तमान युग की चुनौतियों से निबटने एवं समाज मे आधुनिक सह प्राचीन शिक्षा और संस्कार को मजबूती देने का संकल्प लिया गया।

शिविर में वक्ताओं ने चिंतन में कहा कि वर्त्तमान दौर में समाज पर चौतरफा प्रहार किया जा रहा है। ब्राह्मणों को एक साजिश के तहत कतिपय लोग टारगेट करते है। उन्हें माकूल जवाब दिया जाएगा और अन्याय का प्रतिकार पूरी ताकत से की जाएगी। चिंतन में कहा गया कि हम कम नही हैं। बावजूद राजनीतिक दलों द्वारा हंमे कमतर

### 51 सदस्यीय कोर कमेटी बनाई गई



आंका जा रहा है।। यदि यही हाल रहा तो संगठन अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर सकता है। शिविर का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुरामजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर किया गया।डॉ बिनोद उपाध्याय ने संस्कृत में स्वागत भाषण दिया और अपनी स्वरचित कविता की प्रतियां वितरित किया। अध्यक्षता शिवनारायण पांडेय ने किया। चिंतन शिविर में अभिमन्यु तिवारी,कृष्ण वल्लभ उपाध्याय,डॉ बिनोद उपाध्याय, राजेश उपाध्याय,सत्यनारायण मिश्रा, मोतीलाल त्रिवेदी,सुधीर उपाध्याय,अंगद तिवारी,नवल किशोर तिवारी आदि थे।

## सड़क हादसे के चिह्नित ब्लैक स्पॉट से नहीं हटे सड़क पर बने घर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बिरनी सीओ सारांश जैन ने पदभार लेते ही एक्शन में आ गये थे। ऐसे में लोगों को लगा था कि बिरनी अंचल में पेंडिंग पड़े सभी काम बहुत जल्द ही निपटा लिए जाएंगे। इतना ही नहीं सीओ ने जिस तरह क्षेत्र का भ्रमण कर अवैध रूप से सड़क से सटे जमीन पर जो लोग कब्जा किए हुए हैं उन्हें चेतावनी देते हुए उन्हें हटाने का निर्देश दिया था वह सब हवा-हवाई होते दिख रहा है।

### क्या कहते हैं सीओ

इस संबंध में सीओ सारांश जैन ने बताया की मकान मालिक को 2 दिनों के अंदर हटाने का निर्देश दिया गया था परंतु उन्हें समाज हित का कोई परवाह नहीं किया एवं अब तक इसे नहीं हटाया यह बहुत ही दुर्भाग्य है। संबंधित माकन मालिक का डिटेल निकाल कर नोटिस किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### मजदूर सरकारी महिला मोर्चा का जिला सम्मेलन किरण पब्लिक स्कूल में हुआ संपन्न



**गिरिडीह।** झारखंड मजदूर सरकारी महिला मोर्चा का जिला सम्मेलन रविवार को कोलडीहा स्थित किरण पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता अंशुलता स्वरूप ने की। मौके पर मुख्य अथिति के तौर पर झारखण्ड मजदूर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान कहा गया कि राज्य में कार्यरत महिलाएं शोषण के विरुद्ध लड़ाई करते हुए आ रही है। लेकिन उनकी मांगों को आज तक पूरा नहीं किया गया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए अशोक कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में लगभग 2 लाख सरकारी विभागों में वर्षों से अल्पमानदेय अल्प प्रोत्साहन राशि में कार्यरत है तथा आंगनबाड़ी में कार्यरत सेविका सहायिका पेयजल एवं स्वच्छता मिशन में कार्यरत जल सहिया स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत स्वास्थ्य सहिया अपने मांगों को लेकर साढ़े चार वर्षों से प्रतिक्षा कर रही है।

झारखंड सरकार इन सभी को सिर्फ आश्वासन देने का काम किया है। श्री सिंह ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट आश्वासन दिया की झारखंड में न्यूनतम मजदूरी से कम मानदेय नहीं होगा उसके बावजूद जलसैया का पूर्व से मिल रहा मानदेय रोक दिया गया है। कहा गया की कुछ दिनों में चुनाव होने वाला है इसमें इसका जवाब दिया जाएगा। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री से मांग किया गया कि न्यूनतम मजदूरी दिया जाए और आपके कार्यकाल में जो छटनी किया गया है उनको वापस काम में लाया जाए। विशिष्ट अतिथि कोडरमा सांसद प्रतिनिधि उषा कुमारी ने भी सम्मेलन को संबोधित की।

वहीं जिला मंत्री सरिता देवी ने मोर्चा का प्रतिवेदन पेश की। मौके पर दिव्या देवी, सितारा परवीन, समा सिंह, उमा देवी, जयंती हेंब्रम, कुमारी तनुजा, बबीता सिन्हा, मीना देवी, गुड़िया देवी, महामंत्री रघुनंदन विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष रूपलाल माता, मोहम्मद शाहिद, अनूप कुमार, मुक्तेश्वर प्रसाद समेत सैकड़ों महिलाओं उपस्थित थीं।

### इंटरनेशनल कराटे प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न




**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर भवन में चल रहे इंटरनेशनल कराटे प्रतियोगिता का समापन रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ हो गया। दो दिनों तक हुए इस प्रतियोगि में भारत के अलावा भूटान, नेपाल व बंगलादेश के लगभग 350 प्रतिभागियों ने प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। वहीं आसाम दूसरे व झारखंड की टीम तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में भूटान, नेपाल व बंगलादेश के खिलाड़ियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। ओवरऑल चैंपियन बनी पश्चिम बंगाल के खिलाड़ियों ने 52 गोल्ड, 41 सिल्वर व 36 ब्रॉज मेडल जीता। दूसरे स्थान पर रही आसाम की टीम ने 30 गोल्ड, 25 सिल्वर व 40 ब्रॉज मेडल जीता। तीसरे स्थान पर रहे झारखंड की टीम ने 12 गोल्ड, 14 सिल्वर व 30 ब्रॉज मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता बालक व बालिका वर्ग के चार कैटेगरी में आयोजित थी। जिसमें सब जूनियर (अंडर-14), कैडेट (15 से 18 साल), जूनियर (18 से 20 साल) एवं सीनियर (20 साल से अधिक) कैटेगरी शामिल था। प्रतियोगिता में दो तरह के इवेंट काता व कुमिते हुए। पहले दिन सब जूनियर में काता की प्रतियोगिता हुई। वहीं दूसरे दिन कुमिते इवेंट की प्रतियोगिता हुई। रविवार सुबह में झंडा मैदान से प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट निकाला। खिलाड़ी अपने-अपने टीम के फ्लैक्स हाथों में लेकर निकले व नगर भ्रमण किया। इसके बाद आयोजन स्थल नगर भवन पहुंचे।

**खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित :** रविवार शाम को समापन के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कराटे इंडिया के चीफ हसन मोहम्मद इस्माइल, पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, श्रवण केडिया, गिरिडीह कराटे संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, आयोजक विजय सिंह, जोरावर सिंह सलूजा, ऋषि सलूजा, सेंसई उज्जवल सिंह आदि ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल व मोंमेटो देकर सम्मानित किया। दो दिनों तक हुए प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका श्याम के हरी, जीतू पुरुस्टी, शहबाज हुसैन, अमित महतो, मानस कुमार नाथ समेत अन्य का योगदान रहा। प्रतियोगिता का सफल बनाने में कपूर सिंह मॉडर्न मार्शल आर्ट एकेडमी गिरिडीह, वर्ल्ड फूनाकोशी शोतोकन कराटे आर्गेनाईजेशन झारखंड, उद्योगपति डॉ अमरजीत सिंह सलूजा, विजय सिंह, संघ के संरक्षक चुन्नूकांत आदि का योगदान रहा।

## कई खरीदारों को धोखे में रखकर लूट रहे थे भू-माफिया
# बक्सीडीह मौजा की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री पर कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
शहर से सटे हुए कई इलाकों में भू माफिया हावी है,फर्जी पेपर बना कर एक ही जमीन को कई बार बेच दिया गया है,जिसमे बक्सीडीह के आस पास के कई भू- माफिया सामिल है?।

इस बात कि जानकारी के लिए अपर समाहर्ता गिरिडीह और उपायुक्त को दिया जाएगा आवेदन, ज्ञात हो की जनवरी 2008 में महेंद्र प्रसाद और सुरेंद्र प्रसाद के द्वारा 80 डिसमिल जमीन अचला राज लक्ष्मी को बेचा गया जिसका जिसका केवाला है, 280 डिसमिल मध्ये 30 डिसमिल डिसमिल खाता 7,प्लॉट नंबर दो सौ बारसठ तथा खाता 7 का प्लॉट नंबर 790 का

### एक ही जमीन को दो बार बेच चुके हैं माफिया



50 डिसमिल जिसका चौहुदी उत्तर जूजो प्लॉट वो मुख्तार मियां दक्षिण परती,पूरब टील्हा और पश्चिम में नदी दशार्या गया है, 30 डिसमिल खाता 262 में है,दोनो खाता का 80 डिसमिल दोनो एक चक है।

भू माफिया साकेत सिन्हा व उनके कई साथियों ने अचला राज लक्ष्मी को बेचा वह गिरिडीह से बाहर है,लगातार साकेत सिन्हा और उनके साथियों ने पैसा लेकर पूरे परिवार को बरगलाया,तब जा कर अचला राज सिन्हा के परिवार ने माले नेता से राजेश सिन्हा से संपर्क किया, श्री सिन्हा को आवेदन भी दिया,संजोग से सिन्हा के संबंधी भी है अचला राज जो पूरे परिवार के साथ बिहार में रहती है। श्री सिन्हा ने कहा है कि जो जो फर्जी किया है सब को कानूनी प्रक्रिया में लायेंगे,जब तहकीकात किया गया तो पता चला कि कोई दीपक ने और रंजित सिन्हा को उसी जमीन को भू माफिया साकेत सिन्हा 2015 में बेच दिया,जो गैर कानूनी है,ऐसे भू माफिया पर तत्काल मुकदमा होगा, श्री सिन्हा ने कहा है हम इसके लिए तैयारी कर रहे है। कई सामाजिक संगठन और आम जनता ग्रामीण ने विरोध दर्ज किया है, बक्सीडीह मौजा में अब जब अंचल के तरफ से जांच हो रही है तो पता चला कि प्लॉट नंबर 262 नदी में है 790 का भी नापी हो रहा है। जल्द भाकपा माले भू माफिया के विरुद्ध विगुल फुकेगा।

सिन्हा ने कहा कि अचला राज का कुछ जमीन यदि नदी में जाता है तो कोई दिक्कत की बात नहीं है, किंतु यदि अचला राज का जमीन अचला राज के बाद रजिस्ट्री भू माफिया ने जिसे करवा दिया उसे तोड़वाया जायेगा।

## एन रमेश राजू बने आंध्र क्षत्रिय समिति के अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जमशेदपुर के बिरसानगर में रविवार को आंध्र क्षत्रिय समिति का चुनाव हुआ। चुनाव दो जजों जेकेएम राजू और डीवी नटराजू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। चुनाव में आंध्र क्षत्रिय समिति के लगभग 100 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसमें एन रमेश राजू को अध्यक्ष, ए कृष्णा राजू को महासचिव और एन सीताराम राजू को कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया। आगामी 26 जनवरी 2024 को बिरसानगर स्थित क्षत्रिय भवन में आम सभा में कमेटी के नवनिर्वाचित पदधारी अपने विचार रखेंगे।

## माइनिंग स्टॉफ को संडे ड्यूटी देने की मांग
# इनमोसा ने किया कार्य बहिष्कार



**नवीन मेल संवाददाता। कथारा (बेरमो)**
सीसीएल कथारा कोलियरी परियोजना के चेक पोस्ट पर रविवार को इनमोसा के बैनर तले 100 प्रतिशत माइनिंग स्टाफ को संडे ड्यूटी देने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार किया गया। ओवरमैन एवं माइनिंग सरदारों की मांग थी कि संडे के दिन डिपार्टमेंटल एवं आउटसोर्सिंग कार्य चलने पर 100 प्रतिशत एवं आउटसोर्सिंग कार्य चलने पर 80 प्रतिशत माइनिंग स्टाफ को संडे ड्यूटी दी जाए। अन्यथा संडे ड्यूटी का वह बहिष्कार करेंगे। यहां मुख्य रूप से मौजूद इनमोसा के कथारा क्षेत्रीय सचिव हेमंत कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नौशाद खान एवं कथारा कोलियरी शाखा सचिव बालेश्वर महतो ने कहा कि डीजीएमएस व कोल माइंस रेगुलेशन के नियमों के अनुरूप सुरक्षा के साथ कार्य करने के लिए ही उक्त आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार से लेकर शनिवार तक 100% सुरक्षा के साथ काम होता है। लेकिन संडे ड्यूटी के दिन 50% रिस्क लेकर कार्य करना व करवाना माइनिंग स्टाफ एवं मजदूरों के लिए घातक है। कहा कि इस दौरान अगर सुरक्षा में कोई छोटी बड़ी चूक हुई तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी। अगर इस मामले में प्रबंधन सकारात्मक पहल नहीं करता है तो आने वाले समय में हमारा संगठन एक रणनीति के तहत बड़े आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। मौके पर अवधेश कुमार सिंह, नफीस अंसारी, अशोक चौहान, दिनेश कुमार, तस्लीम अख्तर, करमचंद उरांव, नागेश्वर रविदास, संजय ठाकुर, रवींद्र टुडू, जय नारायण गोप, राजेश प्रसाद, दुलारचंद नायक, शकील अख्तर, सृष्टिधर महतो, सरवर आलम, रमेश टुडू, राहुल रंजन, विवेक कुमार रंजन, एनके गुप्ता आदि ओवरमैन एवं माइनिंग सरदार मौजूद थे।

# दोस्त पड़ोसी और पाकिस्तान के पैरोकार नहीं बदले

फारूक अब्दुल्ला कहा है -'दोस्त बदले जा सकते हैं, पड़ोसी नहीं ! अगर बातचीत से यह सुलझाया नहीं गया, तो हमारा हाल वही होगा, जो गाजा फलस्तीन का हो रहा है।' पाकिस्तान की तो शर्त है कि अनुच्छेद 370 की बहाली तक बात नहीं होगी। जो किसी भी हाल में बहाल होगी नहीं स्पष्ट है कि वार्ता भी नहीं होगी । महबूबा मुफ्ती और फारूक अब्दुल्ला और साथी सभी पाकिस्तान से बातचीत के बड़े पैरोकार हैं। यदि वार्ता हुई भी, तो पाकिस्तान 370 की बहाली के बाद कश्मीर घाटी का इलाका तो अवश्य चाहेगा। लेकिन अब कश्मीर घाटी वार्ता की मेज पर है ही नहीं। वहां तो हमारा एकमात्र मुद्दा पीओके है। इसलिए अब पुराने मुद्दों की दृष्टि से वाताओं की कोई साझा भूमि बची ही नहीं है।

> **शेख अब्दुल्ला की महत्वाकांक्षा एक आजाद खुदमुख्तार कश्मीर की थी। पाकिस्तान के साथ जाना उनके सपने का ही नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक अस्तित्व का भी अंत कर देता। इसलिए वह नेहरू-गांधी के अहिंसक सेक्यूलर भारत के साथ खड़े हो गए। इसलिए शेख के कश्मीर की सत्ता में बने रहने के लिए आवश्यक था कि सेना वहां से आगे न बढ़े। दूसरा, अनुच्छेद 370 जैसा विशेषाधिकार कश्मीर को दे दिया जाए। चूंकि माउंटबेटन ने नेहरू से जनमत संग्रह की घोषणा करा दी थी, तो शेख अब्दुल्ला की बातों को मानने की मजबूरी हो गई थी, जिसके चलते अनुच्छेद 370 का जन्म हुआ।**

दरअसल भारत-पाकिस्तान में विवाद की स्थितियां अब तक शेख अब्दुल्ला परिवार की सत्ता संभावनाएं बनाए रखती रही हैं। मुफ्ती मोहम्मद सईद भी बाद में इसी पाकपरस्त क्लब में शामिल हो गए। शेख अब्दुल्ला की महत्वाकांक्षा एक आजाद खुदमुख्तार कश्मीर की थी। पाकिस्तान के साथ जाना उनके सपने का ही नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक अस्तित्व का भी अंत कर देता। इसलिए वह नेहरू-गांधी के अहिंसक सेक्यूलर भारत के साथ खड़े हो गए। इसलिए शेख के कश्मीर की सत्ता में बने रहने के लिए आवश्यक था कि सेना वहां से आगे न बढ़े। दूसरा, अनुच्छेद 370 जैसा विशेषाधिकार कश्मीर को दे दिया जाए। चूंकि माउंटबेटन ने नेहरू से जनमत संग्रह की घोषणा करा दी थी, तो शेख अब्दुल्ला की बातों को मानने की मजबूरी हो गई थी, जिसके चलते अनुच्छेद 370 का जन्म हुआ। हालांकि संविधान सभा में इसका विरोध भी हुआ। कश्मीर की पहचान व विशेषाधिकार के प्रतीक के रूप में अनुच्छेद 370 वह आधार बना, जिसने वहां अलगाववादी सोच को एक राजनीतिक आधार दे दिया। अब्दुल्ला परिवार व अलगाववादियों, दोनों के लिए इस विशेषाधिकार की रक्षा करना लक्ष्य हो गया।इसीलिए 370 के निष्प्रभावी हो जाने का दर्द इन नेताओं को आज भी बहुत सालता है। बहरहाल, विशेषाधिकार तो चला ही गया, लद्दाख के अलग केंद्र शासित प्रदेश बन जाने से मानचित्र पर दिख रहा वह विस्तार भी गायब हो गया है। जम्मू प्रसन्न है, सत्ता की आहटें सुन रहा है। इसलिए कश्मीर की शांति, विकास व रिकॉर्ड तोड़ पर्यटन की खुशहाली उन नेताओं से बर्दाश्त नहीं हो पा रही है। वे यहां गाजा की कल्पना करके उसमें भूत देख रहे हैं।


हालांकि पीओके में पाकिस्तान विरोधी आंदोलन परवान चढ़ रहा है। अलगाववादी सोच के लिए दूसरी बड़ी समस्या पीओके की वापसी की संभावनाएं भी हैं। यदि ऐसा संभव हुआ, तो कश्मीर की राजनीति में कश्मीर घाटी के वर्चस्व का सूरज स्थायी रूप से डूब जायेगा।

इन दिनों

# छह दिसंबर, 1992... कभी न भूल पाने वाले पल


डॉ. रमेश शर्मा

***श्रीराम*** जन्म भूमि आंदोलन का इतिहास लगभग आठ सौ वर्ष पुराना है। यानी बाबर से भी 300 वर्ष पूर्व से अनेक राजा और रानियों ने सेना सहित तथा भक्तों ने व्यक्तिगत अथवा सामूहिक तौर पर अपने प्राण न्योछावर किये और इनकी कुल संख्या लाखों में है। अस्सी के दशक के अंतिम वर्षों में गहन चिंतन और मनन के बाद हिंदू संगठनों ने पहले विश्व हिंदू परिषद उपरांत भाजपा और विविध सहयोगियों के साथ इस धार्मिक आंदोलन को अपनाने का जोखिम पूर्ण निर्णय लिया था। पालमपुर में आयोजित बैठक में इसे विधिवत घोषित भी कर दिया गया। इस सांस्कृतिक आंदोलन का मैंने नजदीक से अध्ययन और अवलोकन करने का मन बनाया । इस विषय में शेष राजनीतिक और सामाजिक ढांचे के विरोध का आलम ऐतिहासिक और भीषण था। इसी क्रम में मुलायम सिंह यादव के समय 1990 में कारसेवकों पर लाठीचार्ज और गोलीबारी ने हिन्दू समाज को अत्यंत आक्रोशित किया जिस के कारण 1992 का दृश्य बना और संतसमाज, न्यायालय और जनसाधारण के सक्रिय योगदान से भाजपा को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचा। राष्ट्रीय आह्वान के परिप्रेक्ष्य में चार दिसंबर को हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) से भी सात रामभक्तों ने अयोध्या के लिए प्रस्थान किया जिनमें मेरे अतिरिक्त स्व. लश्करी राम और चमनलाल अजंता वाले भी थे। मेरी आयु 37 वर्ष थी और वीरेन्द्र जी को छोड़कर शेष लगभग साठ वर्ष के थे। शैलेन्द्र जी की बाजू लाठीचार्ज में टूट गई थी और उन्होंने प्रतिज्ञा करते हुए दाढ़ी रख ली थी कि अब यह मंदिर बनने पर ही कटेगी। इस प्रतिज्ञा के साथ ही वे इस दुनिया से विदा हुए। ऐसे अनेक उदाहरण सामने आये जिन्होंने मुझे इस ओर प्रेरित किया। अंबाला से रेलमार्ग पर पहला रोमांचक अनुभव हुआ जब टीटी ने कहा कि आप लोग अयोध्या जा रहे हो तो टिकट क्यों खरीदा है। अगले रेलवे-स्टेशन पर युवा लोग चना, पूरी, हलवा देने आये। यह क्रम बाराबंकी फैजाबाद तक सभी स्टेशनों पर देखा। हमसे पुराना पैकेट ले लिया जाता था और ताजा नया थमा दिया जाता था।



फैजाबाद में पैकेट लेकर लंगर खिलाया गया। सभी ट्रेन और अन्य वाहनों के यात्रीगणों के लिए आसपास के हजारों लोग महीने भर से ऐसी सेवा कर रहे थे ऐसी जानकारी भी मिली। देश-विदेश से लाखों-लाख नर नारी, युवा, बृद्ध और बाल एक ही मंजिल तक पहुंचे। चेहरों पर निडरता, उत्साह और जनून स्पष्ट झलक रहे थे। शाम तक कैंप में समाचार आया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए कल यानी छह दिसंबर को कारसेवा नहीं होगी। इस पर ग्यारह दिसंबर तक रोक लगाई गई है। साथ ही बताया गया कि कल सरयू से रेत लाकर यहां तक पहुंचाया जायेगा और यही कारसेवा होगी। आग की तरह खबर फैली और पूरे कैंप में निराशापूर्ण विद्रोह के स्वर सुनाई दिये । हम जिस काम के लिए आए हैं वह होगा अन्य कोई निर्देश या सुझाव नहीं माने जायेंगे। हम बार-बार नहीं आ सकते हैं। रात भर माहौल गर्म रहा। छह दिसंबर की सुबह अविस्मरणीय है। कुछ लोग रेत ला रहे थे। कुछ बड़ी संख्या में मंच के सामने उपस्थित होकर संबोधन सुन रहे थे। मैं और वीरेन्द्र जी हनुमानगढ़ी की तरफ आ गये जहां भारी सुरक्षा के प्रबंध थे। बैरिकेड्स के आगे दीवार और पहाड़ी के ऊपर ढांचा था। हमने सीता रसोई के और उस सारे परिसर के अंतिम दर्शन भी किये। मंच से बार-बार घोषणा सुनाई दे रही थी कि आज कारसेवा नहीं होगी। कोई भी स्वयंसेवक ढांचे की तरफ न जाए। स्वयंसेवक गणवेश में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर लाठी के साथ पहरा दे रहे थे और ऊपर चढ़ने की कोशिश करने वालों को पीछे धकेल रहे थे। ढांचे के अन्दर बाहर राज्य और केन्द्रीय बलों का कड़ा पहरा था। पचास हजार से अधिक लोग बैरिकेड्स के आसपास नारे लगा रहे थे। झुंड के झुंड पताका और ध्वजदंड के साथ बढ़ रहे थे। स्थिति बहुत तनावपूर्ण थी। डंडे और लाठियों के साथ नेताओं के भाषणों को दरकिनार कर लोग वानर सेना के समान आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। अचानक सामने ढांचे के गुंबद की ओर रस्सी फेंक कर उसे स्तंभ से बांध कर सेतु बना कर दो नवयुवक उल्टा लटक कर गुंबद के शिखर पर पहुंच गए और भगवा फहरा दिया । उन्होंने पीठ पर कुछ औजार बांधे हुए थे। मंच से घोषित किया गया कि कोई हिन्दू है तो नीचे उतर आये। स्मरण है कि साध्वी ऋतंभरा, उमा भारती और आडवाणी जी भी मंच पर थे। इस हालत को देखते ही बैरिकेड्स के समीप का जनसमूह सैलाब की तरह आगे निकल कर ढांचे को घेरकर खड़ा हो गया । बैरिकेड्स कहां गए, सुरक्षा कहां गई कोई पता नहीं चला। विस्फारित आंखों से वे ऐतिहासिक पल देखे। आस्था का विकराल आक्रोश था। फिर क्या हुआ सभी को विदित है। तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह ने केन्द्रीय बलों को रेल या केन्द्रीय परिसरों से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी थी। वापसी यात्रा में रेल के दरनैजे और खिड़कयों से हाथ हिलाकर अभिवादन किया जा रहा था। न मारकाट न गोली बारी लेकिन अजीब किस्म की खामोशी का आलम था। वे भोजन के पैकेट और टीटी गायब थे। हिमाचल प्रदेश सहित चार भाजपा सरकारें गिरा दी गई थीं।

> **अस्सी के दशक के अंतिम वर्षों में गहन चिंतन और मनन के बाद हिंदू संगठनों ने पहले विश्व हिंदू परिषद उपरांत भाजपा और विविध सहयोगियों के साथ इस धार्मिक आंदोलन को अपनाने का जोखिम पूर्ण निर्णय लिया था। पालमपुर में आयोजित बैठक में इसे विधिवत घोषित भी कर दिया गया। इस सांस्कृतिक आंदोलन का मैंने नजदीक से अध्ययन और अवलोकन करने का मन बनाया । इस विषय में शेष राजनीतिक और सामाजिक ढांचे के विरोध का आलम ऐतिहासिक और भीषण था।**

## आपकी बात

### अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा नवीन मेल


प्राण रंजन प्रसाद

राष्ट्रीय नवीन मेल के 3 जनवरी 2024 के पृष्ठ संख्या 8 पर प्रकाशित 'आपकी बात' स्तंभ में मेरी सुझाओं को पढ़कर देश तथा विदेश से अनेकों शुभचिंतकों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त किया है और साथ ही इस समाचार पत्र के प्रकाशन की भी काफी सराहना की है, जो बहुत ही प्रशंसनीय है। मैंने अपने अनेकों ग्रुप में इस प्रकाशन को भेजा था। कुछ मित्रों एवं परिवारजनों के नाम नीचे दिये गये हैं। आशीष कुमार - कलिफोर्निया, यू एस ए, कर्नल कुल्विंदर सिंह - टोरंटो, कनाडा, अमित कुमार - सिडनी, आस्ट्रेलिया, बिनीता नारायण - सिंगापुर , रेणु प्रसाद - मुंबई, अनु - थाने, जयेश सिन्हा - राँची ,कर्नल आशुतोष - नई दिल्ली , कर्नल जसबीर सिंह चौहान - गुरुग्राम , एडवोकेट अनुप कुमार - राँची , कर्नल धर्मेंद्र - अहमदाबाद, नेहा रंजन - नई दिल्ली, जितेंद्र - फोर्टिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम, कर्नल जसवंत - चंडीगढ़, एवं कई अन्य, जिन्होंने फोन करके अपनी सहमति जाहिर किया। राष्ट्रीय नवीन मेल के 3 जनवरी 2024 के पृष्ठ संख्या 8 पर प्रकाशित 'आपकी बात' स्तंभ में मेरी सुझाओं को पढ़कर देश तथा विदेश से अनेकों शुभचिंतकों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त किया है और साथ ही इस समाचार पत्र के प्रकाशन की भी काफी सराहना की है, जो बहुत ही प्रशंसनीय है। **हरमू रांची पूर्व मुख्य सुरक्षा अधिकारी (एएसआई), नई दिल्ली**

### बढ़ी कनकनी, जन-जीवन प्रभावित

पलामू जिले के डालटनगंज में झमाझम बारिश के बाद बढ़ी कनकनी से आम जनजीवन प्रभावित है। शुक्रवार की रात से शुरू हुई बारिश शनिवार की सुबह तक होती रही। इसके कारण बाजारों में दोपहर तक सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर एक बजे के बाद हल्की धूप निकलने के कारण बाजार में थोड़ी चहल-पहल देखी गई। लोग जल्दी-जल्दी अपने रोजमर्रा का काम निपटाते नजर आये, मगर शाम होते ही जल्द बाजारों में सन्नाटा छा गया। इधर बारिश के साथ ही ठंड में भी काफी इजाफा हो गया है। वहीं रविवार को भी दिनभर आसमान में बादल छाये रहने से बाजारों में रौनक कम ही देखने को मिली। शाम होते ही कनकनी बढ़ने से लोग अपने अपने घरों में दुबके गए। इधर कोहरे के कारण कई ट्रेनें घंटों विलंब से चल रही है।

**- अमित कुमार, मेदिनीनगर**

राजनीति

# ईडी के खिलाफ अराजकता का दुस्साहस कब तक?


ललित गर्ग

***पश्चिम*** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जब कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में कई लोकेशन पर छापेमारी करने गयी तब टीएमसी के कार्यकर्ता एवं गांव के लोगों ने टीम पर जानलेवा एवं हिंसक हमला बोल दिया, जो न केवल शर्मनाक बल्कि कानून-व्यवस्था को तार-तार करने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। राशन घोटाले के आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर पर लगे ताले को तोड़ने की ईडी कार्रवाई के दौरान उन पर यह घातक हमला किया है। ईडी के अधिकारियों पर तृणमूल कांग्रेस के इस नेता के समर्थकों ने जिस तरह हमला करने के साथ उनके वाहनों में तोड़फोड़ की, वह इस केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ खुली अराजकता के साथ दुस्साहस का भी परिचायक है। ईडी अधिकारियों पर हमला करने वाले कितने बेखौफ थे, इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने इन अधिकारियों की सुरक्षा के लिए साथ गये केंद्रीय बल के जवानों पर भी हमला बोल दिया। आखिर जांच दल को बिना कार्रवाई के वापस लौटना पड़ा। हालांकि पश्चिम बंगाल में यह पहली अराजक, उन्मादी, गैरकानूनी घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार जांचों में बाधा डालने, जांच दल को रोकने की हिंसक कार्रवाई होती रही है। स्पष्ट है कि ममता शासन में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता कानून अपने हाथ में लेने से तनिक नहीं हिचकते, बल्कि ममता बनर्जी खुद अपने समर्थकों-कार्यकर्ताओं के निरंकुश आचरण, उपद्रव, उद्दण्डता, हिंसक एवं उन्मादी गतिविधियों का बचाव करने उतर आती है। इससे संवैधानिक संस्थाओं का अस्तित्व एवं अस्मिता कैसे सुरक्षित रह पायेगी? आजकल देश में कहीं भी विपक्षी दलों एवं उनकी सरकारों से जुड़े घोटालों एवं अनियमितता पर सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताते हुए उसका विरोध शुरू हो जाता है। ईडी के लिए इस तरह के आरोप नये नहीं हैं, बल्कि आजकल तो जैसे ही वह किसी मामले की जांच शुरू करती है, तुरंत ही आरोप लगने शुरू हो जाते हैं कि यह काम राजनीतिक बदले की भावना से किया जा रहा है।

> **ईडी अधिकारियों पर हमला करने वाले कितने बेखौफ थे, इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने इन अधिकारियों की सुरक्षा के लिए साथ गये केंद्रीय बल के जवानों पर भी हमला बोल दिया।**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# प्राण की बात भी है महान


देवेश कु. घोष

***सामान्य*** धारणा है कि हमारे अन्दर चल रहा श्वास ही प्राण है। परन्तु यह पूर्णतया सत्य नहीं है। समझने के लिए कुछ विवरण आवश्यक है। प्राण वह शक्ति है जो श्वास ग्रहण कराती है, उसे चलाती है। व्यक्ति के प्रयास करने पर यह शक्ति श्वास को रोक कर रख सकती है, इच्छानुसार श्वास लेने या छोड़ने की गति को धीमा और तेज कर सकती है। व्याधि हो तो श्वास की गति आवश्यकता से अधिक या कम हो सकती है। अर्थात श्वास का नियंत्रण एक शक्ति के द्वारा होता है । इसी शक्ति को प्राण कहते हैं। यदि यह शक्ति क्षीण हो जाये तो श्वास संबंधी समस्या हो सकती है और यदि यह शक्ति शून्य हो जाए, इसका क्षय पूर्णतया हो जाए तो शरीर के अंग अपना काम करना बंद कर देते हैं। तब व्यक्ति मृत्यु गत हो जाता है। दूसरी ओर यदि इस शक्ति को बढ़ा लिया जाए तो जीवंतता पुष्ट हो सकती है। जीवन दीर्घ काल तक आरोग्य रह सकता है। विचार करें, एक भारोत्तोलक, भारोत्तोलन प्रदर्शन के समय अपनी दोनों भुजाओं से भार सहित लौह दण्ड उठा कर सिर के ऊपर ले जाता है और इस स्थिति में एक अवधि तक अपनी श्वास रोक कर रखता है। उसकी भारोत्तोलन की सफलता के पीछे श्वास रोके रख सकने की क्षमता का बहुत बड़ा हाथ है। श्वास रोके रख सकने की यह क्षमता भारोत्तोलक के शरीर में उपलब्ध प्राण ही देते हैं। तीरंदाज लक्ष्य संधान के समय जब एकाग्रता धारण करता है तो एक शक्ति उसके श्वास लेने और छोड़ने की गति को लयात्मक बनाती है जिसकी उस समय उसे नितांत आवश्यकता होती है। किसी गंभीर गणना के समय गणक के श्वास की गति सामान्य से कम हो कर लयात्मक हो जाती है। सफल तीरंदाजी, गणना या किसी भी महत्वपूर्ण कार्य का उत्तम परिणाम प्राण निश्चित करता है। श्वास को निर्धारित मात्रा एवं गति से ग्रहण करना,अन्दर रोके रखना, विसर्जित करना, अर्थात इन गतियों को आयाम देना एक शक्ति संपादित करती है जिसे प्राण कहते हैं। आयाम देने की प्रक्रिया को प्राणायाम कहते हैं। प्राणायाम, अर्थात प्राण के आयाम पर अधिकार। सभी दैहिक प्रक्रियायें, स्नायविक शक्ति प्रवाह, प्राण निहित हैं। व्यक्ति में जितनी अधिक प्राण शक्ति होगी, वह उतना ही स्वस्थ और मजबूत होगा। शरीर से भी और मन से भी । प्राण भरे व्यक्तित्व में विचार- शक्ति भी उतनी ही प्रचुर होगी। प्राण का संबंध केवल सजीव प्राणियों के साथ ही नहीं है। मस्तिष्क पर थोड़ा बल देकर विचार करें। - **अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली।**

> **विचार करें, एक भारोत्तोलक, भारोत्तोलन प्रदर्शन के समय अपनी दोनों भुजाओं से भार सहित लौह दण्ड उठा कर सिर के ऊपर ले जाता है और इस स्थिति में एक अवधि तक अपनी श्वास रोक कर रखता है।**

बोधि वृक्ष

## समुद्र मंथन की कथा

हे देवगण! तुम्हारे लिए मैं ऐसी युक्ति करूँगा जिससे तुम्हारे द्वेषी दैत्यों को अमृत नहीं मिल पायेगा और उनके हिस्से में केवल समुद्र मंथन का क्लेश ही आयेगा।' ये सुनकर देवगण अत्यंत प्रसन्न हुए और समुद्र मंथन की व्यवस्था में लग गये। सबसे पहले उन्होंने असुरों को इस कार्य में सहायता करने के लिए राजी किया। अमृत पाने के लालच में असुर सहायता के लिए तैयार हो गये। देव, दानव और दैत्यों ने अनेक प्रकार की औषधियां लाकर उन्हें क्षीरसागर के जल में डाला। उन्होंने मंदराचल को मथनी तथा नागराज वासुकि को नेती बनाकर बड़े वेग से अमृत मंथन आरम्भ किया। भगवान ने जिस ओर वासुकि की पूँछ थी उस ओर देवताओं को तथा जिस ओर मुख था उधर दैत्यों को नियुक्त किया। महातेजस्वी वासुकि के मुख से निकलते हुए श्वासाग्नि से झुलसकर सभी दैत्यगण निस्तेज हो गये। उसी श्वास वायु से विक्षिप्त हुए मेघों के वासुकि के पूँछ की ओर बरसते रहने से देवताओं की शक्ति बढ़ती गयी। **भगवान विष्णु का कूर्म अवतार :** स्वयं भगवान विष्णु ने कछुए का रूप धारण करके मंदराचल पर्वत को अपनी पीठ पर रखा ताकि मथनी स्थिर रहे और समुद्र में डूब न जाये। भगवान विष्णु के इसी अवतार को कूर्म अवतार कहा जाता है जो उनके 10 अवतारों में से एक है। वे ही चक्र गदाधर भगवान अपने एक अन्य रूप से देवताओं में और एक अन्य रूप से दैत्यों में मिलकर नागराज को खींचने लगे। उन्होंने एक अन्य विशाल रूप से जो देवता और दैत्यों को दिखाई नहीं देता था ऊपर से मंदराचल पर्वत को दबा कर रखा था। श्रीहरि अपने तेज से नागराज वासुकि में बल का संचार करते थे और अपने अन्य तेज से देवताओं का बल बढ़ा रहे थे। इस प्रकार समुद्र मंथन का कार्य सुचारु रूप से चलने लगा। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

## 10 उपयोगी टेक्नोलॉजी ट्रिक्स

फिर आप माइक्रोफोन का चयन करके और क्लिक करके पाठ को निर्देशित करना शुरू कर सकते हैं। कोई विराम चिह्न जोड़ने के लिए इसे जोर से बोलें। ऋ्क्ष्ड्ढ्र्री उड्ढ्र इसी प्रकार कार्य करता है. मेनू से टूल्स के अंतर्गत वॉयस टाइपिंग विकल्प का चयन करें। एक बार जब आप काम पूरा कर लें, तो आपको इसका उपयोग शुरू करने के लिए माइक्रोफोन पर क्लिक करना होगा। **3. गूगल ट्रांसलेट के साथ लंबे आर्टिकल्स को प्रूफरीड करें**



यदि आप एक छात्र या सामग्री लेखक हैं और आपको अपने काम की प्रूफरीडिंग के लिए किसी को ढूंढने में परेशानी हो रही है तो गूगल आपका मित्र है। लंबे लेखन सत्र के बाद अपने लेखन में खामियां ढूंढना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सौभाग्य से, आप अपनी दृष्टि के बजाय अपने कानों पर भरोसा कर सकते हैं।

**4. गूगल सर्च ऑपरेटरों का उपयोग करें**

खोज ऑपरेटर विशेष कमांड हैं जिनका उपयोग उन उपयोगकर्ताओं की सहायता के लिए किया जा सकता है जिन्हें गूगल खोज से प्रासंगिक परिणाम ढूंढने में समस्या हो रही है। उपयोगकर्ता इन ऑपरेटरों के उपयोग से अपनी खोजों को सीमित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, 'साइट' ऑपरेटर एक निश्चित वेबसाइट से विशेष परिणाम लौटाता है। उदाहरण के लिए, 'साइट स्क्रीनरेंट.कॉम' दर्ज करें, खोज शब्द 'एप्पल विजन प्रो' उन सभी प्रकाशित लेखों को प्रदर्शित करेगा जिनमें यह शब्द शामिल है। ऑपरेटर एक अन्य खोज उपकरण है जो परिणामों से एक निश्चित शब्द को बाहर कर सकता है। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# देश के पहले हेल्दी-हाईजीनिक फूड स्ट्रीट 'प्रसादम' का लोकार्पण

**एजेंसी। उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन के श्री महाकाल लोक परिसर में रविवार को देश के पहले हेल्दी और हाईजीनिक फूड स्ट्रीट 'प्रसादम' का लोकार्पण हुआ। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोपहर में इसका शुभारंभ किया। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे और ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल के दर्शन और पूजन कर जगत के मंगल एवं कल्याण की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने महाकाल महालोक में बने स्वस्थ और स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब प्रसादम और अवंतिका हाट बाजार का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में प्रदेश की 36



स्वास्थ्य संस्थाओं का भूमिपूजन एवं 150 स्वास्थ्य संस्थाओं का लोकार्पण भी सम्पन्न हुआ। प्रसादम और अवंतिका हाट बाजार के शुभारंभ के बाद केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रसादम और अवंतिका हाट बाजार का जायजा भी लिया और व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इस देश के इस पहले हेल्दी एवं हाईजीनिक फूड स्ट्रीट फूड स्ट्रीट 'प्रसाद' के निर्माण पर एक करोड़ 75 लाख रुपये की लागत आई है। यहां समोसा-कचौड़ी और जंक फूड के साथ ही प्लास्टिक के प्रयोग पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इस मौके पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, क्षेत्रीय सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान समेत अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।



उल्लेखनीय है कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने देश में एक सौ क्लीन स्ट्रीट फूड हब बनाने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में मध्य प्रदेश राज्य में चार क्लीन स्ट्रीट फूड हब स्थापित करने का लक्ष्य है। इसके लिए उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर एवं भोपाल जिले को चयनित कर क्लीन स्ट्रीट फूड हब बनाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई थी। इस योजना में स्ट्रीट फूड वेण्डर्स को रोजगार मिलेगा। साथ ही महाकाल लोक में आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री मिलेगी। प्रदेश में ईट राईट गतिविधियों के अन्तर्गत देश में प्रथम ईट राईट भोग प्रमाणन महाकाल मन्दिर उज्जैन को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण केन्द्र सरकार से प्राप्त कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## मध्य प्रदेश की सात सीटों पर भाजपा को तलाशने होंगे नये उम्मीदवार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने अब लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मिशन 29 पर काम शुरू हो गया है तो वही पार्टी के सामने उन सात सीटों पर उम्मीदवारी का सवाल बना हुआ है जहां के सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतर गया था। राज्य में लोकसभा की 29 सीट है और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 28 सीटों पर जीत दर्ज की थी, कांग्रेस सिर्फ छिंदवाड़ा में जीत हासिल कर सकी थी जहां से सांसद नकुलनाथ है। अब भाजपा छिंदवाड़ा पर भी नजर गड़ाए हुए हैं। सभी 29 सीटों पर जीतने के लिए मिशन-29 बनाया है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में अपनी रणनीति के मुताबिक तीन तत्कालीन केंद्रीय मंत्रियों सहित कुल सात सांसदों को मैदान में उतारा था।

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 10 को आएंगी बिहार

**पटना (बिहार)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बिहार में भाजपा नेताओं को और अधिक प्रशिक्षित किया जायेगा। इस सिलसिले में अब केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 10 जनवरी को पटना आ रहीं हैं। वे पटना में भाजपा के मीडिया कार्यशाला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्मृति ईरानी शामिल होंगी। दरअसल, लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा अपने स्थानीय नेताओं को हर प्रकार के गुर सिखाना चाहती है। इसमें मीडिया से कैसे रूबरू होना है, केंद्र सरकार की योजनाओं को कैसे प्रभावशाली तरीके से पेश करना है, भाजपा से कैसे आम लोगों को जोड़ना है। इसे लेकर इस कार्यशाला में अहम सुझाव दिए जा सकते हैं। भाजपा नेताओं को स्मृति ईरानी तमाम मुद्दों पर अहम सुझाव दे सकती हैं। इस बीच 13 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार आगमन का कार्यक्रम है। इसके साथ लोकसभा चुनाव को देखते हुए अमित शाह और जेपी नड्डा की भी बिहार के कई जिलों में जनसभाएं होनी है। बीच अब स्मृति ईरानी के आने की खबर भी लोकसभा के चुनावी अभियान का हिस्सा माना जा रहा है।

### भोपाल के बीआरटीएस को हटाने पर खर्च होंगे 18 करोड़

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के 24 किलोमीटर लंबे बीआरटीएस कॉरीडोर को हटाया जाना है जिस पर 18 करोड़ से ज्यादा की लागत आएगी। राज्य में भाजपा के चुनाव जीतने और डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री की कमान संभालने के बाद भोपाल के बीआरटीएस कॉरीडोर को हटाने का ऐलान किया था। वहीं नगरीय प्रशासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। यह कार्ययोजना बन चुकी है। मुख्य सचिव वीरा राणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि मिसरोद से एम्प्री (होशंगाबाद रोड) सेक्शन की कुल लम्बाई 6.7 किलोमीटर में आवश्यक सुधार किये जायेंगे। इस भाग में पर्याप्त राइट ऑफ वे एवं भूमि उपलब्ध होने के बाद भी वाहनों के लिये मात्र दो लेन का स्थान उपलब्ध है। कॉरीडोर में बस लेन को छोड़कर बीआरटीएस में दोनों तरफ तीन-तीन कुल छह लेन मार्ग किया जायेगा। इसके लिये कॉरीडोर हटाया जायेगा। इस पर 11 करोड़ 67 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। इसके साथ ही कॉरीडोर में निर्मित साइकिल ट्रेक में भी सुधार किया जायेगा। इस कार्य के बाद दोपहिया वाहनों का उपयोग सुलभ तरीके से हो सकेगा।

# इंडी गठबंधन में चल रहा सीट बंटवारे का मोल-तोल: गिरिराज

**उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अपने समर्थकों के साथ 15 जनवरी को रामलला का दर्शन करने के लिए जाने की बात कह रहे हैं।**

**एजेंसी। बेगूसराय (बिहार)**

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि अभी तक विपक्ष और कांग्रेस राम को काल्पनिक कहते रहे लेकिन अब उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अपने समर्थकों के साथ 15 जनवरी को रामलला का दर्शन करने के लिए जाने की बात कह रहे हैं। बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए गिरिराज सिंह ने रविवार को कहा कि आखिर कांग्रेस वहां जाने की बात कैसे सूझ गई। यदि सद्बुद्धि आती है तो मैं प्रार्थना करता हूं कि सभी को सद्बुद्धि आए लेकिन यह लोग तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग हैं, यह तुष्टीकरण ही करेंगे। वे राम में शरण में जाएं और कृष्ण की भी शरण में जाने की हिम्मत दिखाएं।




समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव द्वारा राहुल गांधी की न्याय यात्रा से पहले लोकसभा चुनाव के सीट बंटवारा करने के सवाल पर गिरिराज सिंह ने कहा कि इंडी घमंडिया गठबंधन है। कोई संयोजक बनने के लिए खड़गे का नाम कहता है तो नीतीश कुमार मुंह फुलाकर घर बैठ जाते हैं। इसके बाद कांग्रेस नीतीश कुमार के सामने घुटने टेक देती है। इन लोगों में सीट बंटवारा को लेकर मोल-जोल हो रहा है। किसी को डर है जेल जाने का तो किसी को डर है हारने का। इसलिए गठबंधन होगा भी नहीं। अखिलेश यादव कर रहे हैं कि सीट का बंटवारा पहले हो जाए और राहुल गांधी को अपनी यात्रा से मतलब है। राहुल गांधी जानते हैं कि गठबंधन होना ही नहीं है। क्योंकि, यह ठगबंधन है। जिसका स्वार्थ सिद्ध नहीं होगा वह गठबंधन से अलग हो जाएगा। इस गठबंधन का वही हाल होगा कि इस दिल के टुकड़े हजार हुए कोई यहां गिरा कोई वहां गिरा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हो रहे हमले पर गिरिराज सिंह ने कहा कि वहां लोकतंत्र और संघीय ढांचा समाप्त हो गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लोकतांत्रिक नहीं होकर डिक्टेटर की भूमिका में हैं। वह अपने को भारत से कटा और किम जॉन समझती है। देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए ममता की सरकार को खत्म करना होगा। वह इस्लामिक स्टेट बनाने का प्रयास कर रही है।

# 'श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी'

**एजेंसी। अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने रविवार को मंदिर निर्माण कार्य का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कुछ जरूरी निर्देश दिए। आगामी 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर नृपेंद्र मिश्रा के इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े एक पदाधिकारी के मुताबिक मंदिर निर्माण कार्य की समीक्षा के लिए अयोध्या पहुंचे नृपेंद्र मिश्रा ने बैठक से पहले ट्रस्ट के सदस्यों के साथ मौका मुआयना किया। राम मंदिर निर्माण का कार्य अपने अंतिम चरण में है। नृपेंद्र मिश्र ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखते हुए बाकी तैयारी समय से पूरी कर ली जाएगी। मिश्रा ने कहा कि उन्होंने इंजीनियरों के साथ मंदिर मार्ग का निरीक्षण किया। रास्ते में धूप और वर्षा से बचाव के लिए बनाए गए कैनोपी स्थल भी देखा। इसके अलावा स्कैनर बिंदु और तलाशी केंद्र का भी निरीक्षण किया। इसके आगे मंदिर की सीढ़ियां हैं।



**अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर होगी अस्थायी मीडिया सेंटर की स्थापना**

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में मीडिया कवरेज के लिए अस्थायी मीडिया सेंटर की स्थापना होगी। यह मीडिया सेंटर 20 से 22 जनवरी तक संचालित रहेगा। सूचना विभाग के उप निदेशक मुरलीधर सिंह ने बताया कि सुरक्षा समिति और एसपीजी के साथ वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक होने के बाद मीडिया कवरेज संबंधी अन्य बिंदुओं की जानकारी दी जाएगी। मीडिया संबंधी जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7080510637 पर संपर्क किया जा सकता है। अस्थायी मीडिया सेंटर में इंटरनेट और कंप्यूटर आदि की व्यवस्था रहेगी।

## राजस्थान के राज्यपाल ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार सुबह राजभवन विश्राम गृह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने शॉल ओढ़ाकर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया और उनको राजस्थान की प्रसिद्ध मीनाकारी कला का स्मृति चिह्न भेंट किया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री से इस दौरान प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों और संवैधानिक जागरुकता के लिए किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री राजस्थान के तीन दिवसीय प्रवास पर हैं। वे यहां पुलिस महानिदेशक- महानिरीक्षक सम्मेलन में शामिल होने के लिए आए हुए हैं। सम्मेलन का आज अंतिम दिन है। प्रधानमंत्री राजभवन में ठहरे हैं। रविवार सुबह सम्मेलन में शामिल होने के लिए राजभवन से सीधे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ दोपहर का भोजन किया। प्रधानमंत्री आज करीब 4.10 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।




## अपने गिरेबान में झांके अखिलेश यादव : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बसपा पर अनर्गल तंज कसने से पहले उन्हें अपने गिरेबान में भी झांक लेना चाहिए। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि अखिलेश यादव और उनकी सरकार में खासकर दलित-विरोधी आदतें और नीतियों एवं कार्यशैली रही हैं। बसपा पर तंज कसने से पहले उन्हें अपने गिरेबान में भी झांक कर जरूर देख लेना चाहिए कि उनका दामन भाजपा को बढ़ाने व उससे मेलजोल के मामले में कितना दागदार है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि तत्कालीन सपा प्रमुख मुलायम सिंह द्वारा भाजपा को संसदीय चुनाव में विजय का आशीर्वाद दिए जाने को कौन भुला सकता है। फिर भाजपा सरकार बनने पर उनके नेतृत्व से सपा नेतृत्व का मिलना-जुलना जनता कैसे भुला सकती है। मायावती ने कहा कि सपा यदि साम्प्रदायिक ताकतों से लड़े. तो उचित होगा।



## देश में कोविड के 756 नए मामले, पांच की मौत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में देश में कोविड-19 के 756 नए मामले सामने आए हैं। साथ ही पांच संक्रमितों की मौत भी हुई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पांच नई मौतें महाराष्ट्र, केरल और जम्मू-कश्मीर में हुईं। इससे पहले शनिवार को तमिलनाडु और गुजरात में दो-दो मौतें हुईं, जबकि शुक्रवार को 12 मौतें हुईं। केरल में पांच, कर्नाटक में चार, महाराष्ट्र में दो और उत्तर प्रदेश में एक मौत हुई। इस बीच, सक्रिय मामलों की कुल संख्या शनिवार को 4,187 से गिरकर 4,049 हो गई। अब तक जनवरी 2020 में शुरूआती प्रकोप के बाद से भारत में कोरोनो वायरस मामलों की कुल संख्या 4,50,18,134 तक पहुंच गई है, जबकि कुल मृत्यु का आंकड़ा 5,33,392 हो गया है। नया जेएनडॉट1 सब-वेरिएंट ओमीक्रॉन सबवेरिएंट का वंशज है जिसे बीएडॉट2डॉट86 या पिरोला के नाम से जाना जाता है। भारतीय सार्स कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के अनुसार केरल, कर्नाटक में जेएनडॉट1 प्रकार के मामले देखे गए।



# फरार तृणमूल नेता के पास हैं 17 कारें, ढ़ाई करोड़ का सोना

**एजेंसी। कोलकाता**

पिछले साल पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के लिए उनके द्वारा दायर हलफनामे के अनुसार, भगोड़े तृणमूल कांग्रेस नेता और ईडी तथा केंद्रीय पुलिस बल पर सुनियोजित हमले के पीछे प्रमुख मास्टरमाइंड माने जाने वाले शेख शाहजहाँ के पास वाहन, सोने के गहने और जमीन के रूप में बड़ी संपत्ति है। पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग के समक्ष दायर हलफनामे के अनुसार, शाहजहाँ की संपत्ति में 17 वाहन, 2.5 करोड़ रुपये के सोने के गहने और 14 एकड़ से अधिक जमीन शामिल है, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य वर्तमान दर पर चार करोड़ रुपये है। इसके अलावा, उसी हलफनामे की घोषणा के अनुसार, उनके नाम पर बैंक में 1.92 करोड़ रुपये जमा हैं। उसी हलफनामे में, शाहजहाँ ने अपना पेशा व्यवसाय बताया है, हालांकि कॉलम में यह नहीं बताया गया है कि वह किस प्रकार के व्यवसाय में है। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि शिक्षा योग्यता कॉलम के तहत कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया है। हालांकि, ईडी के अधिकारियों की राय है कि



शाहजहाँ द्वारा हलफनामे में उल्लिखित संपत्ति और संपत्तियों का उल्लेख बहुत कम किया गया है। सरकारी राशन दुकान के डीलर होने के अलावा, वह, जैसा कि उसके इलाके में जाना जाता है, उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र में मशरूम की खेती को वस्तुतः नियंत्रित करता है। इसके अलावा, ईडी द्वारा एकत्र की गई जानकारी के अनुसार, वह अप्रत्यक्ष रूप से क्षेत्र में संचालित दो ईंट-भट्ठों के स्वामित्व को भी नियंत्रित करता है। सूत्रों ने कहा कि दक्षिण कोलकाता के अल्पसंख्यक-सघन इलाके में उसके नाम पर पंजीकृत एक आलीशान फ्लैट के बारे में भी केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को पता चला है।

## टीएमसी जिला महासचिव की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के मुर्शिदाबाद जिले के महासचिव सत्येन चौधरी की रविवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। सत्येन चौधरी कभी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी के करीबी और विश?वासपात्र रहे थे। बाद में वह टीएमसी में शामिल हो गए थे। रविवार को मुर्शिदाबाद के भरतपुर में एक निमार्णाधीन इमारत के सामने जब वह अपने करीबी सहयोगियों के साथ बैठे थे, तभी उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक दो बाइकों पर तीन बदमाश वहां पहुंचे। बदमाशों ने चौधरी को नजदीक से गोली मारी और मौके से फरार हो गए। खून से लथपथ चौधरी को तत्काल इलाज के लिए मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। सूत्रों का कहना है कि हत्या के पीछे सत्तारूढ़ दल में अंदरूनी कलह संभावित कारण है। दरअसल, बीते कुछ समय से दिवंगत नेता ने पार्टी के जिला नेतृत्व के अन्य वर्गों के साथ मतभेदों के कारण व्यक्तिगत मामलों से खुद को दूर करना शुरू कर दिया था।

# राम नाईक का जीवन चरैवेति चरैवेति का उदाहरण : पीयूष



**आरपी सिंह। कोलकाता**

उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम नाईक की ओर से लिखी गई पुस्तक चरैवेति चरैवेति के बांग्ला संस्करण का विमोचन शनिवार को कोलकाता में हुआ। यहां भाषा परिषद में पुस्तक के विमोचन पर केंद्रीय कपड़ा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मौजूद थे।

उनके साथ राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस, त्रिपुरा, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल तथागत राय के अलावा संघ के पुराने स्वयंसेवक लक्ष्मी नारायण भाला और कई अन्य वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे। पुस्तक के विमोचन पर अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि श्री राम नाईक का जीवन चरैवेति चरैवेति का साक्षात उदाहरण है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जवानी के दिनों में राम नाईक जी का घातक एक्सीडेंट हुआ था। सभी ने उम्मीद छोड़ दी थी लेकिन उन्होंने मौत से हार नहीं मानी और फिर राष्ट्र सेवा के कार्य में लौटे। उसके बाद वह कैंसर की भी चपेट में आ गए। आज से तीन दशक पहले कैंसर होना ही मौत का पैगाम हुआ करता था लेकिन उन्होंने कैंसर को भी मात दी। एक छोटे से गांव से निकलकर तीन बार विधायक और पांच बार सांसद बने।

पीयूष गोयल ने कहा कि जब राम नाईक अटल जी की सरकार में पेट्रोलियम मंत्री बने तो उन्होंने एलपीजी सिलेंडर को आम जनता के लिए सुलभ कर दिया। नहीं तो पहले सिलेंडर लेने के लिए सांसदों के घरों के बाहर लोगों का मजमा लगता था।

## तमिलनाडु के इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी, भारी बारिश की संभावना

**चेन्नई।** क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने रविवार को तमिलनाडु के चेंगलपट्ट, विल्लुपुरम और कुड्डालोर में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों तक आमतौर पर बादल छाए रहने की उम्मीद है और कुछ इलाकों में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। रविवार को तमिलनाडु के चेन्नई, रानीपेट, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, मयिलादुथुराई, थेनी, तिरुवन्नामलाई, तेनकासी, अरियालुर, कल्लाकुरिची और कन्याकुमारी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है। आरएमसी ने सोमवार को रामनाथपुरम, थूथुकुडी, तिरुनेलवेली और तिरुवल्लूर जिलों और मंगलवार को कन्याकुमारी में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की भी भविष्यवाणी की है। लक्षद्वीप पर चक्रवाती परिसंचरण अब औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैला हुआ है।



**39 वर्ष का संघर्ष** — भोपाल गैस कांड मामले में हुई अंतिम सुनवाई

# कोर्ट ने 18 जनवरी तक फैसला सुरक्षित रखा

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में साल 1984 में हुई दुनिया की भीषण औद्योगिक त्रासदी में से एक भोपाल गैस कांड मामले में शनिवार को अंतिम सुनवाई हुई। भोपाल की जिला न्यायालय में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट विधान महेश्वरी ने इस मामले में सुनवाई करते हुए 18 जनवरी तक फैसला सुरक्षित रख लिया है।

दरअसल, साल 1884 में दो-तीन दिसंबर की रात यहां डाऊ केमिकल्स कंपनी के यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस के रिसाव से हजारों लोग मौत की नींद सो गए थे और लाखों लोग इससे प्रभावित हुए थे। इस गैस त्रासदी का मंजर आज भी लोग याद करते हैं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं।



इस त्रासदी में जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया था, आज भी उन्हें इसे सोचकर डर लगता है। इस हादसे के 39 साल बीत जाने के बाद भी आज तक लोगों को न्याय नहीं मिल पाया है। भोपाल की जिला अदालत में शनिवार को मामले की अंतिम सुनवाई हुई। कोर्ट में इस मामले में पांच घंटे बहस चली। डाऊ केमिकल की तरफ से पक्ष रखने के लिए 15 वकील पेश हुए। इनमें सीनियर अधिवक्ता सिदार्थ लुथरा (भारत सरकार के पूर्व एएसजी) और रविंद्र श्रीवास्तव शामिल थे। भोपाल ग्रुप फॉर इन्फोर्मेशन एंड एक्शन की तरफ से अवि सिंह और सीबीआई की तरफ से सियाराम मीना ने पैरवी में हिस्सा लिया। पूरी बहस इस बात पर थी कि क्या डीओडब्ल्यू केमिकल कंपनी भारत की अदालत के अधिकार क्षेत्र में आती है कि नहीं। इससे पहले पिछली सुनवाई में विशेष न्यायाधीश विधान माहेश्वरी ने डाउ केमिकल्स मामले की सुनवाई की थी। इस सुनवाई में भी डाउ केमिकल्स कंपनी की तरफ से 10 वकीलों की एक फौज कंपनी का पक्ष रखने के लिए पहुंची थी। इसके बाद न्यायधीश ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 6 जनवरी 2024 की तारीख दे दी थी। पिछली सुनवाई में भी कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा था कि इस न्यायालय का क्षेत्राधिकार न होने पर आगामी स्तर पर तर्क करना चाहते हैं।

# यूपी बोर्ड ने छात्रहित के लिए 'समाधान' पोर्टल लॉन्च किया

**एजेंसी। प्रयागराज (यूपी)**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपीएमएसपी/यूपी बोर्ड) ने अपने छात्रों के लिए एक समर्पित 'समाधान' पोर्टल लॉन्च किया है। यह पोर्टल यूपी बोर्ड से संबद्ध 27 हजार से अधिक स्कूलों के करोड़ों वर्तमान और पूर्व छात्रों की समस्याओं को हल करने के लिए बनाया गया है। इसके जरिए 15 दिन के भीतर शिकायतों का समाधान किया जाएगा। यह किसी छात्र या उसके अभिभावक को यूपी बोर्ड के मुख्यालय या उसके क्षेत्रीय कार्यालयों के चक्कर लगाए बिना किया जाएगा। यूपी बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने शनिवार को छात्रों के लिए एक समर्पित 'समाधान' पोर्टल लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में हर साल 55 लाख से




ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होते हैं। इतने सारे उम्मीदवारों के कारण, उनके शैक्षिक रिकॉर्ड में त्रुटियों की संख्या भी आनुपातिक रूप से अधिक है। उम्मीदवारों को प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, बरेली और गोरखपुर में बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों में जाकर इन त्रुटियों को हल करने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए 'समाधान' पोर्टल लॉन्च किया गया है। इसके माध्यम से इच्छुक और जरूरतमंद लोगों को पहली बार 13 विभिन्न प्रकार की सेवाएं/सुविधाएं ऑनलाइन प्रदान की जाएंगी।

## दिल्ली में 5वीं तक की कक्षाएं 14 तक बंद रहेंगी

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने रविवार को कहा कि दिल्ली में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए सभी स्कूल और फिजिकल कक्षाएं 14 जनवरी तक बंद रहेंगी। शिक्षा निदेशालय ने कहा, "मौजूदा मौसम की स्थिति को देखते हुए किसी भी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में प्राथमिक वर्गों (नर्सरी से कक्षा 5 तक) के लिए फिजिकल मोड में कोई कक्षाएं नहीं होंगी।"यह आदेश आठ जनवरी से 12 जनवरी तक अगले पांच दिनों के लिए है। शिक्षा निदेशालय ने कहा, "जहां तक संभव हो, स्कूल प्राथमिक कक्षाओं के अपने छात्रों के लिए ऑनलाइन आयोजित कर सकते हैं।"अधिकारियों ने कहा कि 13 और 14 जनवरी को क्रमशः दूसरा शनिवार और रविवार है। प्राथमिक कक्षाओं के छात्र 15 जनवरी को फिजिकल मोड में वापस स्कूल में शामिल होंगे। शिक्षा निदेशालय ने कहा कि स्कूल 8 जनवरी से अन्य सभी कक्षाओं (छठी से बारहवीं) के लिए खुले रहेंगे। हालांकि, मौसम की स्थिति को देखते हुए, कोई भी स्कूल सुबह 8 बजे से पहले शुरू नहीं होगा और शाम 5 बजे के बाद कक्षाएं नहीं होंगी।



# टी20 विश्व कप 2024 के रोहित होंगे कप्तान : आकाश चोपड़ा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने उम्मीद जताई है कि रोहित शर्मा टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम की कप्तानी कर सकते हैं, क्योंकि हार्दिक पांड्या के साथ चल रही फिटनेस चुनौतियों के कारण इस ऑलराउंडर के खेलने पर सस्पेंस बना हुआ है।

हार्दिक 19 अक्टूबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं। वह वर्ल्ड कप 2023 के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में गेंदबाजी करते समय चोटिल हो गए थे। इस चोट के कारण उन्हें वर्ल्ड कप और बाद में कई सीरीज से भी बाहर बैठना पड़ा।

हार्दिक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला, दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान तीन मैचों की टी20 और वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं थे।

चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, हार्दिक शायद कप्तान नहीं होंगे क्योंकि उनकी फिटनेस को लेकर एक मसला है। आप वर्तमान में नहीं खेल रहे हैं। विश्व कप में आपका टखना मुड़ गया था। आप अफगानिस्तान श्रृंखला नहीं खेल रहे हैं। किसी भी हाल में टेस्ट नहीं खेलोगे तो सीधे आईपीएल खेलोगे। इसलिए यह सब उनके खिलाफ जा रहा है।

मुझे लगता है कि रोहित शर्मा टी20 कप्तानी करेंगे और टी20 विश्व कप 2024 के लिए भी कप्तान होंगे। यदि आपने टी20 विश्व कप 2022 के बाद यह सवाल पूछा होता, तो यह लगभग तय था कि वह कप्तान नहीं होंगे, लेकिन वर्तमान में चीजें काफी अलग हैं।

वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप इस साल 1 जून से 29 जून तक होने वाला है। भारत अपने अभियान की शुरूआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगा। टूनार्मेंट का उसका दूसरा मैच 9 जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होगा।

## हॉकी इंडिया ने जूनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए संभावित समूह का किया ऐलान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया (एचआई) ने रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई), बेंगलुरु में सोमवार से शुरू होने वाले जूनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 41 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की। नए मुख्य संभावित समूह का चयन 2023 में आयोजित घरेलू चैंपियनशिप में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

हॉकी इंडिया ने एक विज्ञप्ति में कहा कि खिलाड़ी 6 फरवरी को समाप्त होने वाले एक महीने के शिविर के लिए कोच तुषार खांडेकर को रिपोर्ट करेंगे।

### 41 सदस्यीय कोर-संभावित समूह के खिलाड़ियों की सूची

**गोलकीपर :** विद्याश्री वी, अदिति माहेश्वरी, निधि, एंगिल हर्ष रानी मिंज।
**डिफेंडर :** लालथंटलुआंगी, नीरू कुल्लू, ममिता ओरम, थौंजाओजम निरुपमा देवी, ज्योति सिंह, अंजलि बरवा, पवनप्रीत कौर, पूजा साहू।
**मिडफील्डर :** प्रियंका डोगरा, रजनी करकेट्टा, एफ. लालबी अक्सियामी, मनीषा, निराली कुजूर, हिना बानो, क्षेत्रमयुम सोनिया देवी, अनिशा साहू, प्रियंका यादव, खैदेम शिलेमा चानू, सुप्रिया कुजूर, जैसीकदीप कौर, बिनिमा धान, हुदा खान, साक्षी राणा।
**फॉरवर्ड :** सोनम, संजना होरो, डेचम्मा पीजी, इशिका, हिमांशी शरद गवांडे, कनिका सिवाच, निशा मिंज, यमुना, गीता यादव, गुरमेल कौर, लालरिनपुई, मुनमुनी दास, अश्विनी पंजाब कोलेकर और सुनेलिता टोप्पो।
**स्टैंड बाई :** लखीमोनी मजुवार (गोलकीपर), ममतेश्वरी लहरे (डिफेंडर), सेजल (फॉरवर्ड)

## वॉन के 'अंडरअचीवर्स' वाले बयान पर अश्विन का पलटवार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन की टीम इंडिया को 'अंडरअचीवर्स' करार देने वाली टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि भारत ने दुनिया में कितना अच्छा प्रदर्शन किया है, इस पर विचार करते हुए इस तरह की टिप्पणी से उन्हें हंसी आती है। माइकल वॉन ने ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान टेस्ट श्रृंखला के बीच फॉक्स क्रिकेट पर एक पैनल चर्चा के दौरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मार्क वॉ के एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की थी। वॉन ने कहा था, भारत दुनिया की एक ऐसी टीम है जिसने पिछले कुछ सालों में अपनी क्षमता से काफी कम उपलब्धि हासिल की है। अगर आप उनके रिकॉर्ड्स को उठाकर देखें तो उन्होंने कोई बड़ा इवेंट नहीं जीता है।

## सबालेंका को हराकर जीती रिबाकिना



**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

वर्ल्ड नंबर-4 टेनिस स्टार एलिना रिबाकिना ने रविवार को फाइनल में वर्ल्ड नंबर-2 आर्यना सबालेंका को 6-0, 6-3 से हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में अपने करियर का छठा और सीजन का पहला खिताब जीता। एलिना रिबाकिना ब्रिस्बेन में डब्ल्यूटीए एकल चैंपियन बनने वाली नौवीं महिला हैं। दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी ने 2024 के फाइनल में सबलेंका के खिलाफ अपना अभियान पूरा किया।

मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन पर अपनी 6-0, 6-3 की जीत के साथ रिबाकिना ने ऑस्ट्रेलिया में सबालेंका की 15 मैचों के जीत के सिलसिले को रोक दिया। सबालेंका और रिबाकिना ब्रिस्बेन में एक भी सेट नहीं गंवाने के बाद रविवार के फाइनल में पहुंचीं थीं।

## स्वितोलिना को हराकर गॉफ ने ऑकलैंड खिताब का किया बचाव



**ऑकलैंड।** डब्ल्यूटीए 250 इवेंट के रोमांचक फाइनल में नंबर 1 सीड अमेरिकी कोको गॉफ ने रविवार को अपने एएसबी क्लासिक खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया और एलिना स्वितोलिना के प्रयास को नाकाम करते हुए 6-7(4), 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की।

## यंग झारखंड को पराजित कर जेएससीए एकादश बना चैंपियन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ से निबंधित गोल्डन जुबली आमंत्रण कप क्रिकेट प्रतियोगिता के फाईनल मैच में झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की टीम ने यंग झारखंड क्रिकेट क्लब चाईबासा को एकतरफा मुकाबले में 121 रनों से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।

## मैं 400 मैच खेलने को भी तैयार : एलिस पैरी



**एजेंसी। नवी मुंबई**

अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट के सभी प्रारूपों में 300 मैच खेलने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनने की कगार पर प्रमुख तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर एलिस पैरी ने कहा कि वह 400 मैच खेलने के लिए भी तैयार हैं।

जब भारत रविवार शाम को डीवाई पाटिल स्टेडियम में दूसरे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा तो 33 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलिस, मिताली राज, चार्लोट एडवर्ड्स और सुजी बेट्स के बाद अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट के सभी प्रारूपों में 300 मैच खेलने वाली चौथी खिलाड़ी बन जाएंगी।

## रॉयल क्रिकेट क्लब बी ने रॉयल क्रिकेट क्लब ए को 32 रन से किया पराजित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

**स्व आईजे मेहरा ए डिवीजन जिला लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24**

जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में छावनी फुटबॉल में आयोजित ए डिवीजन जिला लीग टूर्नामेंट के तहत रविवार का मैच रॉयल क्रिकेट क्लब ए बनाम रॉयल क्रिकेट क्लब बी के बीच खेला गया। निर्धारित 35-35 ओवर के मैच में रॉयल क्रिकेट क्लब बी टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 202 बनाया। जवाबी पारी खेलते हुए रॉयल क्रिकेट क्लब ए की टीम ने 27.2 ओवर में 170 रन बनाया और आउट हो गई। इस तरह से रॉयल क्रिकेट क्लब बी ने 32 रन से मैच जीत लिया। मैच में रॉयल क्रिकेट क्लब बी के बल्लेबाज प्रभात कुमार ने 64 रन, अनुज कुमार ने 51 रन, विशाल कुमार सिंह ने 20 रन और वीरप्रीत सिंह ने 17 रन बनाया। वहीं, रॉयल क्रिकेट क्लब ए के गेंदबाज ने रोहित कुमार 33 रन देकर 3 विकेट, अंकित कुमार सिंह 28 रन देकर 2 विकेट, दिव्यांशु राज 51 रन देकर 2 विकेट प्राओत किया। बल्लेबाजी करते हुए रॉयल क्रिकेट क्लब ए के आदर्श गिरी ने 64 रन, अरुनिस राज ने 38 रन, रित्विक ऋषि ने 29 रन बनाए। रॉयल क्रिकेट क्लब बी के गेंदबाज हिमांशु कुमार 38 देकर 2 विकेट जबकि अनुज कुमार, रमेश महतो, विनित साहा बाबू एवं शिवम को 1-1 विकेट प्राप्त हुआ 4 बलेबाज रन ऑउट हुए। मैच में अंपायरिंग सुमित कुमार व आदित्य रजक एवं स्कोरिंग में रवि मुंडा ने किया। मौके पर आरसीए सचिव अरुण कुमार राय, सुरज प्रसाद, सागर मुंडा, दिनेश कुमार साव उपस्थित थे।

## खेलगांव में राष्ट्रीय महिला टेनिस टूर्नामेंट आठ जनवरी से

**रांची।** झारखंड टेनिस एसोसिएशन ने आठ से 12 जनवरी तक खेलगांव के टेनिस स्टेडियम में राष्ट्रीय महिला टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया है। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 12 जनवरी को खेला जाएगा। एकल और युगल दो श्रेणियों में मैच खेले जाएंगे। झारखंड में 34वें राष्ट्रीय खेलों के बाद यह पहला राष्ट्रीय स्तर का टेनिस टूर्नामेंट है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का समाजसेवी ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। हरिहरगंज**

हरिहरगंज के मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में राधे कृष्णा क्रिकेट टूर्नामेंट लीग मैच का उद्घाटन रविवार को युवा समाजसेवी जानू चौधरी ने फीता काटकर किया। इस दौरान खिलाड़ियों व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। खेल में भी खिलाड़ी अपना कैरियर बना सकते हैं। इस दौरान संडा व बेलौदर टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमे बेलौदर की टीम विजयी रहा। इस मौके पर टूर्नामेंट के आयोजक पवन यादव, नंदन यादव, विवेक विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, रंजीत मेहता, राहुल विश्वकर्मा, अंपायर संजीव पासवान, राजेश कुमार, हरिदर्शन सिंह, शुभम ठाकुर सहित काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

## हटिया के सिंह मोड़ में खुला *किलर* और *जॉकी* का शोरूम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के हटिया सिंह मोड़ में किलर और जॉकी का शोरूम रविवार को खुला। इस का उद्घाटन आरएसएस के झारखंड प्रमुख गुरु शरण और रांची सांसद संजय सेठ ने संयुक्त रूप से किया। किलर के शोरूम में जींस, शर्ट, जैकेट, टी-शर्ट, ब्लेजर इनरवियर, की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। यहां सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए कपड़े उपलब्ध है। यह झारखंड का 21वां और रांची का दूसरा शोरूम है। कपड़े की कीमत 999 रुपए से शुरू होती है। ग्राहकों को 50% की छूट दी जा रही है। जॉकी के शोरूम में इनरवियर, आउटर वेयर, थर्मल, एथलीजर सहित अन्य प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। यह भारत का नंबर वन ब्रांड है। यह शोरूम पूर्वी भारत का 175 वन और रांची का छठा है। यहां प्रोडक्ट की कीमत 199 रुपए से शुरू होती है। शोरूम का संचालन डीडी एक्सक्लूसिव फर्म कर रहा है। यह डीडी सेल्स ग्रुप का पार्ट है। शोरूम के संचालक मनोज सिंघानिया, मनमोहन सिंघानिया, आशीष सिंघानिया, अमन सिंघानिया ने बताया कि यह सुबह 10:00 बजे से रात 9:00 बजे तक खुला रहेगा। ग्राहक शोरूम में मिल रही छूट का लाभ उठाएं। इस अवसर पर गोपाल मुरारका, सुरेश पोद्दार, विष्णु अग्रवाल, भगवती जाजोदिया, मुकेश काबरा, राकेश मुरारका भी मौजूद थे।

## सैमसंग ने गैलेक्सी स्मार्टफोन के लिए प्री-रिजर्व बुकिंग किया शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सैमसंग ने अपने अगले फ्लैगशिप गैलेक्सी स्मार्टफोन के प्री-रिजर्व की घोषणा कर दी है। इस स्मार्टफोन को इसी महीने पेश किया जाएगा। प्री-रिजर्व्ड ग्राहक नये गैलेक्सी डिवाइसेस की जल्दी खरीदी कर सकेंगे और ये प्रोडक्ट्स खरीदने पर खास ऑफर्स का फायदा भी उठा सकेंगे। ग्राहक सैमसंग डॉट कॉम, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, अमेजन डॉट इन और भारत में अग्रणी रिटेल दुकानों पर 2000 रुपये की टोकन राशि देकर फ्लैगशिप गैलेक्सी डिवाइसेस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्व करने वाले उपभोक्ताओं को 5000 रुपये का फायदा होगा। पहले गैलेक्सी फ्लैगशिप की पेशकश के बाद से ही सैमसंग लगातार उपभोक्ताओं के लिये फ्लैगशिप के अनुभव को बेहतर बना रहा है और उसमें लगातार नयापन लेकर आ रहा है। फ्लैगशिप के अगले जनरेशन के साथ बेहतर डिवाइसेस पेश किये जा रहे हैं, जो कि वर्षों के कठोर शोध एवं विकास और निवेश पर आधारित हैं। सैमसंग गैलेक्सी इनोवेशन के नये युग को बढ़ावा देना और उद्योग के अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना चाहता है। सैमसंग 17 जनवरी को सैन जोस, कैलिफोर्निया में गैलेक्सी अनपैक्ड में फ्लैगशिप डिवाइसेस की अगली जनरेशन पेश करेगा।

# व्यापार

## तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट का आगाज

### पीयूष गोयल ने की शिरकत




**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि तमिलनाडु संस्कृति और सुंदर उत्पादों जैसे कांचीपुरम साड़ियों और राज्य के कई मार्गों की शोभा बढ़ाने वाले मंदिरों का राज्य हैं। मुझे खुशी हैं कि तमिलनाडु ने 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लिया हैं। सूर्य का अध्ययन करने के लिए लॉन्च किया गया उपग्रह आदित्य एल1 के परियोजना निदेशक तमिलनाडु की बेटी निगार शाजी है। भारत अंतरिक्ष कार्यक्रमों में तेजी से प्रगति कर रहा हैं।

### डिजिटल क्रांति का लाभ लोगों को मिला : मुकेश अंबानी

चेन्नई में तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2024 में रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और एमडी मुकेश अंबानी ने कहा कि स्टालिन के नेतृत्व में तमिलनाडु देश में सबसे अधिक व्यापार अनुकूल राज्यों में से एक बन गया है। इसलिए मुझे विश्वास है कि यह जल्द ही एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी। रिलायंस ने पिछले कुछ वर्षों में तमिलनाडु के विकास में गर्व से भागीदारी की है। हमने राज्य भर में लगभग 1300 खुदरा स्टोर खोले हैं, हमने 25000 करोड़ रुपये निवेश किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि जियो ने तमिलनाडु में 35000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जिससे डिजिटल क्रांति का लाभ राज्य के हर लोगों को मिला।

## यूनाइटेड एयरलाइंस ने बोइंग 737 मैक्स पर लगाई रोक

**एजेंसी। शिकागो**

शिकागो स्थित यूनाइटेड एयरलाइंस (यूए) ने, संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) के निर्देश के अनुसार, अपने सभी बोइंग 737 मैक्स 9 विमानों के परिचालन पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। यूनाइटेड ने एफएए द्वारा जरूरी निरीक्षण करने के लिए सभी बोइंग 737 मैक्स 9 विमानों पर सेवा अस्थायी रूप से निलंबित कर दी है। एयरलाइन ने शनिवार को कहा, "हम सभी मैक्स 9 विमानों को सेवा में वापस लाने के लिए निरीक्षण प्रक्रिया और जरूरतों को स्पष्ट करने के लिए एफएए के साथ काम कर रहे हैं।" समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को 16 हजार फीट की ऊंचाई पर अलास्का एयरलाइंस के बोइंग 737 मैक्स 9 की खिड़की उखड़कर हवा में उड़ गई थी जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया था। ओंटारियो, कैलिफोर्निया के लिए रवाना हुए विमान को उड़ान भरने के 20 मिनट बाद वापस पोर्टलैंड में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

## पूंजीगत निवेश बढ़ाने से बढ़ेंगी नौकरियां



**एजेंसी। मुंबई**

शेयर बाजार (मार्केट) में पिछले कुछ समय से तेजी है। कैलेंडर वर्ष 2023 में बीएसई-सेंसेक्स में लगभग 18.5 प्रतिशत की बढ़त देखी गई, जबकि निफ्टी ने 20 फीसदी पर और भी बेहतर प्रदर्शन किया।

इस बढ़ोतरी के बीच, बीते पांच सप्ताह में बाजार की बढ़त जबरदस्त थी। इसका पहला कारण केंद्र सत्तारूढ़ भाजपा का तीन हिंदी भाषी राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव जीतना था।

बाजार में विश्वास बना कि स्थिरता, स्वच्छ शासन व बढ़ोतरी तथा विकास की सतत नीतियां जारी रहेंगी। पिछले नौ साल आठ महीने में विकास, बुनियादी ढांचे पर खर्च देखा गया है जिसमें राजमार्गों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और अन्य पर पूँजीगत व्यय शामिल हैं।

केंद्र सरकार प्राइवेट सेक्टर को कारखाने लगाने में निवेश करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। पीएलआई योजना के तहत विभिन्न क्षेत्रों को प्रोत्साहन दिया गया है। इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि प्रोत्साहन केवल उत्पादन पर ही मिलता है। सिद्धांत यह है कि पहले निर्माण करें और बाद में प्रोत्साहन प्राप्त करें।

सरकार के इस दृष्टिकोण से प्रगति हुई है, अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं और दुनिया के सामने आने वाली सभी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था बढ़ती रही है। हमेशा शिकायतें रहेंगी कि और भी बहुत कुछ किया जा सकता था। लेकिन तथ्य यह है कि प्रगति हुई है और यह सभी को दिख रहा है। प्रगति कागज के टुकड़ों के बीच में नहीं है जिसे ढूंढना कठिन हो। इससे सीपीएसई या पीएसयू इकाइयां शेयर बाजार में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और शेयरधारकों को अच्छा रिटर्न दे रही हैं।

## सिटी फोटो लैब मल्टी ब्रांड शोरूम का उद्घाटन

### झारखंड का पहला मल्टी ब्रांड फोटो बुक शोरूम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सिटी फोटो लैब मल्टी ब्रांड शोरूम, नॉर्थ समाज रोड, एचबी रोड रांची का उद्घाटन अमर कुमार बाउरी, विपक्ष के नेता ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी भी उपस्थित थीं। इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि झारखंड में यह एक अलग तरह का मल्टी ब्रांड फोटो बुक शोरूम है। जहां लोगों को अब सभी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होगी। उन्होंने भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बोलते हुए सिटी फोटो लैब के संचालक सोनू ने कहा की झारखंड का यह पहला मल्टी ब्रांड फोटो बुक शोरूम है, जहां सभी तरह के एल्बम हब के रूप में अलग-अलग कंपनियों के उपलब्ध रहेंगे। अब ग्राहकों को एल्बम बनाने के लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और बड़े शहरों की तरफ नहीं देखना पड़ेगा। अब यह सारी सुविधाएं रांची में भी उपलब्ध होगी।

## भारत 6जी संचार की खोज में बढ़ रहा आगे




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने हाल ही में दुनिया का सबसे तेज 5जी रोलआउट हासिल किया है। भारत संचार क्षितिज पर आगे 6जी या छठी जनरेशन की संचार तकनीक बनाने की दिशा में प्रगति शुरू करने में ग्लोबल टेलीकॉम सेक्टर में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

एक अवधारणा चरण (कॉन्सेप्ट स्टेज) में होने के बावजूद, 6जी संयुक्त मानव-मशीन और मशीन-मशीन कनेक्टिविटी के अपने वादे के साथ पहले से ही धूम मचा रहा है और भविष्य की झलक पेश करता है।

अगली जनरेशन 6जी, 5जी तकनीक पर आधारित होगी। नये संचार ऐप्लिकेशन को बढ़ाने और चलाने के लिए 5जी की तुलना में लगभग 100 गुना तेज गति के साथ अधिक विश्वसनीय, अल्ट्रा-लो विलंबता और किफायती समाधान प्रदान करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2023 में दिल्ली के विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम में नए अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) क्षेत्र कार्यालय और इनोवेशन केंद्र का उद्घाटन किया था। पीएम ने यहां भारत 6जी विजन दस्तावेज का भी अनावरण किया और देश में 6जी आर एंड डी टेस्ट बेड लॉन्च किया।

भारत 6जी विजन दस्तावेज में भारत को 2030 तक 6जी प्रौद्योगिकी के डिजाइन, विकास और तैनाती में अग्रणी योगदानकर्ता बनने की परिकल्पना की गई है। पीएम ने देश में प्रौद्योगिकी अपनाने की तेज गति पर जोर देते हुए कहा था कि भारत में दुनिया के सबसे तेज 5जी रोलआउट के ठीक छह महीने बाद भारत 6जी पर चर्चा कर रहा है।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के सहयोगात्मक प्रयासों के साथ-साथ आईटीयू के 6जी विजन फ्रेमवर्क को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 6जी मानकीकरण को प्राथमिकता देने में भारत के दूरसंचार विभाग के प्रयासों के परिणामस्वरूप 6जी प्रौद्योगिकी के प्रमुख तत्वों के रूप में सर्वव्यापी कनेक्टिविटी, सर्वव्यापी इंटेलिजेंस और स्थिरता को सफलतापूर्वक अपनाया गया है और अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार क्षेत्र में भारत की स्थिति भी बढ़ी है।

## एक नजर

### जिले में चोरी समेत अपराध की घटनाओं में भारी वृद्धि : शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने रविवार को पटेल नगर सुदना स्थित आवास पर आयोजित वार्ता में आरोप लगाया कि जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि के साथ अपराध की दरों में भी इजाफा हो रहा है। इससे नागरिकों में भय व्याप्त है। मंच के केन्द्रीय महासचिव विश्वनाथ राम ने जीएलए कॉलेज के नजदीक स्थित आवास में दिसम्बर माह में लाखों रुपये के सामानों की चोरी के मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किये जाने पर गंभीर चिंता जतायी। नावाबाजार में आभूषण व्यापारियों के दुकानों में चोरी मामले में भी नतीजा सिफर रहा है। शीघ्र ही राज्य के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक से मिलकर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जायेगा।

### मुखिया ने स्कूली बच्चों में किया रागी के लड्डू का वितरण

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में विशेष रूप से आमंत्रित मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने बच्चों के बीच रागी के लड्डू का वितरण किया। मौके पर अधिवक्ता पृथ्वीनाथ पांडेय भी मौजूद थे। इस दौरान मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह खुशी की बात है कि सरकार बच्चों की पढ़ाई के साथ उनके पोषण पर भी ध्यान दे रही है। विद्यालय में इसे ठीक से लागू किया जाना सराहनीय है। प्रधानाध्यापक परशुराम ने कहा कि हर बच्चे का सर्वांगीण विकास उनका हक है। इसके लिए प्रत्येक स्तर पर स्वस्थ सोच व पहल की जरूरत है। आठो सप्ताह इसे लागू करने में रसोईया के अलावे शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर की भूमिका अहम रही है।

### पर्यावरणविद् ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्द्धन

**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के चराई पंचायत में कोस्को क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित मैच का औपचारिक शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने टॉस के उपरांत बैटिंग कर किया। वहीं उन्होंने क्षेत्र में अलग-अलग दो श्राद्धकर्मो में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण भी किया। श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ दिलायी। टूर्नामेंट के संयोजक उपेंद्र कुमार सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। मौके पर क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष संदीप यादव, सचिव गुड्डू पाल, कोषाध्यक्ष चंचल सिंह,पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, राजेंद्र यादव, मिथिलेश यादव, दरोगा सिंह मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री ने समस्याओं की ली जानकारी

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने रविवार को कई गांवों का भ्रमण कर जन समस्याओं की जानकारी हासिल की। उन्होंने ग्रामीणों को यथा संभव समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। गांवों में व्याप्त सड़क और पेयजल जैसी समस्याओं पर उन्होंने गंभीर चिंता जतायी।

# गरीबों की सेवा व क्षेत्र के विकास के लिए हर कुबार्नी देने को हैं तैयार : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

रंका प्रखंड के खपरो पंचायत में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन महाजुटान सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय खपरो परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान महाजुटान कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर ने पंचायत के लगभग 500 वृद्ध एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मंत्री श्री ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर 100 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा।

मौके पर मंत्री ने कहा कि आज पूरे गढ़वा सहित संपूर्ण झारखंड में जिस तरह से जनता का प्यार एवं आशीर्वाद मिल रहा है इससे यह साबित होता है कि झामुमो ही झारखंड एवं झारखंड वासियों की असली की हितैसी पार्टी है। गरीबों की सेवा व क्षेत्र के विकास के लिए हर कुबार्नी देने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में विकास की जो लंबी लकीर खींची है, आने वाले समय में उसे छु पाना किसी दूसरे राजनीतिक दल के लिए संभव नहीं है। मंत्री ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य जन सेवा है। क्षेत्र का विकास एवं जनता की सेवा करके ही उन्हें आत्म संतुष्टि प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि झारखंड बनने के बाद अब तक भाजपा ने सिर्फ छल के बल पर राज्य को लूटने का काम किया है। झामुमो की सरकार बनने के बाद राज्य का खाली खजाना एवं कोरोना महामारी के बावजूद हेमंत सरकार ने पूरे राज्य में चौतरफा विकास किया है। बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि हम गरीबों के सेवा में हमेशा से लगे रहते हैं। मंत्री श्री ठाकुर हार जीत का परवाह किए बिना दिन रात असहाय, वंचितों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों के लिए काम करते रहते हैं। आज गढ़वा जिला पूरे झारखंड में सबसे अग्रणी जिला के रूप में स्थापित हो रहा है जो पूर्व के जन प्रतिनिधियों के गाल पर एक जोरदार तमाचा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मंत्री ने दो वर्ष कोरोना काल को छोड़कर मात्र दो वर्षों में पूरे विधानसभा में जो कार्य किया वह इतिहास रचा जा रहा है। केंद्रीय समिति सदस्य राजकिशोर यादव ने कहा कि मंत्री ने अपने कार्यकाल में यह साबित कर दिया कि वे ही निश्चित रूप से गरीबों का मसीहा एवं जनता का सेवक हैं। सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, संजय सिंह खरवार, रेखा चौबे, शांति देवी, अहमद अली, आशीष गुप्ता, जैनुल्लाह अंसारी आदि ने कहा कि गढ़वा की जनता ने जिस उम्मीद एवं विश्वास के साथ अपना सेवक मंत्री को चुना है वे जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतर रहे हैं।




### 100 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**गढ़वा।** रंका प्रखंड के खपरो में रविवार को आयोजित झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन महाजुटान सह वनभोज कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में आस्था व्यक्त करते हुए एक सौ से अधिक लोगों ने भाजपा व आईएमआईएम छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। सभी लोगो को जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी की ओर से पहनकर माला पहनाकर और सदस्यता रशिद काट कर माटी के पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल किया गया। शामिल होने वालों में मुख्य रूप से सफीउल्लाह अंसारी, मुस्तफा अंसारी, फिरोज अंसारी, मो. सरफराज, यासीन अंसारी, नूर हसन अंसारी, हुसैन अंसारी, मसउवर अंसारी, आफताब आलम, हारुण अंसारी, तौहीद अंसारी, इनाम अंसारी, असगर अंसारी, जुबैर अंसारी, इताज अंसारी, रमेश राम, फौज अहमद, संजय राम, नन्दू नट, हसनैन अंसारी, अकलीम अंसारी, उमर अंसारी, नसीर अंसारी, नबी हुसैन अंसारी, बसीर अंसारी, नूरजहां अंसारी, सलीम अंसारी आदि का नाम शामिल है।

# बालू माफिया ने अवैध रूप से करा डाला सड़क का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

खरौंधी प्रखंड के पिपरा में गुलरिया घाट के समीप शनिवार को अज्ञात बालू माफिया ने रात्रि में सोननदी से अवैध बालू उठाव करने के उद्देश्य से खोखा से पचाडुमार मुख्य पथ से सोननदी तक जेसीबी मशीन से सड़क बनवा दिया है। स्थानीय ग्रामीण ने इसकी सूचना सीओ सुनील कुमार को दिया। सीओ सुनील कुमार ने रविवार को कर्मचारी अमरेंद्र कुमार मेहता तथा अंचल अमीन वसीर अहमद को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। गुलरिया घाट के समीप अवैध बालू उठाव को लेकर सड़क निर्माण कराया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया बालू उठाव को लेकर सरकार शायद इन्हे परमिशन दिया है। इस लिए पूछने पर सड़क निर्माण करवा रहे लोगो ने बताया था कि इस घाट से सरकार का बालू उठाव करने का परमिशन मिल गया है। बहुत जल्द सरकारी दर पर बालू उठाव कर ग्रामीणों को दिया जायेगा।

रविवार की दोपहर में कर्मचारी अमरेंद्र कुमार मेहता तथा अमीन वसीर अहमद दोनो जांच करने पहुंचे थे। जांच में पाया कि किसी अज्ञात लोगो के द्वारा उक्त स्थल पर मुख्य पथ से सोननदी तक जेसीबी मशीन से सड़क बनवाया गया है। कर्मचारी अमरेंद्र कुमार मेहता तथा अमीन वसीर अहमद ने बताया सीओ के निर्देश पर इसकी जांच की गई है। जांच में ग्रामीणों की सूचना सही है। इसकी जांच रिपोर्ट अंचल कार्यालय को देंगे। वही भू स्वामी आशुतोष शरण सिंह ने कहा अज्ञात बालू माफिया लगातार पिछले कई दिनों से अवैध बालू का उठाव कर रहे है। कार्रवाई नहीं होने से बालू माफियां का मनोबल बढ़ा हुआ है। इसकी शिकायत खरौंधी सीओ तथा थाना प्रभारी को दे दिए है। जानकारी के अनुसार गढ़वा जिला ही नही पूरे झारखंड में एक भी बालू घाट से बालू उठाव करने की अनुमति नहीं है। गढ़वा जिला में एक मात्र जेएसएमडीसी का पचाडुमार बालू घाट है। उसे भी बालू उठाव करने की अनुमति नहीं मिली है। इसके बावजूद सोननदी से अवैध बालू उठाव करने के उद्देश्य से सड़क का निर्माण कराया गया है। साथ ही प्रखंड के सोननदी, पंडा नदी तथा डोमनी से बालू माफियां प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर बालू का उठाव कर मोटे दामों में बेचते है। मुखिया प्रतिनिधि सुंडी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अज्ञात लोगों ने मुख्य पथ से सोननदी तक बालू चोरी करने के उद्देश्य से सड़क बनवाया गया है। जिसकी सूचना स्थानीय लोगो ने मुझे दिया है। उक्त स्थान से किसी भी परिस्थिति में बालू का उठाव नही होने देंगे। सड़क को पुनः सोमवार की सुबह भरवा दिया जायेगा। बिससूत्री अध्यक्ष खरौंधी राजेश कुमार रजक कहा कि कई ग्रामीणों ने मुझे इसकी सूचना दिया है। इसके लिए खरौंधी सीओ, थाना प्रभारी तथा खनन पदाधिकारी को इसकी सूचना दूरभाष पर दे दिए है। किसी भी हाल में बालू का उठाव नही होने देंगे। कार्रवाई के लिए सोमवार को खनन पदाधिकारी तथा गढ़वा उपायुक्त को आवेदन देंगे। सीओ खरौंधी सुनील कुमार ने कहा कि लोगों की शिकायत पर इसकी जांच करवाई गई है। किसी ने बालू उठाव करने के उद्देश्य से सड़क का निर्माण करवाया है जो गलत है। भू स्वामी को इसकी जानकारी दे दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।



### अखिल भारतीय वैश्य महासमेलन की हुई बैठक

**चिनिया।** अखिल भारतीय वैश्य महासमेलन गढ़वा इकाई के द्वारा रविवार को चिनिया प्रखंड मुख्यालय स्थित कपिल प्रसाद के आवास पर अध्यक्ष रविंदर जयसवाल के अध्यक्षता में एक बैठक रखा गया, जिसमें प्रखंड स्तर पर संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई उपस्थित सभी लोगों ने अपनी बात को रखे। अध्यक्ष रविंदर जायसवाल ने कहा वैश्य समाज के हक और अधिकार जो मिलना चाहिए। वह नहीं मिल पा रहा है आने वाला समय में वैश्य समाज अपने एकता की ताकत दिखाने के लिए जिला से लेकर प्रखंड से लेकर पंचायत तक संगठन का विस्तार करेंगे और जो वैश्य हीत का बात करेगा उसी को समाज समर्थन देने का काम करेगा। सर्वसम्मति से चिनिया प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद को बनाया गया। सचिव अंबिका प्रसाद कोषाध्यक्ष कृष्णा साह को सर्वसम्मति से बनाया गया। मौके पर उपस्थित प्रदेश मंत्री राजकुमार मदेसिया महामंत्री उमेश कश्यप कार्यकारिणी संजय केसरी कपिल साह राजेश प्रसाद विश्वास प्रसाद अशोक गुप्ता मनोज उपस्थित रहे।

# पाल्हे गांव में हाथी ने मचाया तांडव पांच घरों को किया क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

चिनिया थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव में बीती रात एक हाथि ने जमकर तांडव मचाते हुए पांच घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जबकि खेतों में लगे गेहूं की फसलों को भी हाथि ने भारी नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के द्वारा जिन घरों को क्षतिग्रस्त किया गया है वे काफी ही गरीब परिवार से आते हैं वह हैं और अब उनके सामने एक बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात करीब 11:00 बजे एक हाथी गांव में पहुंचा और गांव के रामधनी सिंह, बबीता देवी, प्रदीप सिंह, रामदास कोरवा, व सूर्यमणि देवी के मिट्टी के खपरैल घर को क्षतिग्रस्त कर दिया, जबकि इंद्रदेव सिंह के खेतों में लगी गेहूं की फसल को हाथी के द्वारा रौंदते हुए उन्हें बर्बाद कर दिया गया। वही उक्त गांव के ग्रामीण हाथी के आतंक से एक तरफ जहां भयभीत है तो वहीं दूसरे तरफ वन विभाग के प्रति अब काफी गुस्से में भी देखे जा रहे हैं, कारण की हाथियों का उत्पात क्षेत्र में आज बीते 4 महीना से जारी है लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग हाथियों को भगाने में नाकामयाब है, व साफ तौर पर कहे तो हाथी को भगाने के लिए विभाग अभी तक कोई भी रुचि नहीं ले रही है जिसका खामियाजा हम गरीब तबके के लोगों को अपने जान माल देकर उठाना पड़ रहा है, और विभाग सिर्फ तमाशा बिन बनी हुई है। विभाग के कर्मचारी सिर्फ पीड़ितों के यहां पहुंचकर आश्वासन के नर्क पर सिर्फ मुआवजा का मरहम लगा रही है लेकिन अभी तक मुआवजे की राशि किसी को भी नसीब नहीं हुआ है। वहीं ग्रामीणों ने पुणह एक बार फिर विभाग से गुहार लगाते हुए हाथियों के झुंड को क्षेत्र से भागने की मांग की है। खबर लिखे जाने तक विभाग के कोई भी कर्मचारी उक्त पीड़ित गांव में नहीं पहुंची थी।



# राष्ट्रीय भारोत्तोलन स्पर्धा में एमकेडीएवी ने जीते दो स्वर्ण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोनीपत हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय भारोत्तलन स्पर्धा में स्थानीय एमकेडीएवी की छात्राओं ने दो स्वर्ण व एक रजत पदक पर कब्जा जमाया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जीएन खान ने बताया कि छात्रा रिया कुमारी ने 17 वर्ष आयु वर्ग के 49 किलोग्राम भार वर्ग तथा प्रिया कुमारी ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि स्वाति रानी ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स एसजीएफआई द्वारा मान्यता प्राप्त है। अतः इन खिलाड़ियों को उच्च शिक्षण संस्थानों एवं नौकरियों में भी स्पोर्ट्स कोटा का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बताते चलें कि तीनों छात्रायें शिक्षिका प्रीति कुमारी के साथ प्रतियोगिता में सहभाग करने के लिये गयी थीं। वापस लौटने पर इन छात्राओं का रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, खेल शिक्षक राजीव कुमार मिश्रा, कला शिक्षक प्रवीर पात्रा एवं कंप्यूटर शिक्षक आनंद कुमार ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

## पेज एक के शेष

### जमशेदपुर सांसद विद्युत बरन ....

पुरस्कार लोकसभा के कार्यकाल के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता के लिए पांच साल में एक बार प्रदान किए जाते हैं।

**इन्हें मिलेगा संसद महारत्न अवार्ड :** संसद रत्न पुरस्कार समिति के अध्यक्ष और प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन के ट्रस्टी सचिव प्रियदर्शनी राहुल ने कहा कि एन के प्रेमचंद्रन (आरएसपी, केरल), अधीर रंजन चौधरी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, पश्चिम बंगाल), विद्युत बरन महतो (भाजपा, झारखंड), और हीना विजयकुमार गावित (भाजपा, महाराष्ट्र) को पूरी 17वीं लोकसभा के लिए संसद महा रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है।

**इन्हें लगातार दूसरी बार मिलेगा महारत्न पुरस्कार :** पिछली 16वीं लोकसभा के संसद महारत्न पुरस्कार विजेताओं सुप्रिया सुले (एनसीपी, महाराष्ट्र), श्रीरंग अप्पा बार्ने (शिवसेना, महाराष्ट्र) और भर्तृहरि महताब (बीजेडी, ओडिशा) को इस साल भी इस पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि सभी पुरस्कार विजेताओं का चयन जूरी समिति द्वारा पारदर्शी तरीके से किया गया है। संसदीय समितियों के महत्व को ध्यान में रखते हुए वर्तमान 17वीं लोकसभा से शुरू होने वाले संसद महा रत्न पुरस्कारों के लिए तीन स्थायी समितियों का भी चयन किया गया है।

**ये हैं तीन समिति :** कृषि समिति, जिसकी अध्यक्षता पी सी गद्दी गौड़र (भाजपा, कर्नाटक) करते हैं। वित्त समिति, जिसकी अध्यक्षता जयंत सिन्हा (भाजपा, झारखंड) करते हैं। परिवहन और पर्यटन समिति, जिसकी अध्यक्षता वर्तमान में विजयसाई रेड्डी (वाईएसआर कांग्रेस, आंध्र प्रदेश) करते हैं।

### भारत और पीएम मोदी पर ...

मंत्रियों द्वारा दिए गए बयानों की आलोचना की है। पार्टी ने कहा, 'एक सरकारी अधिकारी द्वारा एक विदेशी राष्ट्राध्यक्ष के खिलाफ की गई नस्लवादी और अपमानजनक टिप्पणियों की मालदीव नेशनल पार्टी निंदा करती है, यह अस्वीकार्य है। हम सरकार से इसमें शामिल लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने कहा कि मैं सोशल मीडिया पर मालदीव सरकार के मंत्रियों द्वारा भारत के खिलाफ इस्तेमाल की जा रही घृणास्पद भाषा की निंदा करता हूं। मालदीव के एक अन्य पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने मरियम शिउना की टिप्पणी की निंदा की। साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से सरकार को टिप्पणियों से दूर रखने का आग्रह किया। मोहम्मद नशीद ने कहा कि भारत मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि में अहम भागीदार है।

### प्रतिबिंब पोर्टल के जरिए पिछले ...

फीसदी से अधिक की गिरावट आयी है। दिसम्बर के पहले हफ्ते में झारखंड से कुल 31,228 साइबर अपराध रिपोर्ट हुए थे जबकि 28 दिसम्बर से तीन जनवरी के सप्ताह में कुल 24,264 साइबर अपराध ही रिपोर्ट हुए। प्रतिबिंब पोर्टल को केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इंडियन साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) ने तैयार किया है और इसकी मदद से किसी इलाके में सक्रिय साइबर अपराधियों की रियल टाइम जानकारी उस क्षेत्र के एसपी और थाना प्रभारी को मिल जाती है।

### टीपीसी सब जोनल कमांडर आदेश...

का पर्याय बना हुआ था। ये सभी उग्रवादियों द्वारा टंडवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया रेलवे पुल निर्माण कंपनी में लगे पोकलेन मशीन को आग लगाने की घटना में शामिल था। इसके आनंद एंड सिरा कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर पानी टैंकर में आग लगाने और कर्मचारियों के साथ मारपीट करने की घटना में भी शामिल था।

### भारत की ताकत बनते...

तक 626 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जिससे 3.42 लाख भारतीयों की मदद की गई। वर्ष 2023 में इस्राइल और हमास के बीच जारी खूनी संघर्ष में इस्राइल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने 'ऑपरेशन अजय' चलाया है। जब वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था, तब 'ऑपरेशन गंगा' के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाया गया था। लेकिन अभी भी भारत को अपने प्रवासियों के दुख-दर्द कम करने में और अधिक सहयोग किए जाने की आवश्यकता है। खाड़ी देशों में भारतीय कामगार बड़ी संख्या में हैं, पर ऐसे भारतीयों की संख्या बढ़ती जा रही है, जो झूठी प्लेसमेंट एजेंसियों, गलत लोगों या संस्थाओं के हाथ लगकर दुर्दशा के शिकार हो गए हैं। हाल ही में केंद्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि 33 हजार से अधिक भारतीय कामगार खाड़ी के देशों में गुलामों की तरह रहने को मजबूर हैं। विदेश मंत्रालय को मार्च, 2021 से वर्ष 2023 के बीच अरब देशों से छह शिकायतें मिली हैं। यद्यपि भारत सरकार ने इन शिकायतों पर संबंधित देशों की सरकारों से दखल देने को कहा है, पर इस दिशा में केंद्र की और अधिक सक्रियता और जाली प्लेसमेंट एजेंसियों पर रोक जरूरी है। नए वर्ष 2024 में प्रवासियों के साथ स्नेह व सहभागिता के नए अध्याय लिखे जाएं तो प्रवासी भारतीय अपने ज्ञान व कौशल की शक्ति से भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने, वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे।

### 2024 लोकसभा चुनाव के ...

व राज्य की सरकारों ने पूरे देश के हर गांव तक पहुंचने के लिए अक्षत योजना से लगायत, 140 करोड़ लोगों को आमंत्रित करने, इस अवसर पर हर घर व मंदिर में दीपक जलाने,आरती करने का अभियान शुरू कर दिया है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश भर से लोगों को अयोध्या लाने के लिए 403 शहरों से 72 ट्रेनें चलाने की तैयारी है। इस तरह से पूरा माहौल वाया राममय, भाजपामय बना देने का है। इसके बाद फरवरी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) द्वारा किया गया काशी के ज्ञानवापी मस्जिद (मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने का आरोप) की सर्वे रिपोर्ट जो वाराणसी जिला न्यायालय में जमा है, उसको कोर्ट फरवरी में सार्वजनिक कर सकती है( अभी एएसआई के अनुरोध पर चार सप्ताह तक पाबंदी है)। उसके बाद काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मुद्दे की भी जनता में चर्चा होने लगेगी।लोग शिवमय होने लगेंगे। इस माहौल में यदि लोकसभा चुनाव के साथ झारखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश , सिक्किम विधानसभाओं के भी चुनाव करा दिये जाते हैं, तो भाजपा को बहुत लाभ होगा। यह हो गया तो बचे राज्यों में विधानसभा चुनाव 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ कराया जा सकता है।

## आक्रोश : निर्माण समिति ने किया सांसद आवास के घेराव का एलान, बनायी रणनीति

# तूल पकड़ रहा सुआ में रेलवे अंडर पास के निर्माण का मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय सुआ पंचायत के बिनहुआ टोले में रेलवे अंडर पास निर्माण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाकपा के नेतृत्व में लामबंद ग्रामीणों ने अंडर पास निर्माण के लिये आगामी 21 जनवरी को पलामू सांसद के आवास का घेराव करने का एलान किया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, सदर उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो, उमेश सिंह चेरो आदि की मौजूदगी में बिनहुआ टोला स्थित रेल पटरी क्रॉसिंग के पास आयोजित बैठक में इसका निर्णय लिया गया। जिला सचिव श्री तिवारी ने आरोप लगाया कि बिनहुआ टोले के पास रेल पदाधिकारियों द्वारा बगैर समुचित ध्यान दिये सर्वे के रोड में ही रेल लाइन बिछा दिया गया है। जबकि उक्त स्थल से होकर सुआ, कौड़िया, भूसही, लहसुनिया, परिहिया टोला, बखरी लाली माटी टोला, डीटीएस टोला,नवका अहरा, निराला टोला, सरजा,पोलपोल सहित दर्जनों गांव के हजारों लोगों का माल मवेशी के साथ प्रतिदिन आवागमन होता है। पिछले वर्ष क्रासिंग पार करते समय आदिम जनजाति के एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मृत्यु भी हो गयी थी। फिर भी रेलवे प्रशासन के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पिछले दिनों डालटनगंज रेलवे स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से धनबाद मंडल के डीआरएम को भी पत्र भेजा जा चुका है। मौके पर सुरेश चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, दिनेश राम,करीमन पासवान, दिलदार सिंह, हृदय सिंह, विलास माझी, संतोष सिंह, राजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, रवि पासवान, रामलखन सिंह, अरुण कुमार यादव मौजूद थे।






## एक नजर

### ओडीएफ और स्टार रेटिंग में मध्यप्रदेश ने फिर फहराया परचम

**भोपाल।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणामों की अधिकृत घोषणा की गई है। इसके अनुसार राज्य के इंदौर, भोपाल, महू कैंट, अमरकंटक, नौरोजाबाद एवं बुधनी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य के रूप में मध्यप्रदेश को भी सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली में 11 जनवरी को सम्मानित करेंगी। यह जानकारी रविवार को जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने दी। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात जारी स्वच्छ सर्वेक्षण परिणामों में खुले में शौच से मुक्त ओडीएफ और कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग के परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। इन परिणामों के अनुसार मध्यप्रदेश के शहरों ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में मध्यप्रदेश के 378 शहरों ने भाग लिया था।

### हवाई हमले में आईएस के 4 आतंकी इराक में मारे गए

**बगदाद।** इराक के दियाला प्रांत में हवाई हमलों में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के चार आतंकवादी मारे गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इराकी ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध एक मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल के मुताबिक, खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए इराकी युद्धक विमानों ने शनिवार देर रात बगदाद से लगभग 90 किमी उत्तर पूर्व में हौध अल-वक्फ क्षेत्र में आईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किए। इराकी सेना ने कहा कि रविवार को सुरक्षाबलों की एक टीम को बमबारी वाले ठिकानों की तलाशी के लिए भेजा गया।

### इजराइल के हमले में छः फिलिस्तीनियों की मौत

**जेनिन।** इजराइल की सेना का फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के खिलाफ अभियान जारी है। इजराइल की सेना ने शनिवार पूरी रात वेस्ट बैंक के जेनिन शरणार्थी शिविर में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस कार्रवाई में छह फिलिस्तीनी मारे गए। इस दौरान इजराइल की सेना का एक वाहन सड़क किनारे लगाए गए विस्फोटक की चपेट में आ गया। इससे चार जवान घायल हो गए। समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान घायल चार जवानों में से दो की हालत नाजुक है। एक संयुक्त बयान में इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) और पुलिस ने कहा है कि सेना के वाहन आतंकवाद विरोधी अभियान के लिए जेनिन में दाखिल हो रहे थे, तभी सड़क के किनारे लगाए गए एक विस्फोटक उपकरण ने सीमा पुलिस के वाहन को टक्कर मार दी।

### मतदान केंद्र के पास देशी बम विस्फोट में चार घायल

**ढाका।** स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका के पास हजारीबाग में एक मतदान केंद्र के पास अज्ञात लोगों ने दो देशी बम विस्फोट किए, इसमें एक बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, घायलों की पहचान 55 वर्षीय अमीर हुसैन, 50 वर्षीय मकसूदा बेगम, 50 वर्षीय बादल अहमद और उनके 8 वर्षीय बेटे तनवीर अहमद के रूप में हुई है। घायलों को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।

## वायरल हो रहे भगवान श्री राम और अयोध्या को समर्पित गीत

# प्रधानमंत्री मोदी बोले- 'राममय हुआ देश'

**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या में प्रभु राम 22 जनवरी को विराजमान होने वाले हैं और उनके स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। राम मंदिर के उद्घाटन के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के लोगों से दिवाली मनाने की अपील की है। इस समारोह में बॉलीवुड सेलेब्रिटीज को भी आमंत्रित किया गया है। राम मंदिर के भव्य उद्घाटन का उत्साह म्यूजिक इंडस्ट्री में भी दिखाई दे रहा है। भगवान राम और अयोध्या में मंदिर को समर्पित कई गीत रिलीज किये गये हैं, जिनमें से कुछ प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) एकाउंट से साझा भी किया है। इन गीतों को लोकप्रिय गायकों ने आवाज दी है।



### जय श्री राम- हंसराज रघुवंशी

हंसराज रघुवंशी एक गायक, संगीतकार और लेखक हैं, जो अपने भक्ति गीतों के लिए जाने जाते हैं। उन्हें 2019 में प्रसिद्धि तब मिली जब उनका गीत मेरा भोला है भंडारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोकप्रिय हो गया। इस गीत को 14 मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। नरेंद्र मोदी ने हंसराज का भजन 'जय श्री राम' भी शेयर किया है और भक्तों से इसे सुनने का आग्रह किया।

**पीएम ने लिखा :** अयोध्या में प्रभु श्री राम के स्वागत को लेकर पूरा देश राममय है। राम लला की भक्ति में डूबे भक्तजन इस शुभ दिन के लिए तरह-तरह से अपनी भावनाएं प्रकट कर रहे हैं। भगवान श्री राम को समर्पित हंसराज रघुवंशी जी का ये भजन सुनिए।

### मेरे घर राम आये हैं - जुबिन नौटियल

जुबिन नौटियाल ने 'मेरे घर राम आए हैं' गीत गाया है। इसे पायल देव ने संगीत से सजाया है और इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। इस गीत को 55 मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। यूट्यूब पर अब तक इस गीत को एक करोड़ से ज्यादा लोग देख चुके हैं।

**पीएम मोदी ने इसे साझा करते हुए लिखा :** भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर अयोध्या के साथ-साथ पूरा देश राममय हो रहा है। राम लला की भक्ति से ओतप्रोत जुबिन नौटियाल जी, पायल देव जी और मनोज मुंतशिर जी का यह स्वागत भजन दिल को छू लेने वाला है।



### राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी- स्वाति मिश्रा

बिहार की बेटी स्वाति मिश्रा की आवाज में 'राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी' गीत भी काफी लोकप्रिय हो रहा है। यू-ट्यूब पर इसे 45 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है। इस गीत को भी पीएम नरेंद्र मोदी ने भी पसंद किया, साथ ही उन्होंने इसे एक्स पर शेयर भी किया। **वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा :** श्री राम लला के स्वागत में स्वाति मिश्रा जी का भक्ति से भरा यह भजन मंत्रमुग्ध करने वाला है।

### जय श्री राम- दिव्य कुमार



दिव्य कुमार की आवाज में जी म्यूजिक कम्पनी ने जय श्री राम गीत रिलीज किया है, जिसे विष्णु शर्मा ने लिखा है और अनु मलिक ने संगीतबद्ध किया है। इस गीत को 1.4 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। भगवान राम और अयोध्या मंदिर निर्माण को लेकर भजन-गीतों को रचने का सिलसिला पिछले कुछ महीनों से चल रहा है। यू-ट्यूब पर ऐसे कई गीत हैं, जिनमें अयोध्या राम मंदिर का उल्लास झलक रहा है। इन गीतों को स्वतंत्र गायकों और कलाकारों ने आवाज दी है।

### नगरी हो अयोध्या सी- प्रकाश गांधी



प्रकाश गांधी द्वारा गाया गया ये भजन साल 2023 का है और ये भजन लोगों की जुबान पर चढ़ गया है। लगभग 11 महीने पहले यू-ट्यूब पर अपलोड हुए इस भजन को 16 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं।



### मेरे सरकार आए हैं - राज प्रतीक

राज प्रतीक की आवाज में गाया हुआ भजन 'मेरे सरकार आए हैं' अयोध्या में राम जी के स्वागत के लिए एक दम फिट बैठता है। इस भजन का संगीत 'शशिकांत चौबे' ने दिया है। इस गीत को 8 मिलियन से अधिक व्यूज मिल चुके हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिर शेयर किया गीताबेन रबारी का गाना- 'श्री राम घर आए'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात की मशहूर गायिका गीता रबारी के गाने 'श्री राम घर आए' को ट्वीट किया है। पीएम मोदी ने लिखा है कि अयोध्या में प्रभु श्री राम के दिव्य-भव्य मंदिर में राम लला के आगमन का इंतजार खत्म होने वाला है। देशभर के मेरे परिवारजनों को उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की बेसब्री से प्रतीक्षा है। उनके स्वागत में गीताबेन रबारी जी का ये भजन भावविभोर करने वाला है। यह दूसरा मौका है जब गुजरात की गायिका रबारी के गीत की प्रशंसा पीएम मोदी ने की है। इससे पहले जी 20 समिट में भी गीता रबारी ने अपनी प्रस्तुति दी थी।




## 7 सुरक्षा एजेंसियों के लगे कैंप, तलाशी में जुटीं 15 टीमें, प्राण प्रतिष्ठा के दिन होंगे 30,000 जवान

22 जनवरी को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। स्टेट एजेंसियों के अलावा केंद्र की एजेंसियों ने भी जिले में कैंप किया है। 15 टीमें विभिन्न इलाकों में छानबीन करके इनपुट तलाश रही हैं। वहीं, श्रीराम मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा कमांडो के हवाले किया गया है। रामनगरी में लगभग 30,000 जवान तैनात किए जा रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में आईबी,



एलआईयू, एटीएस, एसटीएफ, मिलिट्री इंटेलिजेंस समेत सात सुरक्षा एजेंसियों ने प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व ही कैंप किया है। खुफिया जानकारी जुटा रही टीमों में एक डिप्टी एसपी, एक निरीक्षक व छह-छह सिपाही लगे हैं। इन्हें मोबाइल ट्रैकिंग सिस्टम समेत तमाम आधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है। अयोध्या में होने वाली तमाम संभावित गतिविधियों पर उनकी नजर है।

**हवाई अड्डे पर तैनात जवान आतंकी खतरों से निपटने में सक्षम :** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की सुरक्षा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल की छठवीं वाहिनी को सौंपी गई है। ये जवान आतंकी खतरों से निपटने की क्षमता रखते हैं। यहां तीन इंस्पेक्टर, 55 उप निरीक्षक, 22 मुख्य आरक्षी और 194 आरक्षी लगाए गए हैं। सुरक्षा बलों की कुल संख्या 294 है। इन्हें वॉच टावर के साथ सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया है।

**अलग-अलग सेक्टरों में बांटा :** एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि रामनगरी को सेक्टरों में बांटा गया है। इसके लिए लगभग 100 डिप्टी एसपी, 300 निरीक्षक, 800 उपनिरीक्षक और 4500 मुख्य आरक्षी/आरक्षी की मांग की गई है। 20 कंपनी पीएसी भी तैनात रहेगी।

**दो दिन नहीं गुरजेंगे भारी वाहन :** 21 और 22 जनवरी को भारी वाहन इधर से नहीं जाएंगे। छोटे वाहनों के लिए अलग से व्यवस्था होगी। आमंत्रित अतिथियों के लिए बेहतर व्यवस्था रहेगी। पार्किंग स्थलों पर कैमरे लगाए जा रहे हैं। राम मंदिर की सुरक्षा का नया प्लान लागू किया जा रहा है। बिना अनुमति इस क्षेत्र में ड्रोन नहीं उड़ाए जा सकेंगे। श्रद्धालुओं से बेहतर व्यवहार के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है।



भीड़ में अराजकता फैलाने वाले लोग अभी से चिह्नित किए जा रहे हैं। खुफिया के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से निगरानी की व्यवस्था की जा रही है।

**प्रवीण कुमार, आईजी, अयोध्या**

## बीएनपी ने हार के डर से राष्ट्रीय चुनावों का बहिष्कार किया : असदुज्जमां खान

**एजेंसी। ढाका**


बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने हार के डर से राष्ट्रीय चुनावों का बहिष्कार किया है। ढाका के मोनीपुरीपारा इंग्लिश मीडियम स्कूल में अपना वोट डालने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, खान ने कहाः बीएनपी ने विभिन्न बहानों के साथ चुनाव का बहिष्कार करने की रणनीति अपनाई है। उन्होंने 2018 के चुनाव में भाग लिया और कुछ संसदीय सीटें हासिल कीं, लेकिन इस साल यह जानते हुए कि वे हार जायेंगे, उन्होंने चुनाव में भाग नहीं लिया। ढाका ट्रिब्यून ने खान के हवाले से कहा, बीएनपी लोगों की हत्या और आगजनी में शामिल है। देश में 12वीं संसदीय चुनाव के लिए मतदान जारी है, जहां छिटपुट हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, अवामी लीग के नेता जिल्लुर रहमान रविवार की सुबह मुंशीगंज में एक मतदान केंद्र के पास मृत पाए गए। इससे पहले दिन में, चट्टोग्राम शहर के चंदगांव इलाके में विपक्षी बीएनपी के लोगों और पुलिस के बीच झड़प हुई। ढाका के पास हजारीबाग में एक मतदान केंद्र के पास अज्ञात लोगों द्वारा दो देशी बम विस्फोट किए जाने से एक बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए।



## 22 वर्षों बाद पहली बार यूके की यात्रा पर जाएंगे भारतीय रक्षा मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज यूनाइटेड किंगडम (यूके) के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। उनके साथ रक्षा मंत्रालय का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल होगा, जिसमें रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), सेवा मुख्यालय, रक्षा विभाग और रक्षा उत्पादन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। राजनाथ सिंह का यूके का दौरा कई मायने में खास होगा, क्योंकि 22 वर्षों में यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की पहली यात्रा होगी। अपने दौरे के दौरान रक्षा मंत्री यूनाइटेड किंगडम के रक्षा राज्य सचिव ग्रांट शाप्स के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। उनसे रक्षा, सुरक्षा और औद्योगिक सहयोग के व्यापक विषयों पर चर्चा होने की आशा है।



राजनाथ सिंह के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात करने और विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास मामलों के राज्य सचिव डेविड कैमरन के साथ बैठक करने की भी उम्मीद है। वह यूनाइटेड किंगडम रक्षा उद्योग के सीईओ और उद्योग जगत के नेतृत्व के साथ भी बातचीत करेंगे, जिससे ब्रिटेन और भारत के बीच रिश्तों को मजबूती मिलेगी। वह वहां भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपनी यूके यात्रा के दौरान हथियार निर्माण स्थलों में से एक का दौरा कर सकते हैं।

बातचीत के दौरान रक्षा क्षेत्र में केंद्र सरकार के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत एजेंडे के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। इस बैठक में सैन्य सहयोग और रक्षा औद्योगिक साझेदारी को गहन करने की कोशिश की जाएगी। इससे पहले जून, 2022 में राजनाथ सिंह की ब्रिटेन यात्रा प्रोटोकॉल कारणों से रद्द कर दी गई थी। पिछले 22 वर्षों में भारत के रक्षा मंत्री की यूके की यह पहली यात्रा है। इससे पहले 22 जनवरी 2002 को तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस लंदन दौरे पर गए थे। इस लिहाज से राजनाथ सिंह की यह यात्रा खास मानी जा रही हैं।

## मुख्यमंत्री शिंदे ने उद्धव ठाकरे को बताया 'विकास विरोधी'



**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की आलोचना करते हुए कहा कि वह (ठाकरे) विकास विरोधी हैं। शिंदे ने एक सवाल का जवाब देते हुए अपने पूर्ववर्ती का नाम लिए बिना संवाददाताओं से कहा, वह (ठाकरे) ढाई साल तक घर पर बैठे रहे और केवल दिखावा किया। दक्षिण मुंबई के कुछ हिस्सों में गहन सफाई अभियान में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, लेकिन हम वास्तव में विकास कर रहे हैं और इस शहर की सफाई कर रहे हैं। वह (ठाकरे) विकास विरोधी हैं और मैं उनकी (सरकार की) आलोचना पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। शिंदे ने कहा, उन्होंने (ठाकरे) मुंबई में आरे भूमि पर मेट्रो, मेट्रो लाइनों के निर्माण का विरोध किया और यहां तक कि समृद्धि राजमार्ग (मुंबई और नागपुर को जोड़ने वाले) के निर्माण को धीमा करने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि क्या उन्हें हम पर उंगली उठाने का नैतिक अधिकार भी है?

**चुनौती** विमान ने गरुड़ फोर्स के साथ रात्रि लैंडिंग करके रचा इतिहास

## कारगिल हवाई पट्टी पर उतरा सी-130जे विमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार चीन और पाकिस्तान से लगी विभिन्न हवाई पट्टियों को सामरिक दृष्टिकोण से कई तरीकों से उपयोग के लिए अपग्रेड कर रही है। इसी क्रम में भारतीय वायु सेना के सामरिक परिवहन विमान सी-130जे ने पहली बार कारगिल हवाई पट्टी पर गरुड़ फोर्स के साथ रात्रि लैंडिंग की। दुर्जेय हिमालयी परिदृश्य में यह हवाई पट्टी 8,800 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित है, जो विमान चालकों के लिए अद्वितीय चुनौतियां पेश करती है। भारतीय वायुसेना ने इस उपलब्धि के महत्व पर रात्रि लैंडिंग का एक वीडियो साझा करने के साथ ही बयान में कहा, पहली बार परिवहन विमान सी-130जे ने कारगिल हवाई पट्टी पर एक रात की लैंडिंग की। रास्ते में इलाके को ढंकते हुए इस अभ्यास



ने गरुड़ के प्रशिक्षण मिशन को भी पूरा किया। हालांकि, प्रशिक्षण मिशन के बारे में विशिष्ट विवरण का खुलासा नहीं किया गया, लेकिन यह भारतीय वायुसेना की उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल है। यह सफल रात्रि लैंडिंग न केवल वायु सेना की सावधानीपूर्वक योजना को दर्शाती है, बल्कि इसके पायलटों की विशेषज्ञता को भी उजागर करती है।

पिछले वर्ष नवंबर में वायु सेना ने उत्तराखंड में एक अल्पविकसित और चुनौतीपूर्ण हवाई पट्टी पर दो लॉकहीड मार्टिन सुपर हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमानों को सफलतापूर्वक उतारकर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया था। प्रतिकूल मौसम की स्थिति में संचालित इस मिशन का उद्देश्य एक निर्माणाधीन पहाड़ी सुरंग में बचाव कार्यों के लिए भारी इंजीनियरिंग उपकरण पहुंचाना था। वायु सेना की हालिया उपलब्धि सीमाओं पर परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने और विविध परिदृश्यों को अपनाने की भारतीय वायुसेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

इस हवाई अड्डे का निर्माण 1996 में जम्मू और कश्मीर राज्य सरकार ने नागरिक संचालन के लिए किया था। बाद में इसे भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) को पट्टे पर दिया गया था। भारत-पाक के बीच 1999 में कारगिल अघोषित युद्ध स्थल के रूप में प्रमुखता से उभरा और यह हवाईअड्डा पाकिस्तानी बलों की गोलाबारी के दायरे में होने से संवेदनशील था।


एएआई ने इसे 350 मिलियन रुपये की लागत से बनाया था, लेकिन कारगिल युद्ध के दौरान क्षतिग्रस्त होने के बाद 2003 में इसका परिचालन नियंत्रण और रखरखाव भारतीय वायु सेना को हस्तांतरित कर दिया था। वायु सेना यहीं से अपने एएन-32 विमान को एयर कूरियर सेवा के लिए संचालित करती है, जो कठोर सर्दियों के मौसम में नागरिकों को कारगिल से श्रीनगर और जम्मू तक पहुंचाती है।

## 9 को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को जम्मू का दौरा करेंगे और इस दौरान वह विकास संबंधी कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा शहर में ई-बस सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। पुंछ में 21 दिसंबर को आतंकवादियों द्वारा सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में पांच सैनिकों की मौत और दो अन्य के घायल होने के बाद शाह की यह जम्मू-कश्मीर की पहली यात्रा होगी। हमले में एक दिन बाद पुंछ जिले में घटनास्थल से कुछ दूरी पर तीन नागरिकों के शव पाए गए, जिससे आक्रोश फैल गया। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि गृह मंत्री नौ जनवरी को जम्मू का दौरा करेंगे और इस दौरान वह जम्मू-कश्मीर के व्यापक विकास पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्री विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित करेंगे।

फिल्म जगत

## फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में मारिया की अलग है दुनिया : कैटरीना कैफ




**फिल्म** 'टाइगर-3' की सफलता के बाद एक्ट्रेस कैटरीना कैफ जल्द ही थ्रिलर फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में नजर आएंगी। श्रीराम राघवन की निर्देशित इस फिल्म में साउथ अभिनेता विजय सेतुपति भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म दो युवाओं की कहानी है, जो क्रिसमस की पूर्व संध्या पर मिलते हैं। फिल्म में समस के दिन इन दो युवाओं की पूरी दुनिया उनके अतीत की रहस्यमय घटनाओं के कारण बदल जाती है। फिल्म में कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति के साथ-साथ संजय कपूर, राधिका आप्टे, विनय पाठक, टीनू आनंद भी मुख्य भूमिका में हैं। यह 2024 में रिलीज होने वाली पहली हिंदी फिल्म है और यह 12 जनवरी को रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म 'मेरी क्रिसमस' को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कैटरीना ने फिल्म 'मेरी क्रिसमस' के बारे में बात की। फि ल्म चुनते समय आप क्या सावधानी बरतते हैं? इस सवाल का जवाब देते हुए कैटरीना ने कहा, 'फिल्म चुनते वक्त मैं उसके डायरेक्टर को प्राथमिकता देती हूं। मुझे लगता है कि किसी भी अभिनेता के लिए एक बेहतरीन कथानक वाली फिल्म में काम करना बहुत बड़ी बात है। साथ ही निदेशक जहाज का कप्तान भी होता है। तो फिल्म कैसी बनेगी ये एक्टर्स पर नहीं बल्कि डायरेक्टर पर निर्भर करता है। कुछ फिल्में सिर्फ मनोरंजन होती हैं, जबकि कुछ फिल्में रियलिटी शो होती हैं।